राजस्थान में हिन्दी के हस्त लिखित ग्रन्थों की खोज

(चतुर्थ भाग)

लेखकः-

अगरचन्द नाहटा

साहित्य-संस्थान

राजस्थान विश्व विद्यापीठ

उदयपुर (राजस्थान)

प्रथम संस्करण] सन् १९५४ [मूल्य ५)

प्रकाशकीय निवेदन

राजस्थान में प्राचीन साहित्य, लोक साहित्य, इतिहास एवं कला विषयक प्रचुर सामग्री यत्र-तत्र बिखरी हुई है। आवश्यकता है, उसे खोज कर संग्रह और संपादित करने की। राजस्थान विश्व विद्यापीठ (तत्कालीन हिन्दी विद्यापीठ) उदयपुर ने इस आवश्यकता को अनिवार्य अनुभव कर विक्रम सं० १९९८ में "साहित्य-संस्थान" (उस समय प्राचीन साहित्य शोध संस्थान) की स्थापना की और एक योजना बनाकर राजस्थान की इस साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक निधि को एकत्रित करने का काम हाथ में लिया। योजना के अनुसार "साहित्य-संस्थान" के अंतर्गत विभिन्न प्रवृत्तियाँ निम्न छः स्वतन्त्र विभागों में विकसित हो रही हैं:— (१) प्राचीन साहित्य विभाग, (२) लोक साहित्य विभाग, (३) पुरातत्व विभाग, (४) नव साहित्य-सृजन विभाग, (५) अध्ययन गृह और संग्रहालय विभाग एवं, (६) सामान्य विभाग।

१-'साहित्य-संस्थान' द्वारा सर्व प्रथम राजस्थान में यत्र तत्र बिखरे हुए हस्त-लिखित हिन्दी के ग्रंथों की खोज और संग्रह का काम प्रारंभ किया गया। प्रारंभ में विद्वानों को इस प्रकार के ग्रंथालयों को देखने में बड़ी कठिनाइयां उठानी पड़ी। राजकीय पुस्तकालय, जागीरदारों के ऐसे संग्रहालय एवं जहाँ भी ऐसी पुस्तकें थीं, देखने नहीं दी जाती थी, धीरे २ इसके लिये वातावरण बनाकर काम कराया जाने लगा। सबसे पहले साहित्य-संस्थान ने पं० मोतीलालजी मेनारिया द्वारा सम्पादित "राजस्थान में हिन्दी के हस्त लिखित ग्रन्थों की खोज प्रथम भाग, प्रकाशित कराया और उसके बाद बीकानेर के प्रसिद्ध विद्वान श्री अगरचंद नाहटा द्वारा सम्पादित उक्त ग्रन्थ का दूसरा भाग छपवाया, तथा श्री उदयसिंहजी भटनागर से तृतीय

भाग सम्पादित करा प्रकाशित कराया, एवं प्रस्तुत चतुर्थ भाग श्री अगरचन्दजी द्वारा संपादित किया गया और संस्थान द्वारा प्रकाशित करवाया है; जो आपके हाथ में है। इसी प्रकार पांचवा और छठा भाग भी क्रमशः श्री नाथूलालजी व्यास एवं श्री डॉ० भोलाशङ्करजी व्यास द्वारा सम्पादित किये जा चुके हैं। इनका प्रकाशन शीघ्र ही किया जाने वाला है।

प्राचीन साहित्य विभाग में हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज के अतिरिक्त १८००० राजस्थानी प्राचीन चारण गीत विभिन्न विषयों के एकत्रित किये जा चुके हैं।

२-लोक साहित्य विभाग द्वारा हजारों कहावतें, लोक गीत, मुहावरे, लोक-कहानियां, बात-ख्यात, पहेलियाँ, बैठकों के गीत आदि संग्रह किये जा चुके हैं। पं० लक्ष्मीलालजी जोशी द्वारा सम्पादित-मेवाड़ी कहावतें, श्रीरतनलालजी मेहता द्वारा सम्पादित मालवी कहावतें पुस्तक रूप में प्रकाशित की जा चुकी है। लोक साहित्य के अंतर्गत श्री जोधसिंहजी मेहता द्वारा सम्पादित 'आदि निवासी भील" भी पुस्तक रूप में प्रकाशित हो चुकी है तथा "भीलों की कहावतें एवं भीलों के गीत भी इसी विभाग के अंतर्गत प्रकाशित किये जा चुके हैं। "भीलों के गीत" नामक दो पुस्तकें, लोक वार्ताओं के दो संग्रह प्रेस कॉपी के रूप में तैयार हैं। आर्थिक सुविधा होते ही इन्हें प्रकाशित करा दिया जायगा।

३-पुरातत्व विभाग के अन्तर्गत पट्टे, परवाने, ताम्रपत्र, और ऐतिहासिक महत्व के अन्य कागज पत्रों का संग्रह किया जाता है। प्राचीन मूर्तियाँ, सिक्के, शिलालेख, चित्र तथा अन्य कलाकृतियाँ एकत्रित की जाती हैं। इनमें अच्छी सामग्री एकत्रित कर ली गई हैं।

४-नव साहित्य-सृजन विभाग से अब तक तीन पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। पं० जनार्दनरायजी नागर द्वारा लिखित "आचार्य चाणक्य" नाटक, पंडित कन्हैयालाल ओझा द्वारा रचित "तुलसीदास" ब्रजभाषा काव्य, एवं श्री हुक्मराज मेहता द्वारा लिखी गई "नया चीन" आदि पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अन्य महत्व पूर्ण पुस्तकें अधिकारी विद्वानों द्वारा लिखवाई जा रही हैं।

५-अध्ययन गृह और संग्रहालय विभाग में अबतक १२०० हस्तलिखित महत्व-पूर्ण पुस्तकें एवं २२०० मुद्रित ग्रन्थ एकत्रित किये जा चुके हैं। यह धीरे २ एक विशाल संग्रहालय का रूप ले सकेगा ऐसी आशा है।

६-सामान्य विभाग के अंतर्गत राजस्थानी के प्रसिद्ध महाकवि श्री सूर्यमल्ल की स्मृति में "सूर्यमल आसन" और राजस्थान के सुप्रसिद्ध इतिहासज्ञ तथा पुरातत्ववेत्ता स्व० डॉ० गौरीशङ्कर हीराचंद ओझा की पुण्य स्मृति में "ओझा आसन" स्थापित किये गये हैं। इन आसनों से प्रति वर्ष सम्बन्धित विषयों पर अधिकारी विद्वानों के तीन भाषण समायोजित किये जाते हैं और उन्हें पुस्तकाकार प्रकाशित किया जाता है। सूर्यमल आसन से अब तक डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, नरोत्तमदास स्वामी, अगरचंद नाहटा, तथा रा० ब० राम देवजी चोखानी के भाषण कराये जा चुके हैं, और डॉ० चाटुर्ज्या के भाषणों की "राजस्थानी भाषा" नामक पुस्तक 'संस्थान' से प्रकाशित हो चुकी है।

'ओझा आसन' से प्रसिद्ध इतिहास वेत्ता सीतामऊ के महाराज कुमार डॉ० रघुवीरसिंह जी के तीन भाषण 'पूर्व आधुनिक राजस्थान' विषय पर हो चुके हैं और यह पुस्तक प्रकाशित की जा चुकी है। दूसरे अभिभाषक डॉ० दशरथ शर्मा थे; जिनके भाषण शीघ्र ही प्रकाशित होने वाले हैं। श्री ओझाजी द्वारा लिखित निबन्ध भी "ओझा निबन्ध संग्रह" भाग १, २, ३, ४, प्रकाशित कर दिये हैं।

साहित्य-संस्थान से शोध सम्बन्धी एक त्रैमासिक "शोध-पत्रिक" श्री डॉ० रघुवीरसिंह जी, श्री अगरचंद नाहटा, श्री कन्हैयालाल सहल, एवं श्री गिरिधारीलाल शर्मा के सम्पादन में प्रकाशित होती है। हिन्दी के समस्त शोध-विद्वानों का सहयोग इस पत्रिका को प्राप्त है, इसलिये यह शोध जगत में अपना महत्व पूर्ण स्थान बना चुकी है।

इस प्रकार साहित्य-संस्थान अपनी बहुमुखी कार्य योजना द्वारा राजस्थान के बिखरे हुए साहित्य को एकत्रित कर प्रकाश में लाने का नम्र प्रयत्न कर रहा है लेकिन यह काम इतना व्यय और परिश्रम साध्य है कि कोई एक संस्था इसे पूरा करना चाहे तो असम्भव है। हमारे देश की प्राचीन साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परम्पराओं तथा चिन्तन स्रोतों को सदैव गतिशील एवं अमर बनाये रखना है तो इस काम को निरन्तर आगे बढ़ाना होगा। देश के धनिमानी सेठ-साहुकारों, राजा-महाराजाओं, जागीर दारों तथा जमीदारों को ऐसे शुभ सरस्वती के यज्ञ में सहायता एवं सहयोग देना ही चाहिये। राजस्थान और भारत

के विद्वानों, विचारकों और साहित्यकारों का इस प्रकार के शोध-पूर्ण कार्यों की ओर अधिकाधिक प्रवृत्त होना आवश्यक है।

साहित्य-संस्थान, हिन्दी के आदि ग्रंथ "पृथ्वीराज रसौ" का प्रामाणिक संस्करण अर्थ और भूमिका सहित "प्रथम भाग" प्रकाशित कर चुका है तथा द्वितीय भाग प्रेस कॉपी के रूप में तैयार है। "रासौ" का सम्पादन-कार्य इस विषय के मर्मज्ञ विद्वान श्री कविराव मोहनसिंह, उदयपुर कर रहे हैं। इसके प्रकाशन से हिन्दी साहित्य की एक ऐतिहासिक कमी की पूर्ति होगी।

आशा है विद्वानों, कलाकारों, और धनी मानी सज्जनों द्वारा संस्थान को इस कार्य में पूरा सहयोग प्राप्त होगा। इसी आशा के साथ—

विक्रमी सं० २०१२
गुरु पूर्णिमा

गिरिधारीलाल शर्मा
अध्यक्ष
साहित्य-संस्थान

प्रस्तावना

हिन्दी साहित्य बहुत समृद्ध एवं विशाल है। गत ५०० वर्षों से तो निरन्तर बड़े वेग से उसकी अभिवृद्धि हो रही है। विशेषतः सम्राट अकबर के शासन समय से तो विविध विषयक हिन्दी साहित्य बहुत अधिक सृजित हुआ है। १८ वीं शताब्दी में सैकड़ों कवियों ने हिन्दी साहित्य की सेवा कर सर्वांगीण उन्नति की। हिन्दी भाषा मूलतः मध्य देश की भाषा होने पर भी उसका प्रभाव बहुत दूर २ चारों ओर फैला। हिन्दू व मुसलमान, संत एवं जनता सभी ने इसको अपनाया। फलतः हिन्दी का प्राचीन साहित्य बहुत विशाल है व अनेक प्रदेशों में बिखरा हुआ है। गत ५५ वर्षों से हिन्दी साहित्य की शोध का कार्य निरन्तर चलने पर भी वह बहुत सीमित प्रदेश व स्थानों में ही हो सका है। अतएव अभी हजारों ग्रन्थ और सैंकड़ों कवि अज्ञात अवस्था में पड़े हैं उनकी शोध की जाकर उन्हें प्रकाश में लाना और हस्तलिखित प्रतियों की सुरक्षा का प्रयत्न करना प्रत्येक हिन्दी प्रेमी का परमावश्यक कर्तव्य है।

हिन्दी-साहित्य का बृहद् इतिहास अब तैयार होने जा रहा है। उसमें अभी तक जो शोध कार्य हुआ है उसका तो उपयोग होना ही चाहिए, साथ ही शोध के अभाव में अभी जो उल्लेखनीय सामग्री अज्ञात अवस्था में पड़ी है उसकी खोज की जाकर उसका उल्लेख होना ही चाहिए अन्यथा वह इतिहास अपूर्ण ही रहेगा। अज्ञात सामग्री के प्रकाश में आने पर अनेकों नवीन तथ्य प्रकाश में आयेंगे बहुत सी भूल भ्रांतियां व धारणाएं दूर हो सकेंगी। अतएव हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थों के शोध का कार्य बहुत तेजी से होना चाहिए, केवल सरकार के भरोसे बैठे न रह कर हर प्रदेश की संस्थाएं एवं हिन्दी प्रेमियों को इस ओर ध्यान देकर, जो अज्ञात कवि और ग्रन्थ उनकी जानकारी में आयें, उन्हें प्रकाश में लाने का प्रयत्न करना चाहिए।

राजस्थान ने अपने प्रान्त की मरु राजस्थानी भाषा में विशाल साहित्य-सृजन करने के साथ हिन्दी-साहित्य की भी बहुत बड़ी सेवा की है। यहाँ के राजाओं, राज्याश्रित कवियों, संतों, जैन विद्वानों ने हजारों छोटी-मोटी रचनाएं हिन्दी में बनाकर हिन्दी साहित्य की समृद्धि में हाथ बंटाया है। उनकी उस सेवा का मूल्यांकन तभी हो सकेगा जब कि राजस्थान के हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थों की भली भाँति शोध की जाकर उनका विवरण प्रकाश में लाया जायगा।

राजस्थान में हस्तलिखित प्रतियों की संख्या बहुत अधिक है। क्योंकि साहित्य संरक्षण की दृष्टि से राजस्थान अन्य सभी प्रान्तों से उल्लेखनीय रहा है। यहाँ के स्वातंत्र्य प्रेमी वीरों ने विधर्मियों से बड़ा लोहा लिया और अपने प्रदेश को सांस्कृतिक, धार्मिक और साहित्यिक हीनता से बचाया। पर गत १००-१५० वर्षों में मुसलमानी साम्राज्य के समय से भी अधिक यहाँ के हस्तलिखित साहित्य को धक्का पहुंचा। एक ओर तो अन्य प्रान्तों व विदेशों में यहां की हजारों हस्तलिखत प्रतियां कोड़ी के मोल चली गई दूसरी ओर मुद्रण युग के प्रभाव व प्रचार और शिक्षण की कमी के कारण उस साहित्य के संरक्षण की ओर उदासीनता ला दी। फलतः लोगों के घरों एवं उपाश्रयों आदि में जो हजारों हस्तलिखित प्रतियाँ थी वे सर्दी व उदेयी के कारण नष्ट हो गई। उससे भी अधिक प्रतियाँ रद्दी कागजों से भी कम मूल्य में बिक कर पूड़ियाँ आदि बांधने के काम में समाप्त हो गई। फिर भी राजस्थान में आज लाखों हस्तलिखित प्रतियाँ यत्र तत्र बिखरी पड़ी थी है, जिनका पता लगाना भी बड़ा दुरूह कार्य है। राजकीय संग्रहालय एवं जैन ज्ञान भंडार ही अधिक सुरक्षित रह सके हैं, व्यक्तिगत संग्रह बहुत अधिक नष्ट हो चुके हैं। जैन-ज्ञान-भंडारों में बहुत ही मूल्यवान जैन जैनेत्तर विविध विषयक विविध भाषाओं के ग्रन्थ सुरक्षित है। हिन्दी की जननी अपभ्रंश भाषा का साहित्य, सबसे अधिक जैनों का ही है और राजस्थान के जैन-ज्ञान-भण्डारों में वह बहुत अच्छे परिमाण में प्राप्त है। आमेर, जयपुर और नागौर के दिगम्बर भंडार इस दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। अभी २ इन भंडारों से पचासों अज्ञात अपभ्रंश रचनाएं जानने में आई। हिन्दी के जैन ग्रंथों के भी इन भंडारों से जो सूची पत्र बने उन से बहुत सी नवीन जानकारी मिली है। हर्ष की बात है कि महावीरजी तीर्थ क्षेत्र कमेटी की ओर से आमेर, और जयपुर के दिगम्बर सरस्वत भंडारों की सूची के दो भाग और प्रशस्ति संग्रह का एक

भाग प्रकाशित हो चुका है। सूची का तीसरा भाग भी तैयार होने की सूचना मिली है।

राजकीय संग्रहालयों में से अनूप संस्कृत लाइब्रेरी के हस्तलिखित संस्कृत प्रतियों की सूचियों के पांच भाग और छः भाग राजस्थानी ग्रंथों की सूची के प्रकाशित हो चुके हैं। यहाँ हिन्दी ग्रंथों की सूची भी छपी हुई वर्षों से प्रेस में पड़ी है पर खेद है वह अभी तक प्रकाशित न हो पाई। उदयपुर के सरस्वती भंडार का सूची पत्र छप ही चुका है और अलवर के संग्रह की विवरणात्मक सूची बहुत वर्षों पूर्व प्रकाशित हुई थी। अन्य किसी राजकीय संग्रहालय के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूचि प्रकाशित हुई जानने में नहीं आई। राजकीय संग्रहालयों में से जयपुर-पोथी खाना तो अपने विशाल संग्रहालय के कारण विख्यात है ही पर अभी तक उसकी सूची छपने की तो बात दूर, अभी उसकी बन भी नहीं पाई। हिन्दी के हस्तलिखित प्रतियों की दृष्टि से यह संग्रहालय बहुत ही मूल्यवान होना चाहिए। इस दृष्टि से दूसरा महत्व-पूर्ण संग्रह कांकरोली के विद्याविभाग का है। उसकी सूची तो बन गई है पर अभी तक प्रकाशित नहीं हुई।

श्वेताम्बर जैन भंडारों की संख्या राजस्थान में सबसे अधिक हैं पर सूची केवल जैसलमेर के भंडार की ही प्रकाशित हुई थी। मुनि पुन्य विजयजी ने वहाँ के भंडार को अब बहुत ही सुव्यवस्थित करके नया विवरणात्मक सूची पत्र तैयार किया है जो शीघ्र ही प्रकाशित होगा। इसके अतिरिक्त ओंमियां के जैन ग्रंथालय के हस्तलिखित ग्रंथों की एक लघु सूची बहुत वर्षों पूर्व छपी थी अन्य किसी भी राजस्थानी श्वेताम्बर भंडार की सूची प्रकाशित हुई जानने में नहीं आई। राजस्थान के जैन-ज्ञान-भण्डारों की नामावली मैं मरू भारती वर्ष १, अंक १ में प्रकाशित कर ही चुका हूँ।

राजस्थान में संत संप्रदाय के अनेकों मठ व गुरुद्वारे आदि हैं उनमें सांप्रदायिक साहित्य की ही अधिकता है। राजस्थान के संतों ने हिन्दी की बहुत बड़ी सेवा की है अतः इन संग्रहालयों के हस्तलिखित प्रतियों की शोध भी हमें बहुत नवीन जानकारी देगी। अभी तक केवल दादू-विद्यालय के कुछ हस्तलिखित प्रतियों की सूची संतवाणी पत्र के दो अंकों में निकली थी। इसके अतिरिक्त अन्य किसी संत संग्रहालय की सूची प्रकाश में नहीं आई।

राजस्थान विश्व विद्यापीठ उदयपुर ने राजस्थान के हस्तलिखित हिन्दी ग्रंथों के विवरण का प्रकाशन कार्य हाथ में लेकर बहुत ही आवश्यक उपयोगी कार्य किया है। अभी तक इस विवरण संग्रह के तीन भाग प्रकाशित हो चुके है और चौथा यह पाठकों के हाथ में है। प्रथम भाग का संकलन श्री मोतीलाल मेनारिया और तीसरे भाग का श्री उदयसिंह भटनागर ने किया है। प्रथम भाग के प्रकाशन के साथ ही मैंने यह विवरण संग्रह का कार्य हाथ में लिया था और केवल अज्ञात हिन्दी ग्रन्थों का विवरण ही छांटे गये तो उनकी संख्या ५०० के करीब जा पहुँची। अतः उन्हें दो भागों में विभाजित करना पड़ा, जिनमें से पहला भाग सं० २००४ में प्रकाशित हुआ जिसमें १ नाममाला, २ छन्द, ३ अलंकार, ४ वैद्यक ५ रत्न परीक्षा, ६ संगीत, ७ नाटक ८, कथा, ९ ऐतिहासिक काव्य, १० नगर वर्णन, ११ शकुन सामुद्रिक ज्योतिष स्वरोदय रमल, इन्द्रजाल १२ हिन्दी ग्रन्थों की टीकाएँ। इन १२ विषयों के १८६ ग्रंथों का विवरण प्रकाशित हुए थे। सात वर्ष बीत जाने पर इस ग्रन्थ का आगे का भाग प्रकाशित हो रहा है इसमें ११ विषयों के हिन्दी ग्रन्थों का विवरण है और तत्पश्चात इस भाग की पूर्ति के साथ पूर्ववर्ती भाग की पूर्ति उन ३ विषयों के नवीन ज्ञात ग्रन्थों के विवरण देकर की गई है। इस भाग के विषयों की नामावली इस प्रकार है:—

१ पुराण, २ रामकथा, ३ कृष्ण काव्य, ४ संत साहित्य, ५ वेदान्त ६ नीति, ७ शतक, ८ बावनी, बारखड़ी बत्तीसी, ९ अष्टोत्तरी-छत्तीसी, पचीसी आदि १० जैन साहित्य, ११ बारहमासा। इन विषयों के विवरण लिये गये ग्रन्थों की संख्या क्रमशः १५, ६, १६-१, १५,११-२,१०-१,१०-२, २०-३, ४,२३-५४,२० हैं, इस प्रकार कुल २१३ ग्रंथों का विवरण है तत्पश्चात् पूर्व प्रकाशित द्वितीय भाग के ४८ ग्रन्थों का विवरण है। कुल २६१ ग्रंथों के विवरण इस ग्रंथ में दिये गये हैं। अनुक्रमणिका से यह स्पष्ट ही है। हिन्दी साहित्य में किस किस विषय के कितने प्राचीन ग्रंथ है इसकी जानकारी के लिये विवरण का विषय विभाजन कर दिया गया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में लिये गये विवरण बीकानेर, जयपुर, जैसलमेर, रतननगर, चूरू, मोनासर, मथानिया, चित्तौड़ आदि स्थानों के ३१ संग्रहालयों की प्रतियों के हैं। उनकी सूचि इस प्रकार है:—

१ बीकानेर—१ अनूप संस्कृत लाइब्रेरी, २ अभय जैन ग्रन्थालय, ३ मोतीचंदजी खजान्ची संग्रह, ४ जिन चारित्र सूरि संग्रह, ५ स्वामी नरोत्तमदासजी का संग्रह ६ महद् ज्ञान भंडार (यह भी बृहद् ज्ञान भंडार का ही एक विभाग है।) गोविन्द पुस्तकालय, ६ स्व० कविराज सुखदानजी चारण संग्रह, १० जयचंन्दजी भंडार, ११ मानमलजी कोठारी संग्रह, १२ सेठिया जैन ग्रन्थालय, १३ यति मोहनलालजी १४ आचार्य शाखा भण्डार १५ राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट १६ महो० रामलाल जी संग्रह, १७ मानमलजी कोठारी संग्रह।

२ भीनासर—१ स्व० यति सुमेरमलजी का संग्रह,

३ जयपुर, १ राजस्थान पुरातत्त्व मंदिर लाइब्रेरी ४ रतननगर १ श्री काशीराम शर्मा का विद्याभवन संग्रह, ५ राजुलदेशर कंवला गच्छीय यतिजी की एक प्रति ५ चूरू सुप्रसिद्ध सुराणा लाइब्रेरी।

जैसलमेर—१ बड़ा ज्ञान भण्डार, २ लोकागच्छ उपासरा, ३ साह धनपतजी का संग्रह, ४ यति डुँगरसी भण्डार (का एक पत्र गुटका)।

८ चित्तौड़—यति बालचन्दजी का संग्रह।

९ मथानियां—श्री सीतारामजी लालस का संग्रह।

१० कोटा—उपाध्याय विनय सागरजी संग्रह जो पहिले हमारे यहाँ था अब कोटा में स्थापित किया है।

११ आमेर—यह दिगम्बर भट्टारकजी का संग्रह है। इसकी सूची प्रकाशित हो चुकी है।

१२—मुनि कांति सागरजी का संग्रह जो उनके पास देखा गया था।

इनमें से अनूप संस्कृत लाइब्रेरी, हमारे एवं खजान्ची संग्रहादि में और भी ही अज्ञात हिन्दी ग्रंथ हैं जिनका विवरण ग्रंथ विस्तार भय से नहीं दिया गया।

प्रस्तुत ग्रन्थ में दो सौ से भी अधिक कवियों की उल्लेखनीय[1] रचनाओं का विवरण प्रकाशित है। इनमें से बहुत से कवि अभी तक ज्ञात नहीं थे।

---

१ अभी तक ग्रंथों की शोध हुई उनकी की गई पूरी सूची प्रकाशित नहीं। अतः कुछ ग्रन्थ पूर्व प्राप्त भी आये हैं यद्यपि ऐसे ग्रन्थ हैं बहुत थोड़े ही।

दूसरे भाग की भाँति ग्रन्थ के अन्त में कवि परिचय देने का विचार था पर समयाभाव से नहीं दिया जा सका। कवियों के नामों की सूचि आगे दी ही जा रही है। साथ ही ग्रन्थों के नामों की अनुक्रमणिका भी दी जा रही है। कनक कुशल, कुशलादि कुछ कवियों के और भी कई अज्ञात व महत्वपूर्ण ग्रंथ पीछे से प्राप्त हुए हैं।

इस ग्रन्थ का प्रूफ स्वयं न देख सकने के कारण अशुद्धियाँ अधिक रह गई हैं, जिसका मुझे बड़ा खेद है।

प्रूफ संशोधन विद्यापीठ के विद्वानों द्वारा ही हुआ है इस श्रम के लिये वे धन्यवाद के पात्र है।

इस ग्रंथ के लिये विवरणों के वर्गी करण में स्वामी नरोत्तमदास जी का सहयोग उल्लेखनीय है। श्री बदरीप्रसाद जी साकरिया पुरुषोत्तम मेनारिया आदि अन्य जिन २ सज्जनों से इस ग्रंथ के तैयार करने में सहायता मिली है उन सभी का मै आभारी हूँ।

प्रस्तुत ग्रंथ और इसके पूर्व वर्ती मेरे संपादित द्वितीय भाग से यह स्पष्ट है कि जैन विद्वानों ने भी विविध विषयक हिन्दी ग्रंथों के निर्माण में पर्याप्त योग दिया है। हिन्दी जैन साहित्य बहुत विशाल है पर अभी तक हिन्दी साहित्य के इतिहास में उसको उचित स्थान नहीं मिला। दिगम्बर विद्वानों ने तो हिन्दी साहित्य की काफी सेवा की है केवल राजस्थान के जयपुर में ही पचीसों विद्वान हिन्दी ग्रन्थकार हो गये हैं जिनकी परिचायक लेखमाला जयपुर से प्रकाशित वीरवाणी नामक पत्र में लंबे अरसे तक निकली थी। जयपुर और अमेर के भंडारों के जो सूची प्रकाशित हुई हैं उनमें बहुत से हिन्दी ग्रंथ भी हैं। प्रकाशित संग्रह में अप-भ्रंश ग्रंथों के साथ हिन्दी (राजस्थानी गुजराती सह जैन ग्रन्थों के विवरण भी प्रकाशित हुआ है उनकी ओर विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। प्रस्तुत प्रयत्न द्वारा अज्ञात ग्रंथों व कवियों को प्रवाह में लाने का जो प्रयत्न दिया गया है उनका हिन्दी साहित्य के इतिहास में यथोचित उल्लेख हुआ शोध कार्य की प्रेरणा मिली तो मैं उनका प्रयत्न सफल समझूंगा।

कवि नामानुक्रमणिका

विशेषः—

इनके अतिरिक्त संतवाणी संग्रह के गुटकों और पद-संग्रह की प्रतियों में अनेक संतों आदि की रचनाएँ हैं। जिनकी नामावली बहुत लम्बी है और उन रचनाओं का विवरण नहीं लिया गया केवल सूची मात्र देदी गई है। इसलिये इनके रचयिताओं के नाम उपर्युक्त कवि नामानुक्रमणिका में सम्मिलित नहीं कर यहाँ अलग से दिये जा रहे हैं।

संतवाणी संग्रह गुटकों में उल्लिखित कवि

ग्रन्थ नामानुक्रमणिका

विशेष:-

उपर्युक्त ग्रन्थ नामानुक्रमणिका में संतवाणी-संग्रह के दो गुटकों के ग्रंथों को सम्मिलित नहीं किया गया है। क्योंकि इन ग्रन्थों का विवरण नहीं लिया गया, केवल नामावली ही दी गई है। अतः जिज्ञासुओं को पृष्ठ ४० से ४८ में उन ग्रन्थों के नाम देख लेना चाहिये। उनमें सब्दी, साखी, पद, वाणी, परची ही प्रधान है। वैसे कुछ चरित्र आदि ग्रन्थ भी है, जिनमें से कुछ तो काफी प्रसिद्ध है और कुछ प्रकाशित भी हो चुके हैं।

राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज

(चतुर्थ भाग)

(क) पुराण-इतिहास

(१) अध्यात्म रामायण- रचयिता-माधोदास

....जा उधि अत्रये दोउ दसरथ के पुत्र ।

जेठ राम लखमण दी नी ज्य, श्रीदामोदर के सिखि मधुव्रातव ।

यो प्राकृत बांधे विश्राम, गायो आपणों जस आपे राम ॥ ८९ ॥

ब्रह्मांड पुराण कौ खंड इह, उत्तर उत्तरकाण्ड रामायण कौ सूत्र ।

वकता सिव श्रोता पारवती, तिनकूं सीताराम प्यारे मति ॥ ९० ॥

बार ही विश्राम सरब सुख बवे, चौपई तीनि आगली बवै ।

एक एक अक्षर तणों उचार, जीवन कूं करै मुकत निरमाय ॥ ९१ ॥

वालमीकि रामायण जपे सलोक सत्रहसै तिनके भये ।

माधवदास कहै जयराम, मेरौ दौड रामायण सन काम ॥ ९२ ॥

संवत् सोलह सै असी एक कार्तिक वदि दसमी सुविवेक ।

आव सुखवरता शशिवार जपो सीताराम जगतकूं आधार ॥ ९३ ॥

इति श्री अध्यात्म रामायणे उत्तरकांडे द्वादसो विश्राम समास;

इति संवत् १७८१ वर्षे पोषमासे कृष्णपखे नवम्यां तिथौ बुधवासरे श्रीश्रीश्री-रामायण लिखितम् ।

ब्राह्मण पारीक व्यास गोतवाल सुन्दरलाल ज्येष्ठात्मज—

शुभं भूयात्

प्रति पत्र २७० व. १४ अ. ४० साईज १३×७

[स्थान- अनूपसंस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(२) अेकादशी कथा भाषा । रचयिता- आनंदराम । रचना संवत् १७७२ शु०वि०कृ० १० ।

आदि-

गुरु गणेश गिरि कन्यका, गौरी गिरिश गुहेस ।
वासुदेव की याद करि, पद पंकज रजतेश ॥ १ ॥
अेकादशी प्रमुख कथा, कृत की विविध पुरान ।
तिनकी भाषा चौपई, रचयितु सुगम निदान ॥ २ ॥
विविध निदान सुधा उदधि, विक्रमपुर अभिधान ।
राजत तिहां अनूप सुत, नृपमनि नृपति सुजान ॥ ३ ॥
नृप अनूप मंत्री वरण, शेखर बुद्धि निधान ।
नाजर आनंदराम यह, विरचत भाषा ज्ञान ॥ ४ ॥
संस्कृत वानि अजान जन, विमल ज्ञान के हेत ।
आनंदराम प्रमान करि, रच्यौ अरथ संकेत ॥ ५ ॥

अन्त-

कथा युधिष्ठिर सौं कह्यौ, व्रत कामद परकार ।
जा सेवत नर कामना, फल पावै विस्तार ॥ १५ ॥
ताको भाषा चौपई, सुख समुझन के हेत ।
नाजर आनंदराम यह, रच्यौ अरथ संकेत ॥ १६ ॥

इति श्री भविष्योत्तर पुराणे, कृष्ण युधिष्ठिर संवादे, पुरुषोत्तम मास कृष्णा कामदा नामेकादशी व्रत कथा भाषा संपूर्ण ।

युग[२] मुनि[७] शैल[७] हिमांशु[१] मिली संवत्सर शुचि मास ।
कृष्णपक्ष दशमी दिनैं, भयौ ग्रन्थ परकाश ॥ १ ॥

लेखन काल-संवत् १८७२ वि०

प्रति-गुटकाकार

(३) कार्तिक माहात्म्य- रचयिता-कवि द्विजतीर्थ-रचना सम्वत् १७२६ ।

आदि-

मंगल बदन प्रसन्न सदा, सुख आनंदकारी ।
अेक रदन गज बदन, जाहि सेवत नरनारी ॥
पितु शंकर मा गोर, ताहि कह लाडु लड (डा) यो ।
तीन लोक के काज, धारि बपु जग में आयो ॥
गवरीनंद नाम तुम, बेद चारि जसु गाईयो ।
द्विजतीरथ ताको भजे, चर्ण कंवल चितु लाइयौ ॥ १ ॥

चौपई

संवतु सतरह छिवीसा, तिथि एकम तह मंघर वीसा ।
सूरज मिश्चक रासहिं आयौ, तब कवीन आनंद बढायौ ॥
गुरु दिनमौ मोको मति आई, सुतो वेद भाषा प्रगटाई ।
आलमगीर राज तहँ कर हो, दुखदानिदु समहन को हरही ॥
दिजु तीरथ फिरि जाति बखाने, भाज देऊ सम कोई जाने ।
गुंजामाली गुरु है मेरा, कीवे दरसु परम पदुनेरा ॥
पिता निहालु मेरो कहिए, चार पदारथ निश्चै पईए ॥ ६ ॥

अन्त-

आलमगीर राज सुखदाई, मूलचक्र मो कथा बनाई ।
दिजतीरथ यह कथा बखानी, जइसी मति तैसी कछु नानी ॥
कवि करनी निंदक महा, मनुज न भाखे कोई ।
गोविंद चरचा हम करी, चंडीवर दियौ मोहि ॥

इति पद्मपुराणे, कार्तिक महात्म्ये कृष्ण सत्यो संवादे इकोनत्रिंसउध्याय ॥ २६ ॥

लेखनकाल- १८३६ वै०सु० २ रवि । खरतर कीर्ति विजै लि० प्रति पत्र ४७ पंक्ति १४ । अक्षर ३२

[स्थान-जिनचारित्यसूरिसंग्रह]

(४) गजउधार-रचयिता अजितसिंह (१८ वीं शताब्दी)

आदि-

अथ गज उधार ग्रन्थ श्रीजी क्रित लिख्यते ।

गाथा

गवरी सुत गणपतं, मन सागर दीजै मो वसं।
तुझ पसाय तुरतं, सारंगधर गाऊ सुंडाला ॥ १ ॥
गजमुख गणपत रायं, मागी तुझ करो मो मायं।
गुण राघे वर गायं, पावुं बुद्धि रावलै पसायं ॥ २ ॥
लंबोदर गणपत सुंडाला, एक रदन बहो बुद्धि बिसाला।
लाल बरण सोहै कर माला, मतवाला तुभ्यो नमः ॥ ३ ॥

दुहा-

अविरल वाणी आपिये, मुझ दे अक्खर सार।
तुझ किपा तै मैं कहूँ, हरि गुण ग्रंथ अपार ॥
गणपती तुं ईसगण, गुण दातार गहीर।
मो मत देहु महेस सुत, उमयासुत वर वीर ॥

अन्त- × × ×

गज उधार यह ग्रन्थ है, धारै चित कर लेत।
ताकी प्रभु रिच्छा करै, च्यार पदारथ देत ॥
गुण अजीत इण विध कह्यौ, रामकृष्ण निजदास।
नित प्रत प्रभु के संग रहै, यह मन धरके आस ॥

कलस कवित्त

राज गरीब निवाज जाय प्रहलाद उबारे।
,, ,, ,, द्रौपदी चीर बधारे ॥
,, ,, ,, कुरंद सुदामा कप्पे।
,, ,, ,, ध्रुव इव चल कर थप्पेगे ॥
गज ग्राह जिन्ते ही तारीया, रीझे खीजे लाछ वर।
अजमाल चरण वंदन करे, धन तौ लीला चक्रधर ॥ ७६ ॥

इति श्री श्री थी जी क्रित गजउधार ग्रन्थ लिख्यते (समाप्त)

प्रति-गुटकाकार पत्र २६, पं० २२, अ० २२, प्रति कुछ जल से भी जी, भाषा में राजस्थानी का प्रभाव

[स्थान- कुँ० मोतीचन्द्रजी संग्रह]

(५) गजमोख ।

आदि-

अथ गज मोख लिख्यते ।

सुनत सुनावत परम सुख, दूरि होत सब दोष ।
कृष्ण कथा मंगल करण, सुणो सु अब गज मोख ॥ १ ॥

अन्त-

शिव सनकादिक सेसही, पायौ गुणां न पार ।
तोई गुण हरि का गाइये, आपा मति अनुसार ॥
मैं बरण्यौ गजमोख यह आपा मति सुविचारि ।
जहाँ घटि वधि वर्णन कियौ, तहां कवि लेहु सुधारि ॥

लेखनकाल १८ वीं शताब्दी

प्रति-पत्र २, पंक्ति २१, अक्षर ६५ साईज ६ विशेष:-कर्त्ता का नाम एवं पद्य संख्या लिखी हुई नहीं है। पद्य भुजंगी प्रयात भी प्रयुक्त है ।

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय]

(६) गीता महात्म्य भाषा टीका । रचयिता आनंदराम नाजर ।
(आनंद विलास) रचना सम्वत् १७६१ मि० व० १३ सो०

आदि-

अथ गीता माहात्म्य आनंदराम कृत लिख्यते-

मुकटि लटकि कटिकी लचकि, लसत हियै बनमाल ।
पीत बसन मुरलीधरन, विपति हरन गोपाल ॥
नमि करिके गिरधरन के, चरण कमल सुखधाम ।
गीता महातम करत, भाषा आनन्द राम ॥
मनमोहन मनमें वस्यौ, तब उपज्यौ चितचाई ।
गीता महातम करौं, भाषा सरस बनाई ॥
कमध (ज) वंस अवतंस मनि, सकल भूप कुलरूप ।
राज करत विक्रम नगर,, अवनी इन्द्र अनूप ॥
तिहां थाप्यौ परधान थिर, नाजर आनंदराम ।
गीता महातम करत, उर धर गिरधर नाम ॥ ५ ॥

जाको जस सब जगत में, है भूपति अनुरूप ।
नाजर आनंदराम को, थाप्यौ नृपति अनूप ॥ ६ ॥
नाजर आनंदराम को, कीरति चन्द प्रकाश ।
आखंडल के लोक लगि, परगट कियौ उजास ॥ ७ ॥
धर्यौ चित्त हरि भक्ति में, कर्यौ कृष्ण परनाम ।
गीता माहातम रच्यौ, भाषा आनंदराम ॥ ८ ॥
है यह वेद पुरान अस, सकल शास्त्र को सार ।
गीता माहातम कर्यौ, कृष्ण ध्यान उर धार ॥ ६ ॥

गद्य

एक समै सदाशिव कृपा करिकै गीता माहात्म्य पार्वती सु कहत हो। ईश्वरोवाच-पार्वती सुनो, मैं गीता महातम कहतु हों ।

मध्य

अथ नवमाध्याय की महिमा पार्वती मोथे सुनौ। नर्मदा के तीर एक माहेष्मती नाम नगरी, तहां एक माधव एसे नांव ब्राह्मण बसै। अपने धर्म मे सावधान भयो। वेद शास्त्र को वेत्ता, अतिथि को पूजक। तिहि एक बडो जग्य को आरम्भ कर्यौ। तब जग्य निमित्त मोटौ नीको बकरो आन्यौ। तब वह बकरा वध करवै समै हसकै, अचरज सी बानी बोल्यौ। हे ब्राह्मनो! ऐसे विधपूर्वक कीले जग्य को कहा फल है। तातै विनिस्यमान है, अरु जरा जन्म, मरन इनतै मिटै नहीं। ऐसे जग्यन करतु है मैं पशु जोनि पाई। ऐसे बकरा की बानी सुनकै ब्राह्मन को और ऊच्चा जाप मंडप में आनि मिलै। तिनि सबको परम अचरजि भयो।

अन्त-

गीता माहातम सकल, बरन्यौ आनंदराम ।
सुनत पाप सबही नसै, बहुरि होय आराम ॥ १३ ॥
लखि परमारथ जगत को, करयौ ग्रन्थ परकास ।
बरन्यौ आनंदराम नै, यह आनंद विलास ॥ १४ ॥
धारा धरणि इंदु रवि, धरणि धरण समीर ।
गीता माहातम कहौं, ता लगी सुघर सुधीर ॥ १५ ॥
धरनि[१] रस[६] नीरधि[४] मयक,[१] संमत अगहनमास ।
कृष्ण पक्ष तिथि त्रयोदशी, वार सोम परकास ॥ १६ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे, उत्तर खंडे, उमा महेश्वर संवादे, नाजर आनंदराम कृतौ गीता महातम अष्टादशोध्याय ॥

लेखनकाल-१ संवत् १८०७ वर्षे आसु सुदि ११ । लिपिकर्ता-परमानंद भोजरवास मध्ये ।

२ सं० १८२१ आश्विन वदी १० गुलालचंद्रेण सांडवा मध्ये ।

प्रति-१ गुटकाकार-पत्र ४०, पंक्ति १६, अक्षर ३०, आकार ७॥ × ६

२ गुटकाकार-पत्र ४३, पंक्ति १६ से १८, अक्षर २४, आकार ६॥ × ६

[स्थान-अभय जैन ग्रंथालय ।]

(७) गीता सुबोध प्रकाशिनी भाषाटीका । रचयिता-जयतराम ।

आदि-

प्रथम सीस गुरु चरननि नाऊं, सियाराम पद पंकज ध्याऊं ।
वंदौं वानी अरु गणनायक, मम उर बसौ अमल बुद्धि दायक ॥ १ ॥
श्रीगुरु की आज्ञा भई, जयतराम उरधारि ।
कहौं सुबोध प्रकाशिनी, श्रीधर के अनुसारि ॥ २ ॥

(महातम सहित, मूल श्लोक, टीका भाषापद्य,क्वचित् गद्य, सम्बन्ध स्पष्ट करने के लिए ।)

अन्त-

याको पद्मपुराण के, माही है विस्तार ।
जयतराम संक्षेप करि, कही ज भाषा सार ॥ ४२ ॥
जो कछु मैं घट बधि कह्यौ, मेरी मति अनुसार ।
सब संतन सौं बीनती, नीकौ लेहु सुधारि ॥ ४३ ॥
श्री वृंदावन पुलन मधि, वास हमारो सोई ।
जहां जैत भाषा करि, सुनत सबै सुख होई ॥
रासस्थली याही कूं कहियै, प्रेम पीठ नाम सो लहियै ।
ज्ञान गूदरी प्रसिद्ध मानो, ताके मधि स्थान सुजानो ॥

प्रति-गुटकाकार, पत्र २७३, पंक्ति १६-२०, अक्षर १२

[स्थान-नरोत्तमदासजी स्वामी का संग्रह]

(८) नासकेत पुराण । रचयिता- दयाल । सं०१७३४ फा०सु० ५ ।

अथ नासकेत पुराण लिख्यते

आदि-

दूहा

श्रीगुरु श्रीहरि संत सब, रिष जन नाऊं सीस ।
गुरु गोविंद अरु संत सब, पृ विद्या के ईस ॥ १ ॥
विद्वद् जनन सूं वीनती, कविसु बंदु पाय ।
सहस कृत भाषा करूं, हे प्रभु करो सहाय ॥ २ ॥

चौपई

राजा जनमेजय बड भागी, पुनि संग्रह पाप को त्यागी ।
गंगा तटि जज्ञ आरंभ कीयो । द्वादस व्रष नेम व्रत लीयो ।

अन्त-

नासकेत आख्यान इह, सुत उदालिक विख्यात ।
सदा काल सुमिरण करै, जमके लोक न जात ॥ १२२ ॥
वैसंपायन वरनियौ, नासकेत अतिहास ।
जनमेजय राजा सुनै, गंगा तीर निवास ॥ १२३ ॥
सहसकृत श्लोक तैं, सुगम सुभाषा कीन ।
जगनाथ आग्या दई, दयाल सीस धरि लीन ॥ १२४ ॥
घटि वधि अखिर मात्रा, अरहु सुध न होय ।
बाल बुद्धि सम जानि सब, क्षमा करो मुनि सोय ॥ १२५ ॥
सोला उपरि सात सै, चौपई दोहा जान ।
पंच कवित्त पुनि औ रचिन, नासकेत आख्यान ॥ १२६ ॥
सलोक बत्तीसा गिन करै, संख्या येक हजार ।
पुनि पैंतीसक जानियै, नासकेत विचार ॥ १२७ ॥
संवत् सतरासै भयौ, पुनि ऊपरि चौतीस ।
फागुण सुदि तिथि पंचमी, आख्यौ विस्वा वीस ॥ १२८ ॥
जनदयाल गुरु ग्यान तैं, भाख्यौ सुन उपदेश ।
जो श्रवनन वृत्ति (नीकैं) करैं, ताकौ मिटै संदेश ॥ १२९ ॥

बक्ता मन दिढ़ि राखि कै, कहै ग्रन्थ के बैंन ।
सुरता सुनि निश्चै करै, तब ही तिनकूं चैंन ॥ १३० ॥

इति श्रीनासिकेतपुराणे ज्ञानभक्ति वैराग्य व्याख्याने पंचसंज्ञावरननाम सप्तदशोध्याय ॥ १७ ॥ एवं चौपई ८१६, कुल (ग्रन्थ) १०३५ इति श्रीनासकेत ग्रन्थ सम्पूर्ण ।

लेखक-

संवत् अठारह सै सही, वरस तीयासीयो जान ।
वैसाख सुदी २ अखी, दिन वार सोम पुन्न ।
ता दिन पोथी लिखीत् सांडवा मध्ये ।
न.मण हरदेवजी कवेट पीहाजल ।
वाचे सुणे जा (ज्या) ने राम राम ।

प्रति- पत्र ४४ । पंक्ति १६ । अक्षर २३ । आकार १० × ६॥

[स्थान- विद्याभवन, रतन-नगर]

(९) नागकेतोपाख्यान । (गद्य)

आदि-

अथ श्रीनासकेत कथा लिख्यते-

एक समै श्रीगंगाजी के उपकंठ राजा जनमेजय बैठे हुते। सो मनमें यह उपजी । होइ आवै तौ यज्ञ कौ आरंभ कीजै। बारह वर्ष की दीक्षा ले बैठो यह उपजी । हे महर्षिश्वर, वैशंपायन महापुरुष ! सर्वशास्त्र के जान दया करिके श्रीभगवानजू की कथा सुनावौ । ज्यों मेरे पाप मोचित होई। मो पर दया करो । तुम्हो श्रीकृष्ण द्वैपायन के शिष्य हो। वैशम्पायन कहतु है। हे राजा जनमेजय, तुम सावधान होई सुणो । तोहि दिव्य कथा पुराण की सुनाऊं जा सुने ते तेरे पाप मोचित होहिं ।

अन्त-

भावे एति बात करै । भावे नासकेत सुने बार बार (बिरावर) ।
फल यह नासकेतु अरू उदालिक मुनि की कथा ।
प्रात उठि एक अध्याय तथा एक श्लोक जू पढै ।
सुनावे ताको जमको डर नांही । अरू किंकरन को डर नांही ।

इति श्रीनासकेतोपाख्याने नासकेत ऋषि संवादे जमपुरी धर्म अधर्म विचारण शुभाशुभ भक्ति जन्य वर्णनम्-नाम अष्टादशोध्यायः। ग्रन्थ श्लोक-६५१

प्रति- १ पत्र ८१ से १४१ । पंक्ति १३ । अक्षर १७ । आकार ५।। × ५। । सं०१७६३ ई०

प्रति- २ पत्र ५ से ५६ । आकार ६।। × ५

संवत् १७६४ पोष वदी ६ पुस्तक छांगाणी मुरलीधरेण। मूंधड़ा नथमल पुत्र बखतमल वाचनार्थ।

[स्थान- स्वामी नरोत्तमदासजी का संग्रह]

(१०) पाण्डव विजय—मलूकदास सं० १६१३ चै०शु० १० इसे जोधपुर

अथ पाण्डव विजय सरोज कृष्ण प्रभाकर लिख्यते।

आदि-

ब्रह्म निवाण, अगम अनादि अनूपं।
निराकार निरलेप सदा, आनंद सरुपं।
जहि विभु सत्य प्रकास, चंद रवि सबहि प्रकासत।
सकल श्रष्टि आधार विस्वति न तै आभासत।
सुख सिंधु सदा ईस्वर सुखद, विघन हरन मंगल करन।
अनमंत सदा प्रेरक सकल, करहु कृपा असरन सरन।

दोहा

गननायक के नाम तैं विघन होत सब नास।
करहु अनुग्रह मोहिप (ह) सब मंगल की रास।

अन्त-

वैण सगाई माव रस, कछु न ताहि मध जांन।
खिमा करहु कविजन सकल, भुहि तुछि बुद्धि पिछान।
अस्टमास के आसरै, वनतां भयै विनीत।
ये तै माहि ग्रन्थ यह, पूरण भयौ प्रतीत।
खेड़ापो निज धाम है रामो संत सुधीर।
सिख धाल (दयाल) ताके सधर, महासुख्य की सीर।
छरल शिष्य पूरन भयौ, तहि सिख उरजनदास।
जाहि समै यह ग्रन्थ मौ, पांडव विजय प्रकास।

छप्पय

खंडापो निजधाम, संत रामां विसालवर ।
वखतराम तहि सिष्य, भक्ति जहि पर मंत्र उर ।
ता सिष्य तुरसीदास, विसद सुद्द गुन के आगर ।
जन हूलै सिख जाहि ताहि को कहियत अनुचर ।
तहि चरन कज रजदास लखि, सुदृढ़ अंत्र शिव ध्यान धर ।
वर ग्रन्थ येह पांडव विजय, दास मलूक बखाण कर ॥

दोहा

संवत् उगणीसो सरस तेरौ वरष निहार ।
चैत्रमास तिथ दस्मि सुद वर मृगांक है वार ।
मरु देस के बीच में, नगर जौधपुर जान ।
भयौ संपूरन ग्रन्थ यह पंडव विजय प्रमान ॥

सोरठा

अट्ठवीस हज्जार भारथ की टीकाकरी अनुपश्लोक उचार ।
संख्या पांडव विजय की मनहर आदस भाव !
औ विराट है उधोग वर भीष्म द्रोण कर्ण सल्य सोतिक
लखानिये ।
प्रव–सांतिक अनुसासन अस्वमेध आश्रमवास मुद्दल ता महाप्रस्त जांनिये ।
अगारोहण सार कथा अष्टादशाह प्रव सुचत विसाल पंडु विजय प्रमानिये ।
अट्ठवीस हजार है तास आसै जांनियत अनुष्टप श्लोक सरब संख्या बखानिये ।

इति श्रीश्रीमत्पुरुषोत्तमचरणारविंद कृपामकरन्द बिन्दुः प्रोन्मीलन विवेक नैं शुभ मलूकदास कृत महा भारथ महाधवल पंडवविजय सरोज कृष्ण प्रभाकरे अष्टादसमो अगारोहण प्रव समासिरस्तु । १८ ।

अक्षर श्लोक ८ । उभय सत बोत्तर लखहु श्लोक अनुष्टु (प) विधान, अगारोहण प्रव यह (२७२)

इति श्रीग्रन्थ पंडव विजय सरोज कृष्णप्रभाकरे मलूकदास हित भाषणं जम्बूद्वीपे भरथखंडे मुरधरदेशे नग्र जोधपुर मध्ये संवत् १९ वरष तेरा, मास चैत्र

तिथदसमी चंद्रावार सौ ग्रंथ संपूरण । ल० संवत् १६२८ काति फागण वदि ३० वार बुधवार श्रीरस्तु ।

पत्र ३६२ । पं० ३४ । अक्षर ३३ । साइज १६।। × १२।।

[स्थान- अनूपसंस्कृत पुस्तकालय]

(११) भगवद्गीता भाषा टीका पद्यानुवाद । र०— मलूकदास लाहौरी सं० १७५१- माघ व० २ रवि ।

आदि-

नमो निरंजन त्रिगुण पर, गुणनिधि गोविंदराय ।
नमो गुरूड्धुज कमल नैन घनस्याम जदुराय ।
नमो नमो गुरुदेवकौं पुनि पुनि बारंबार ।
नमो नमो सब संत कौ, जिन घर बसत मुरार ।
श्रीभग्व जो गीता कही, अर्जुनसौं समुझाय ।
ताकी भाखा जथामति कहौ, कथ्यहरि गुनगाय ।
तातपर्ज या ग्रन्थ को, जानत श्री भगवान ।
श्लोक श्लोक को अङ्गार्थ, कहौं सुनो सु(स) सुजान ।
गीता के श्लोक सब, सै सात थरु इक आन ।
श्रीमुख भाषे पांचसौ, अरु चौहत्तर आन ।
अर्जुन असी दोइ कहे, संजएच चालिस तीन ।
एक और कह्यो दो इकु, मिलई धृतराष्ट्र परवीन । ४
संवत् सत्रह मैं बरष, इकावन रविवार ।
माधो दुतिया कृष्णपक्ष, भाषा मति अनुसार । ५
कही मलूक के दास, दास लाहौरी निज नाम ।
जादौ सुत छत्री बरन, रसना पावन काम । ६
अक्षर घरबढ होय जो, ले है संत सुधार ।
सब संतनके चरणपर, लाहोरी बलिहार । ७
इति श्रीभगवदगीता भाषा टीका समाप्ता ।

संवत् १७८६ वर्षे मिती कार्ती सुदि ११ दिने सोमवारे पं० प्रवर हर्षवल्लभ

लिखी फकेर खार बारा मध्ये ।

प्रति- गुटकाकार पत्र ३५ पं० १३ अ० ३४

(इसी गुटके में हिन्दी भाषा में भोतल पुराण भी गद्य में है)

[स्थान- मोतीचंद्रजी खजानची संग्रह]

(१२) भागवत भाषा । रचयिता-हरिवल्लभ । ले० सं० १८५३

आदि-

श्री भागवत भाषा हरिवल्लभ कृत लिख्यते-

आयसु दियौ किसौर जु, कारजु भाषा मैं रची ।
(सु) हरिजसु गावन काजु, मोह मति है लची ॥
प्रभु कौं करि प्रनाम, भगति तामैं खची ।
भव छूटन के काज, जु बलभ-यौं रची ॥ १ ॥
प्रथमहिं प्रथम स्कंद, जु मनमैं आनि कै ।
श्लोक समान जू अर्थ, कीयौ मैं बानि कै ॥
र हंसत (बह) बाढ़ी किसोर भलौ बहु मानिकै ।
हरिवलभ मो मीत, सुनायौ आनि कै ॥ २ ॥
अमृत समान जु भक्ति रस, वल्लभ कीन्हीं बानि ।
हरख सुनि जु किसोरजु, लीन्हो बहु सुख मानि ॥ ३ ॥
सुख पायौ जु किसोर जु, भागवत जसु सुनि कोना ।
हरिवल्लभ भाषा रची, आप बुधि उनमान ॥ ४ ॥

अन्त-

तातें ह्वै करि एक मन, भगति नाथ भगवान ।
नितही सुनिये पूजिये, कहिये, कहिये गुन धरि ध्यान ॥१२॥
चौ० कर्मग्रन्थ बंधन निरवरै । को हरजस सौं प्रीति न करै ।

इति श्रीभागवते महापुराणे एकादश स्कंधे भाषा टीका संपूर्ण समाप्तम् ।

लेखनकाल संवत् १८५३का .....मासे कृष्णपक्षे तिथौ षष्टम्यां ॥६॥आदित्य-वारे । लिख्यतं व्यास जै किसन पोकरण शुभं भवतु । विसनोई साध गंगाराम ताजेजी का शिष्य ।

प्रति-पत्र ४८२। पंक्ति १५। अक्षर ४४ से ४५।

[स्थान-सुराणा लाइब्रेरी, चूरू (बीकानेर)]

विशेष-स्कंध ६ और १२ नहीं हैं।

भाण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूट पूना में इसकी पूर्ण प्रति है, उसके अन्त में निम्नोक्त पद्य है-

अन्त-

परम गूढ भागवत यह, मूरख मति अति हीन।
कहा कहूं निकराय हरि, हो प्रभु प्रेम प्रवीन ॥ २९ ॥
दंहन मथुरादास सुत, श्रीकिसोर बड़भाग।
हो दग जुगल किशोर को, वल्लभ सौं अनुराग ॥ ३० ॥
भाषा श्री भागवत की, तिनकै उपजी चाह।
हरिवल्लभ निज बुद्धि सम, कीनो ताहि निबाह ॥ ३१ ॥
चतुर चतुरभुज को तनय, कमल नैन थिर चित्त।
बंध्यो नेह गुण सो रहै, हरिवल्लभ संग नित्त ॥ ३२ ॥
गुरु की कृपा प्रताप तैं, कबिन मैं सुप्रवीन।
भाषा भागवत की करत, कछु सहाय तिन कीन ॥ ३३ ॥
यह द्वादस भाषा रच्यौ, हरिवल्लभ सज्ञान।
त्रयोदसो अध्याय मैं, आश्रय सहित बखान ॥ ३४ ॥
कविजन सौ विनती करूं, मति मन मानो रीस।
भाषा कृत दूषन जिमैं, छमियो मेरे सीस ॥ ३५ ॥
द्वादस स्कंध पूरण भये, हरि किरपा निरधार।
श्लोक गिन्नत या ग्रन्थ के, हैं सब तीस हजार ॥ ३६ ॥
छंद भंग अक्षर करत, अर्थ बिगड़ जो होइ।
दूषन तें भूषन करैं, कोविद कहिए सोई ॥ ३७ ॥

इति श्री भागवते महापुराणे द्वादश स्कंधे हरिवल्लभ-भाषाकृते त्रयोदसोध्यायः इदं पुस्तकं। ले० संवत् १८२६ असाढ़ सुदी १४ चंद्रवासरे लिखित।

राड़ूराम ओड़ पुरामध्ये! लिखईतं महारानी जी लाडकुंवरजी पत्र ७४६

(१३) भीस्म पर्व–रचयिता गंगादास । सं० १६७१

लिक्यते भीस्म पर्व गंगादास कृत ।

आदि–

सेवौ आदि पुरुष मनुलाइ, ये हि संवत् उतमा गति पाइ ।
पदन्ह घदन्ह मह सो हरि, रहरि मैसे आगि काठ मह अहई ॥
तिस मह तेलुयो अहै समान, यै सुवासु फूल मह जान ।

× × ×

अब गनपति प्रनवौ कर जोरि, ये हिते बुधि होइ नहि थोरी ।
सरस्वती के सेवा करहु, आदि कुमारी ग्यान मन हरहु ।
सारद माता परसनि होइ, सुरनर मुनि सेवै सब कोई ।

× × ×

संकर चरन मनावौ, सुमति हि के मोहि आस ।
बिस्तर कथा होई जेहि दिन करि गंगादास ।
संवत नाम कहा अब चहउ, सालह से एक हत्तर कहउ ।
मादव बदि दसमी बुधवार, हस्तु नखतु दछन विस्तार ।
ता दिन मैं यह कथा विचारि, भीस्म पर्व सौ अहै हरसारी ।
बरनत कवि यो पदवा कहइ, राजा दुर्योधन तह रहइ ।

× × ×

अन्त–

कहु के खाड लगे धर टूटा, कहु के सगी हिए सो फुटा ।
कहु के बान टूटिगे पाड, कहु के सीसा गुरीदा का घाओ ।
कहु के कटि गाइ मुश्रा डंडा, कोऊ मारी कीन्ह सतखंडा ।

अपूर्ण-गुटकाकार-प्रति ४४, पं० १३ से १६, अ० १० से १३ आकार-४॥" × ५॥"

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(१४) भोगलपुराण– लेखनकाल सं० १७६२

आदि–

ओं स्वामी भूमंडल कथं प्रमाण ।
उत्पति षष्ट (ष्टि) का क्यूं कर हुवा वखाण ।
केनो धरती केना आकाश ।
केना मंदिर मेघ कैलास ।

मध्य–

सुमेर पर्वत के दक्षिणे भाग जम्बू ऐसे नाम एक वृक्ष है ।
अरु एक लाख जोजन जम्बू वृक्ष का विस्तार है ।

अन्त–

महाराजा नांही राजा अधर्मी हों हिंगे ।
प्रथमी प्रमाण इति कलजुग एते धणीरो निरणो ।

प्रति– पत्र ६ । ले० सं० १७६२

[स्थान– स्वामी नरोत्तमदासजी का संग्रह]

(१५) शिवरात्रि–

आदि–

अथ सीवरात्रिनी पोथी लिख्यते ।
इसवर वरत सांमल चित धरी, जामें पाय जनम ना हरि ।
सुणतां छूटे भवनां पाप, सुणतां सयल टले संताप ।
गणपती प्रणमुं सिद्ध बुध धणी मांगु सुबध दीजो सुख घणी ।
पुजूं अगर कपूर घनसार, वीध सुं अरचुं पूजा अपार ।२।

× × ×

ब्रह्मा पुत्री सारदमाय सुख सेवा करे सुमाय ।
हंसवाहणी मृगलोचणी मात, कासमीर केलास विख्यात ।

× × ×

पुहवी मांडव नगर सुभंग, सोमनाथ तिहां तीरथ रंग ।
वसे नगर ते अति विस्तार, वरण वरण न लामे पार ।१८।

जेह नगर थी पूरब दिसे सामंतसी एक पारधी बसे ।
तेहना माय बाप डीकरा नाना बालक छोरू छकिरा ।
सतवंती वामे लसनार माणस आठ तणो परिवार ।२९।
नीत उठी आहेडो करे इणि परे पेट घणो दुख भरे ।
केता एकदिवस इणी परे गया, दूसर दिवस परत आलीया ।३०।
तेरस दिवस फागण सोमवार, वीस दिवस फागण सोमवार ।
बीस दिवस चोदस अंधार... ....
इस संजोग लहे नरनार, तेह ना गुण तो अंत न पार ।३१।

प्रति-गुटका-पत्र ३०, पद्य ४४५ के बाद अपूर्ण पं० १२, अ० २५,

[स्थान-मोतीचंद खजानची संग्रह]

(ख) राम-काव्य

(१) अंगद पर्व-रचयिता-लालदास।

अंगद प्रब लिख्यते-

आदि-

पतित उधारण रामु है, रघुनाथ बली।
प्रथम बंदि गुरुचरण, पिता उधो सिर नाऊँ।
साधु कृपा जो होई, राम आणंद गुण गाऊँ।
रावण रामु पावन कथा, सुनोहु चितु समुझाइ ॥ १ ॥

अंगद वचन

रामजी के चरित है सुणि आणंद उर न समाहि।
जामुवंत सुग्रीव हनू, अंगद अधिकारी।
पत्त अठारह जुरे तहां, कपि दल भयो भारी ॥ २ ॥

× × ×

अन्त-

करहु बड़ाई रामकी, मेरे आगे आयि।

× × ×

द्रिग विसाल धनु धरै, करहि पीतांबर बाधै।
तू प्रचंड के डंड तहां जु असुर सुर साधै ॥६१॥
जो निसपति अति राजई, सूरिज ज्योति प्रगास।
श्री रामचन्द्र उदार राय पर बलि बलि लालादास।

श्री श्री रामचन्द्र चरितु अंगद प्रब समाप्त।

प्रति-गुटकाकार। प्र० ८५॥, पत्र ७५ से ८०, पं० ६, अ० १६, लेखनकाल १८ वीं शताब्दी-

विशेष-इसमें बाल लीला पद्य ४४ कल्याण, जन्म लीला पद्य ६०, सूर श्याम लीला पद्य ५३ कल्याण, सुदामा चरित पद्य ५६, कमलानंद गुरुचरित्र गा० ३७, कल्याण पद्य ६१, अन्त में नरहरि नाम आदि है।

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(२) रामचरित्र-रचयिता रामाधीन-

आदि-

अथ श्री रामचरित्र लिख्यते--

रघुकुल प्रगटै रघुबीरा।

देस देस तै टीकौ आयौ, रतन कनक मणि हीरा।
घर घर मंगल होत बधाये, अति पुरवासिनु भीरा।
आनंद मगन भये सब डोलत, कछुवन सुधी सरीरा।
हाटक बहु लछ लुटायेगो, गयंद हये चीरा।
देत असीस सुर चिर जीवहु, रामचंद रणधीरा।

पद्य ५० के बाद अपूर्ण- पत्र २७, पं० १४, अ० १५, साइज ५॥×८॥।

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(३) राम विलास- रचयिता-मु० साहिब सिंध। रचना-संवत् १८०८ वै० सु० ३। मरोठ

आदि-

बाग बणेहि अत ही अधिक, अवधपुरी के अेन।
कमलनैंन क्रीडा करै, सीता को सुख देन॥

अन्त-

अठारै सै अठोतरै, सुदि तृतीया वैसाख।
रामविलासमरोठ मधि, मलौ रच्यौ सुध माख॥

इति राम विलास मुद्दता साहिब सिंध कृत संपूर्ण।

प्रति-पत्र २, पद्य ३३,

[स्थान-बृहद् ज्ञान भाण्डार]

(४) रामायण । रचयिता-चंद । पद्य-दोहा ५६, छप्पय १, झूलना १, सवैया १०१ । लेखन काल १८ वीं शताब्दी ।

आदि-

गुरु गणेस अरु सारदा, समरे हीत आनंद ।
कछु हकीकत राम की, अरज करत है चंद ॥ १ ॥
आदि अनादि जुगादि है, जाहि जपे सभ.कोइ ।
रामचरित्र अद्भुत कथा, सुनौ पुन्य फल होइ ॥ २ ॥

अन्त-

पारस न चाहुं पर जीते कोन न धाउ अनदेव कोन धावत कहत हौं सुभाव की ।
चाहु न कुमेर को सुमेर सोनौं दान देइ कामना न करो कामधेनु के उपावन की ।
चाहु ना रसाइन जोता मैं तो सोनां होई, राखत न तमा नेक अन्य कै सहाब की ।
जाचबै के काज हाथ ओभता सकल दिसि चंद जीय चाहता हो किपा रघुनाथ की ॥ १५९ ॥
इति श्रीरामायण चन्द्र क्रित संपूर्ण ।
प्रति- पत्र २४ । पंक्ति १० । अक्षर ३३ । आकार ८ × ४ ।

[स्थान- जिनचरित्रसूरि संग्रह]

(५) रावण मंदोदरी संवाद । रचयिता- राज (जिनराजसूरि) । रचनाकाल- १७ वीं शताब्दी ।

आदि-

राग-जइतसिरी

आज पीउ सोचत रमणि गई ।
नायक निपुणाइ इधमई कांजि काहे आणि ठई ॥ १ ॥आ
मेरइ कहिइ बिलगि जिन मानउ, हइविल वेलिवई ।
बिरारइ काम कह उगे मोकुं, किंनहुं न खबरि दई ॥ २ ॥
सुणीयत हइ गढ़ लंक लयंण कुं, होवत राम तई ।
न कहत करत राजिसु कोऊ, कनक न बात भई ॥ ३ ॥आ

इति मंदोदरी वाक्य । राग-सामेरी ।

आज पीव हुक्कर बारी क्याई ।

जलधि उलंघि कटक लंका गढ़, घेर्यउ पडी लराई ॥ १ ॥आ
लूट त्रिकूट हरम सब लूटी, तूटी गढ़ की खाई ।
लपकि लंगूर कांगुरइ बइठे, फेरी राम दुहाई ॥ २ ॥
जऊ दस सीस बीस भुज चाहइ, तउ तजि नारि पराई ।
राज थपत हुणिहार न टरिहइं, कोटि करऊ चतुराई ॥ ३ ॥

अन्त-

केवल प्रथम पत्र अप्राप्त है। ग्रंथ पदों में होने से सुन्दर संगीतमय है। पर अपूर्ण उपलब्ध है।

प्रति- पत्र १, पंक्ति १५, अक्षर ४० से ४५, साइज ६।।। × ४ एक पत्र और भी मिला है, व एक गुटके में भी कई पद मिले हैं।

[स्थान- अभय जैन ग्रन्थालय]

(६) **हनु (मान) दूत** । पत्र १०४, रचयिता-पुरुषोत्तम, सं०१७०१ माह व० ६ ।

आदि-

श्रीराम जाके ताके बुधि बढ़ै, जोके ताके आइ ।
पुरुषोत्तम गहि प्रथम ही, गवरिपूत के पाई ॥ १ ॥
पुरुषोत्तम कवि कपिला, वासी मानिक नंदु ।
कृपा करै परवत-पती, बाज बहादुर चंदु ॥ २ ॥
वांमन बरन हौं मनै दिया कहावतु हौ ।
गोकरन गोतु सब तै अगाऊ को ॥
रामु परदादो दादो गदाधर जानियतु ।
केपिला मैं ठाऊ नाऊ मानिकु पिताऊ को ॥
नंद नीलचंद के करी है कृपा बाजचंद ।
वाही है अधिक हितु, हितू औ बटाऊ को ।
जे सुनै कवितु सोइ चितु दे कै बुझतु है ।
कौनु पुरुषोत्तमु जू, कवि है कुमाऊ क्यौ ॥ ३ ॥

× × ×

पराक्रम पुरो पौंन पूत को सुनि के मन,
इच्छा भइ बरनौं जिसतै राजी रामु है ।
संवतु हो दस-सात सत उरु एक जहां,

माघ बदि आटि जो महीना पुनि बामु है ।
सुभ बुधबासह सुपखु सुभ घरी पुनि,
महा सुभ नखतु निपट सुभ नामु है ।
करो तहा ख्यालु पुरुषोत्तम बनाइ करि ।
धरो याको नीको हनुमानदूतु नामु है ।

अन्त-

सीता की ताकी अधिक, सीता की सुधि पाई ।
वाज बहादुर चंद को, मो दयाल रघुराई ॥ १००
रामायनु कीनों हुतौ, वालमीकि बुधि लाइ ।
पुरुषोत्तम सुनि कह कथा, कीनी भाषा भाइ ॥ १०१
सहसकृत सौं कहत है, सुरबानी सब कोई ।
तातें भाषा मैं कथा, की प्रसिद्ध जग होइ ॥ १०२
हनुदूत को जो सुनै, केधौं पढ़ै बनाइ ।
तासौं कविता सौं सदा, राजी रहे रघुराई ॥ १०३
कवि पुरुषोत्तम है कियो, रामायन को ततु ।
इति श्री सिगरो है भयो, हनुमान दूततु ॥ १०४

इति-संपूर्ण । प्रति-पत्र १३, पं० ११, अक्षर ३५, साइज १० × ४

[स्थान- अनूपसंस्कृत पुस्तकालय]

———

(ग) कृष्ण-काव्य

(१) उछव का कवित्त ५७, लेखनकाल १६ वीं शताब्दी

अथ उछव का कवित्त लिख्यते ।

आदि-

प्रथम हिंडोरा के कवित्त ।

जमुना कैं तीर भीर भई है हिंडोरना पे, दूर ही तैं गहगड गति दरसतु है ।
गान धुनि मंद मंद गावत काननि मैं बीच बीच बंशी प्रान पैठि परसतु है ।
देखि कारे द्रुम कोल तान मादि दामिनी सौं, पट फहरात पीत सोभा सरसतु है ।
हा हा भनि नागर पे हियो तरसत है ली, आज वा कदंब तरै रंग बरसतु है ।

कवित्त ७ के बाद फाग विहार के १२ तक, प्रीतम प्रति व्रज बलम बीन बचन के नं० १७ तक, मांझी के नं० २० तक, रास के नं० २४ तक, कृष्ण जन्म उत्सव नं० ३२ तक, लाड़िली राधे जन्मोत्सव के नं० ४२ तक, पवित्रा के १, राखी उत्सव का १, दिवारी उत्सव के नं० ४७ तक। श्रीकृष्ण गिरधार्यो जी समै के नं० ५२ तक, पारायन भागवत समै का नं० ५७ तक है।

अन्त-

उदर उभार सुनि पावन जगत होत, फिरनि विविध लीला नंदलाल लहिये ।
परम पुनीत मनको कदन प्रफुलित, विमुखक मोद सभा देखत ही दहिये ।
यह श्रुतिसार मधि नागर सुखद रूप, नवधा प्रकास रस पीवत उमहिये ।
तिमर अज्ञान कलि काल के मिटायबे को, प्रगट प्रभाकर श्रीभागवत कहिये ॥ ५७ ॥

इति श्रीभागवत परायण समै के कवित्त संपूर्णम् ।

प्रति-गुटकाकार । पत्र-१०, पंक्ति-२०, अक्षर-२०, साइज ७ × १०,

[स्थान-मोतीचंदजी खजांची का संग्रह]

(२) कृष्ण लीला–

आदि- प्रथम पत्र नहीं है ।

अन्त–

अष्टोत्तर शतपद नेमनीया निस दिन मुख थाके रोजी ।
राधा गोपी गिरधर संगे, क्रीडा अनुदिन हे रोजो ।
दासी सुन्दर जब न बिगरी, प्रेम हरखि सुख गाएजी ।
ध्यान पियारो सुन्दर बनोगी जोडी ।

प्रति–पत्र २ से १२, पं० १५, अ० १२, साइज ७ × ५

(३) कृष्ण विलास । पद्य ३६ । रचयिता-मु० साहिब सिंघ ।
रचनाकाल संवत्-१८०८, मगसर सुदी ३ रवि० (मरोठा)

आदि–

कृष्ण पधारो कृपा कर, आणंद भये अपार ।
काम पग मांडकर, निरख रुक्मणी नार ॥ १ ॥

अन्त–

मोटो कोट मरोट को, जूनौं तीरथ जान ।
साहिब सिंघ सुखसौं वसै, भजन करे भगवान् ॥ ३५ ॥
आठार सै अठौतरै, मगसर सुद रविवार ।
तिथ तृतीया सुभ दिवस कूँ, कृष्ण बिलास बतार ॥ ३६ ॥

इति कृष्ण विलास मु० साहिब सिंघ कृत संपूर्णम् ।

लेखन काल-संवत् १८४८ वैसाख सुद ४ सनि । नोखा मध्ये ।
प्रति-पत्र ४ । राम विलास के साथ लिखिता ।

[स्थान-बृहद् ज्ञान भाण्डार]

(४) गोपीकृष्ण चरित्र (बारहखडी) । पद्य ३७,
रचयिता-संतदास । लेखनकाल-संवत् १६१७

आदि–

कका कमल नैन जबतैं गये, तब तैं चित नहिं चैन ।
व्याकुल जलबिन्दु मीन ज्यों, पल नहीं लागत नैन ॥ १ ॥

अन्त-

जो गावै सीखै सुनै, गोपी कृष्ण सनेह ।
प्रीति परस्पर अति बढ़ै, उपजै हरि पद नेह ॥ ३७ ॥

स्वामी नारायणदास लिखितम् ।

प्रति-गुटकाकार । पत्र ५ । पंक्ति १० । अक्षर १२ । आकार ६ × ५।।।

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय]

(५) जन्म लीला—रचयिता-कल्यानजी ।

आदि-

साधु सभ की सुनो परीक्षित सकल देव मुनि साखी हो ।
कालिंदी के निकट अत इक मधुपुरी नगर रसाला ।
कालनेमु उग्रसेन वंस कुल उपज्यो कंस भुवाला ।

× × ×

अन्त

नाचत महर मऊथा मनु कीनै भी पार बजावै तारी ।
दास कल्यान श्याम गोकुल में प्रगट्यो गर्व पहारी ॥

इति श्री जन्मलीला संपूर्ण ।

प्रति-पत्र ८१ से ८५,

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(६) जुगल विलास-पद्य-७६ । रचयिता पीथल (पृथ्वीसिंघ) र० सं० १८०

अथ जुगल-विलास लिख्यते ।

आदि-

सुचि रूचि मन बच कर्म सों, जयतु यदुपति जीव ।
प्रभु को नाम पीयूस रस, पीथल नित प्रति पीव ॥ १ ॥
श्रीसरसुति गनपति सदा, दीजे बुद्धि बहु ज्ञान ।
कर जोरै बीनति करौं, सिर नाऊं धरि ध्यान ॥ २ ॥
नंदलाल वृषभानुजा, ब्रज कीने रस रास ।
बुद्धि माफक बरनौं वही, जाहर जुगल विलास ॥ ३ ॥

× ×

अन्त-

दूलह लाल गोपाल लखि, दुलहिन बाल रसाल ।
पीवल पल पल नाम लहि, जुगल हरे जंजाल ॥
राधा नंदकुमार कौं, सुमिरन करे दिन रैन ।
ताते सब संकट टरै, चित उपजै अति चैन ॥

प्रति-गुटकाकार-पत्र ५६, पंक्ति १३, अक्षर १४, साइज ५"×६"

विशेष-पद्यों की संख्या का अंक २३ के बाद लगा हुआ नहीं है। समाप्ति वाक्य भी नहीं है। अतः अपूर्ण मालूम पड़ता है। नायक नायिकाओं का वर्णन भी है।

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

इस ग्रन्थ की एक प्रति खरतर आचार्य शाखा के भंडार मे प्राप्त हुई है जो पूरी है। मिलाने पर विदित हुआ कि इसमें उपर्युक्त आदि एवं अंत का पहला पद्य नहीं है, कहीं २ पाठ भेद भी है। अन्त के दोहे से पूर्व एक छप्पय है और पीछे एक दोहा और है जिनसे ग्रन्थकार व रचनाकाल पर प्रकाश पड़ता है अतः उन्हें यहाँ दिये जारहे हैं:—

छप्पय

ब्रज भुव करत विलास रास रस रसिक विहारिय ।
सीस मुकट छबि देत श्रवन कुंडल दुति भारिय ।
गलि मोतिन की माल, पीत पट निपट जुगल छबि ।
नीकी छाजै ॥
यह रूप धारि हिय मैं सदा, जाते सब कारज सरै ।
सुभ जुगल चरण नृप मांन सुत, प्रथीसिंघ-
प्रणपति करै ॥ ७४ ॥

७५ वां उपर के अंत वाला है।

अन्त-

सुर तरु नभ वसु ससि बरस, भादौ सुदि तिथ गार ।
पूरन युगल-विलास किय, माय युत सुर गुरुवार ॥ ७६ ॥

इति श्री युगल विलास ग्रन्थ महाराजाधिराज प्रथीसिंघजी कृत संपूर्ण ।

ले०संवत १८४६ मिति महाशुक्ल एकादश्यां तिथौ लिखितं । पं०अमरविला-सेन । श्री कुशलगढ़ मध्ये रा० श्री जिनकुशलजी प्रसादात ।

[प्रतिलिपि-अभयजैनग्रन्थालय]

(७) बारहखडी—रचयिता-मस्तरामजी ।

अथ-मस्तराम की बारहखडी लिख्यते ।

आदि-

दोहा

कका करना कत व्रजकामनी, भगत कंत की आस ।
मन तन चात्रिग ज्यौ रटै, श्री कस्ण मिलन की आस ।

कवित्त रेखता चाल-

कका कवर कान के हाथ में बांसुरी रे खडा जमुना तट बजावता था ।
पडी गेद जो दहम करि पड्या काली नाग कु'नाथ करि ल्यावता था ।
संत महंत जोगेश्वर ध्यान धरै, वाका अंत कोई नहीं पावता था ।
मसतराम जालिम मया कंस कारे खडा कु'ज गेली बिचि गावता था ।

अन्त-

हा हा हरि नांव की बात अगाध है रे संत बिना बुधि नाहीं आवै ।
गोपाल ज्यौ नंद के लालजी सू', बारू बार गुलाम की भेरे आवै ।
मैं तो अखिरा को बल नांहि जानु', और बुधि नहीं कृष्ण नांव जावै ।
मसतराम गुलामैं ज्यो आप ही को बुधि दीजिये तो चरनो चितरल्या रहौं । ३४ ।

इति बारहखडी संपूर्ण ।

प्रति-गुटकाकार-पत्र ७, पं-१८, साइज ८।×६

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(८) बिहार मंजरी (पद) रचयिता-सूरज

आदि–

राग

विघन हरन गनपति हिय नाऊं गवरिनंद जगवंद चंद
सुत सिंधुर बदन निरखि सुख पाऊं ।
सजि सुगंध उपचार अमित गति निरमल सलिल
उपरि अन्हवाऊं ।
श्री सिरदार शिरोमणि सूरज पद पंकज चित हित
नित लाऊं ।

अन्त–

संत पुराण निगम आगम सब नेति नेति कहि गावैं ।
शिव ब्रह्मादि सकल के कर्ता भर्ता अपनावैं ।
करहु कृपा गुण गण नित पाऊं सूरज उगणि सवायौ ।

इति श्री सूरज सिरदार विहार मंजरी नाम्ने ग्रन्थे भक्त पद्मवर्णनं नाम सप्तम स्तबकः समाप्तः ।

दोहा

संवत् राखि शशि निधि·······माघ मास तम पक्ष ।
पंचमि गुरुवास विमल·············पद सुदक्ष ॥ १ ॥

प्रति–गुटकाकार–पत्र ६१, पं० १५, अ० १२, साइज ६ × ६॥

[स्थान–अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(६) राधाकृष्ण विलास (दान लीला) । पद्य ६४

रचयिता–माधोराम । रचनाकाल संवत् १७८४ आश्विन ।

अथ राधाकृष्ण विलास दानलीला लिख्यते ।

आदि–

दोहा

प्रकृति पुरुष शिव सक्त है, भेद रटत निरधार ।
बही प्रकृति वृषभान ज्यूं, पुरुष सुनंद कुमार ॥ १ ॥

राधा माधव एक है, जैसे सुमन सुगंध
भाव भेद जे करत है, महा मूढ मति अंध ॥

अन्त–

भगत जुगति संपत लहै, पढ़ै सुनै जो कान ।
लीला जुगल किशोर की, सबको करै कल्यान ॥ ६३ ॥
सतरहसै चौरासियै, आश्विन पूरणमास ।
माधोराम कह्यौ इन्हें, राधाकृष्ण विलास ॥ ६४ ॥

इति श्रीदानलीला संपूर्णम् ।

लेखन काल–प्रति १–१६ वीं शताब्दी पंचभद्रा मध्ये काती वदी ७

प्रति–२–संवत १७६६, मि० सु०१५ । प्रति-१, पत्र ४, पंक्ति २०, अक्षर ४०, आकार ६×५॥, प्रति–२, गुटकाकार, पत्र ७, पंक्ति १८,

(१०) रुक्मणी मंगल–रचयिता–विष्णुदास–रचनाकाल सं०१८३४

आदि–

एक पत्र नहीं ।

.... रुक्मणी करो सगाई ।
अगले शहर के लोक बुलावो, सबही के मन माइ ।

अन्त–

रुक्मणी व्याह सुनत रस बरसत, तनमन चित्त लगाय ।
या सुख कूं जाने सो जाने, विष्णुदास गुन गावे ।

इति श्रीरुक्मणी मंगल संपूरन ।

प्रति– गुटकाकार

पत्र २ से २५, पं० १५, अ० ८ से १४, साइज ५॥×७

[स्थान– अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

रासलीला-दानलीला–रचयिता– सूरत मिश्र

अथ रासलीला लिख्यते–

आदि-

दोहा

बृजरानी बृजराज के चरण कमल सिरनाइ ।
बृजलीला कछु कहत हैं, लखी दगनि जिहि भाइ ॥ १ ॥
भादव सुदि छठ के दिनां, सांत न कुंड ज न्हाइ ।
संतन संग सब जातरी, बसत करबलां जाइ ॥ २ ॥
तहां पाछली निसि लख्यौ, इक मंडल पर रास ।
दंपति छबि संपति निरीखि, को कहि सके बिलास ॥ ३ ॥

× × ×

अन्त-

खरी होहु ग्वारिनि कहा जू हम खोटी देखी, सुनो नैंक बैन सो तौ और ठाँव जाइयै ।
दीजो हमें दान सो तौ और छ न परब कछु, गोरस दै सो रस हमारे कहाँ पाइयै ।
महा यह दीजै सो तौ महीपति दे है कोऊ, दह्यौ जो पै दहै हौ तो सीरौ कछु खाइयौ ।
सूरत सुकवि एसें, सुनि हँसि रीझे लाल ।
दीनी उरमाल सोना कहां लगि जाइये ॥ ४६ ॥

दोहा

तब हंसि हंसि ग्वारिनि दियौ, ग्वारिनि दधि बहु भाइ ।
लीला जुगल किसोर की, कहत सुनत सुखदाइ ॥५०॥

इति दानलीला मिश्र सूरतजी कृत संपूर्णम् । सं० १८३४ फा० सु० १३ बुधवार, प्रति-पत्र ७, पं० १६, अक्षर १६ से १६

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(११) वनयात्रा (परिक्रमा व्रज चौरासी कोस की) रचयिता-गोकुलनाथ (१) लेखनकाल-२० वीं शताब्दी

आदि-

ताके आगे मधुवन है । तहाँ श्रीठाकुरजी ने गऊ धारण लीला करी है ।
तहां मधुकुण्ड है । तहां मधु-दैत्य को मार्यौ है ।

अन्त-

वन जात्रा परिक्रमा श्रीगुसांईजी करी। सो श्री गोकुलनाथजी अपने सेवकन सों कहत हैं। जो वैष्णव होन ब्रज की परिक्रमा करै तब ब्रज को सरूप जान्यौ परै।

प्रति-गुटकाकार। पत्र २२। पंक्ति १७। अक्षर १८। आकार ८×६।

विशेष- आदि अन्त नहीं है।

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(१२) श्याम लीला-

आदि- राग मलार (टेक)

गोकलनाथा गोपिननाथा खेलत ब्रज की खोली।

जब गोकुल गोपाल जन्म भयो कंस काल में बील्यो।

बहु विध करत उपाय हरनकूं छल बल जातु न जील्यो।

अन्त-

जो या कथा सुनै अरू गावै, है पुनीत बड़भागी।

दासु कल्यान रयन दिन गावै, गुन गोपाल तियागी।

इति श्याम लीला समाप्ता। पत्र ७२ से ८६।

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(१३) सुदामा चरित्र-

आदि-

अथ सुदामा चरित्र सवईया ईकतीसा लिख्यते।

माधू जू के गुन गाई गाइ गाइ सुखपाइ।

और न सुनाइ सेष नाग हू से हारे हैं।

महिमा नं जानौ सुक नारद औ बालमीक।

ताके कहिबै को कहा मानस विचारे हैं।

जैसी मति मेरी कथा सुनी है पुरान मति

जिहि भांति सुदामा जू द्वारिका सिधारे हैं।

तंदुल ले चलै कैसे हरि जूं सू मिलैं पुनि कैसें

फेर आए निज हारद विचारे हैं।

अन्त-

जाकै दरबारि कवि ब्रह्म व्यास बालमीक
हा हा हुं हुं गाइन कैसे कै रिझाइवौं ।
रुद्रसेन महासिंगारी नारद वैनधारी
रंभासी निरतकारी सुक सौं पढाइवौं ।
वैकुण्ठ निवासी अब भयौ वृजवासी ध्यानु
हिरदै में प्रकासी स्याम निसि दिन गाइवौ ।
सुदामा चरित्र चिंतामनि सामी सावधान
कंठ तै खलीता राखि साधन सुनाइवौ ।

इति श्री सुदामा चरित्र सवईया पद्य संपूर्ण समाप्त ।

प्रति- पत्र ६ । पं० ६ । अक्षर ४४ ।

[स्थान-मोतीचन्दजी खजानची संग्रह]

(१४) सुदामा चरित्र-

अथ सुदामा चरित्र बीरबलकृत लिख्यते ।

आदि-

कवित्त

माधौजी के गुन गाय गाय सुख पाय पाय और नि सुनाय
हंस नाग हू से हारे हैं ।
महिमा न जानै सुक नारद औ बालमोक ताके
कहिबे के कौन मानस विचारे हैं ।
जैसी मति मेरी कथा सुनी है पुरान करि
ज्यौंकर सुदामा तब द्वारिका सिधारे हैं ।
तंदुल ले चले के हैं हरि जू सो मिले
पुनि कैसे फिरि आए निज दारिद विडारे हैं ।

अन्त-

जाके दरबार कवि ब्रह्म व्यास बालमीकि
कहाँ हा हा हू हू गायत सु कैसे कै रिझायवें ।

इन्द्र से महासिंगारी नारद से बीनधारी
रंभासी निरतकारी सुक से पढ़ायवें ।
बैकुंठ निवासी आप भयो ब्रजवासी
स्याम राधिका रमन कवि वरन सोइ गाइवौ ।
सुदामा चरित्र चिंतामणि सब सावधान
कंठ के पियार राखि साधनि सुनायवौ ॥

इति श्री बीरबल कृत सुदामा चरित्र संपूर्ण ।

प्रति-गुटकाकार । पत्र २३ । पं० १३ । अक्षर ११ साइज ४॥ × ६ ।

[स्थान- अनूपसंस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(१५) सुदामाचरित

कहत त्रीया समुभाई दीनको मधुहरी ॥ टेक
द्वारामतिलों जात कहा पीय तुम्हरो लागें ।
जाके हरि से बंध कहा धरि धरकन मागें । २ ।

अन्त-

दीनबन्धु बिरदावली प्रगट इह कलिकाल ।
कवलानन्द मुदित चित गावैं, कीरति मदनगोपाल । ५८ ।

इति सुदामा चरित समाप्त

पत्र ६५ से १०० ।

[स्थान- अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(१६) सुदामाजी की ककाबत्तीसी ।

आदि- पत्र २१ मे

अंत-

लला छूटा जो दिप आदि नहीं थे तो चरन सरन सद्गुरु की रहियो ।
नांव मधुरी रस पिया सुजान जसु गुर वास नहीं होय पवाना ।

इति श्रीसुदामाजी की ककाबत्तीसी ।

आदि-

कका कहि जुग नाम उधारा, प्रभु हमरो भव उतारो पारा ।
साधु संगति करि हरि रस पीजै, जीवन जन्म, सफल करि लीजै ।

[स्थान- अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर]

(घ) सन्त-साहित्य

(१) कबीर गोरख के पदों पर टीका ।

लेखन-काल १६ वीं शताब्दी ।

अर्थ

सहजै मानसी भजन द्वंद्व रहित फल पाप पुन्न फूल कामनान्तर प्राण तत्वरूप ह्वै रह्या । गुण उदै नहीं । पल्लव पर कीरति नहीं । आहें अंकुर नहीं । बीज वासना नहीं । परगट परस्या ब्रह्म गुर गमतें गुरु पारसादि ब्रह्म अग्नि पर जारी । पुजारी । प्रकीरति । सासे सूर मनोपवन । तानी सौति दूर कहिये । इनते आगे जोग कहिये । जुगतारी आत्मा परमात्मा जुगल सोई जोग तारी ॥ १ ॥

प्रति- पत्र ४७ । पंक्ति १५ से १६ । अक्षर ३६ । आकार ॥ ११ + ६ ॥

[स्थान- स्वामी नरोत्तमदास जी का संग्रह,]

(२) कबीर जी का ज्ञानतिलक । रचयिता-रामानन्द ।

आदि-

ॐकार अवगत पुरुसोत्तम निजसार, रामनाम भजि उतरो पार ।
ॐगुरु रामानंदजी नीमानंदजी विष्णुश्यामजी माधवाचार्यजी ।
चार दिसा चारौं गुरुभाई, चारों न्यें चार संप्रदाय चलाई ।
ॐकोन डारते मूल बनाया, कोन सब्द अस्थूल बनाया ।
ॐ डार ते मूल बनाया, सोहं सब्द ते अस्थूल बनाया ।

अन्त-

भक्ति दिलावर उपजी ल्याये गुरु रामानंद ।
दास कबीर ने प्रगट किया सप्तदीप नवखंड ॥

इति रामानंदजी का कबीरजी का ज्ञानतिलक संपूर्ण ।

लेखनकाल– लिखितं गंगादास । जैसा देख्या तैसा लिख्या छै । मम दोषो न दीयते ।

प्रति– पत्र ६ । पंक्ति ११ । अक्षर २६ । आकार ६ × ५ ।

विशेष– गुरु चेला के प्रश्नोत्तर संवाद के रूप में है ।

आदि अन्त का १-१ पत्र रिक्त ।

[स्थान– अभय जैन पुस्तकालय]

(३) जैमल ग्रन्थ संग्रह । रचयिता–जैमल । लेखनकाल-१८ वीं शताब्दी ।

आदि–

आदि के पत्र नहीं मिले हैं ।

मध्य–

वैरागी को रूप धरि, वैरागिणी चाले लार ।
जैमल उनकूं गुरु करे, अन्ध सबै संसार ॥ २५ ॥
जोग जहां जोरू नहीं, भगति जहां भग नांहि ।
अविगति आपै आप है, जैमल हिरदा मांहिं ॥ २६ ॥
× × ×
क्यूं करि भया निरंजनि, हमकूं कहि समझाहि ।
गांडा चूसे रस पीवे, भूला है तब खाहि ॥ ८१ ॥
क्यूं करि भया निरंजनि, कोण समरणि सार ।
पेट भरण के कारण, रोकि रह्या पर द्वार ॥ ८२ ॥

अन्त–

अन्त के पत्र भी प्राप्त नहीं हुए ।

प्रति–पत्र १२६ । पंक्ति १७ । अक्षर ३२ । आकार ७। × ५॥,

विशेष–कुछ अंगों के नाम इस प्रकार हैं—

सुमिरन अंग, चौपदै, निर्वाण पदै, भगति वृदावली, विधान पदै, सूरातन को छंद, सीतमहातम को अंग आदि ।

[स्थान–अभय जैन ग्रन्थालय]

(४) नरसिंह ग्रन्थावली । रचयिता-नरसिंह ।

आदि-

सरीर सरबंग नाटक ।

गुरु दादू वंदो प्रथमि, नमस्कार निराकार ।
रचना आदि अनादि की, विधिसौं कहौं विचार ॥ १ ॥
दादू गुरु प्रसाद सब, जो कुछ कहिये ज्ञान ।
बीज ब्रम विस्तार जगु, सो अब करौं बखान ॥ २ ॥
बुधि समानसौं कहतु हौं, या तनके जो अंग ।
दादू गुरु प्रसाद ते, रचो सरीर सर्वंग ।

अन्त-

जन्म मरण ऐसे मिटैं, पावैं पूरण अंग ।
नरसिंह मन वच कर्म करि, सुने सरीर सर्वंग ॥१३॥१५७॥

इति श्रीनरसिंहदासेन कृतं सरीर सर्वंग नाटक संपूर्णम् ।

केवल ब्राह्मण लिखितम्

प्रति- पुस्तकाकार । पत्र २५ । पंक्ति १२ । अक्षर १० । आकार ४ × ६ ।
विशेष- इस प्रति में नरसिंहदास के बनाए हुए अन्य निम्नोक्त ग्रंथ हैं-

(१) चतुर्समाधि	पत्र २६ से ३२ तक
(३) (ना) मन्निर्णय	३७ तक
(४) सप्तवार	३८ तक
(५) विरहिणी विलाप	४१ तक
(६) बारहमासाजी, ब्रह्म विल स	४५ तक
(७) त्रिकाल संध्या	४६ तक
(८) साखी स्फुट ग्रन्थ	७२ तक
(९) अतीय अवस्था अंग	१०७ तक
(१०) झांझ, त्रोटक, कुंडलिया, कवित्त	२२७ तक

हन्द्व छन्द, अज्ञानता को अंग, विश्नपद, विविधरागिनियों के पद ।

[स्थान- अभय जैन ग्रन्थालय]

सुखमनी समाप्तम् । लेखनकाल १८ वीं शताब्दी ।

प्रति-गुटकाकार-पत्र ३५ । पंक्ति १५, १६ । अक्षर २५ साइज ५।।×४

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय, बीकानेर]

(६) **पद-संग्रह** । इसमें कबीर, मीरां, सेवादास, नामदेव, जनहरिदास, तुलसी, सूर, साधूराम, नंददास, माधोदास, आदि अनेक कवियों के पदों का विशाल संग्रह है । पत्र १८६ तक विविध कवियों के तथा उसके बाद केवल रामचरणजी के दो पद हैं । उनका एक पद नीचे दिया जाता है—

आदि-

भज रे मन राम निरंजण कूं,
जन्म मरण दुख भेजण कूं ।
अर्धनाम मिल सादर पायो
रामचन्द्र दल त्यारन कों ॥ १ ॥
जल डूबत गज के फंद काटे,
अजामेल अघ जारन कूं ।
राम कहत गिनका निस्तारी,
जुग जुग अधम उधारन कूं ॥
ऊंच नीच की भांति न राखे ।
शरणा की प्रतिपालन कूं ।
रामचरण हरि ऐसे दीरघ,
औगुण वणां निवारण कूं ॥

लेखनकाल-२० वीं शताब्दी ।

प्रति-पत्र २३६ अपूर्ण । पंक्ति १२ । अक्षर ४० । साइज १०×४॥

[स्थान-स्वामी नरोत्तमदासजी का संग्रह]

(७) **मोहनदासजी की बाणी** । रचयिता- मोहनदास ।

लेखनकाल- संवत् १८८२, माघ सुदि, ४ शुक्र ।

आदि-

नमो निरंजनराय, नमो देवन (के) देवा ।
निराकार निर्लेप, नमो अलख अभेवा ॥

नमो सर्वव्यापीक, थूल सूछिम सब मांही ।
नमो जगत आधार, नमो जगदीश गुसांई ॥
सचराचर भरपूर हो, घाट बांधि नहिं कोय ।
मोहनदास वन्दन करै, सदा आणंद घन तोय ॥ १ ॥

अन्त-

झूठी छांडी खेंचा ताणी, मोहन करों हरी सों नेह ॥ ४३ ॥

लिखितं रामजीनाथ पठनार्थं ।

प्रति- गुटकाकार । पत्र १५१ । पंक्ति ६ । अक्षर १६ । साईज ६×४ ।
विशेष- अंग, शब्द, सवैया, रेखता, आदि सबका जोड़ २००० लिखा है ।
[स्थान- स्वामी नरोत्तमदासजी का संग्रह ।]

(८) मोह विवेक युद्ध । रचयिता- लालदास । रचनाकाल-संवत १७६७ से पूर्व । फागुनसुदी ६ ।

आदि-

आदि अन्त अमृत ए स्वामी, एई अविगत है अंतरजामी ।
सकल सहज सम सदा प्रमान, सुख सागर सोई साध समान ।
सकता साध गुरां के पग परौं, रामचरत हिरदै पर धरौं ।
गुरु परमानंद को सिर नाऊं, निर्मल बुद्धि दै हरि गुन गाऊं ॥ ६ ॥
मन क्रम वचन प्रथम गुरु, वंदौं कल्पद्रुत्त अरु संत ।
सुक नारद के पग परौं, प्रगटै बुद्धि अनन्त ॥ ७ ॥
तुम हौ दीन दयानिधि गुरु, होहु प्रसन्न प्रेम सुखधाम ।
होहु प्रसन्न देहु मत सार, जानों मोह विवेक विचार ॥ ८ ॥

× × ×

अन्त-

लालदास परकास रस, सफल भये सब काज ।
विष्णु भक्ति आनंद भयौ, अति विवेक के राजि ।
तब लगु जोगी जगत गुरु, जब लगै रहै उदास ।
सब जोगी आसा लग्यौ, जगगुरु जोगीदास ॥

इति मोह विवेक का जुद्ध संपूर्ण ।

प्रति-पत्र-६। पंक्ति-११। अक्षर-३४ से ४०। साईज १०॥ × ५

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय, बीकानेर]

(६) योग चूड़ामणि। पद्य ८५। रचयिता-गोरखनाथ।

अथ गोरखनाथजी कृत योग चूड़ामणि लिखते—

आदि-

सुनजो माई सुनजो बाप, सूत निरंजन आपो आप।
सून्य के भये अस्थीर, निहचल जोगिन्द्र गहर गंभीर ॥ १ ॥
अकूं चंकू चिया विगसिया, पुहासिधरि लागि
उठि लागि गधूवा।
कहै गोरखनाथ धुवा ऐसा घडिका, परचा जायें प्राण ॥ २ ॥

अन्त-

पंथ चालै तूटै, तन छीजै तन जाइ।
काया थी कछु आगम बतावै, तिसकी मूंडौ माइ ॥ ८५ ॥

इति गोरखनाथ की साखी समाप्ता।

प्रति-पत्र- ११। पंक्ति १३। अक्षर ३० करीब। साइज १०॥ × ५

विशेष-कई पद्यों का भाव बड़ा ही सुंदर है। यथा—

गोरख कहै सुणो रे अवधू, जगमें इसि विधि रहणां।
आंख्यां देखवा कानां सुणिबां, मुखि करि कछु न कहणां ॥४६॥

× × ×

दंडी सोई जु आपा डंडै, आवत जाती मनसा खंडै।
पांच इंद्री का मरदै मान, सो दंडी कहियो तत्व समान ॥५०॥

× × ×

उनमन रहिवा भेद न कहिवा, बोलिवा अमृत बांणी।
आगिला आग होइगा तो, आप होइबा पाणी ॥४७॥

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय, बीकानेर,]

(१०) अथ ग्रन्थ अवंगसार लिख्यते–

कुंडलिया–

सतगुर सुभि परि महरि करि, बगसी बुधि बिचार ।
अवंगसार एह ग्रन्थ जो, ताको करूं उचार ।
ताको करूं उचार सतसिव साखि ल्याऊ ।
उकति जुकति परमाण ओर अति पास सुनाऊं ।
नवलराम सरणै सदा, वृम पद हिरदै धारि ।
सतगुर सुभि पर महरि कर, बगसो बुधि बिचार ॥

खंड–

संत विचार ब्रह्म गुरु,संत निरूपण, पद्य ७८
गुरु मिलाप महिमा शब्द १५८
गुरु लखण निरूपण शब्द २६२
१३ वाँ उसमें भक्ति निरूपण शब्द १०६८ १ रचने दशम

प्रति–पत्र ३८ अपूर्ण । पंक्ति १७ । अक्षर ४८ से ५४

[स्थान–अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(११) सन्तबाणी संग्रह–

सूची—

(१) गोरखनाथजी की शब्दी २२४ ।

(२) दयालजी हरि पुरसजी की साखी– ३१८ अंग, ३५ श्लोक, ४ कुंडलिया, १११ अंग, २५ चंद्रायणा, ६४ अंग, १४ कवित्त, १६ पद, २०६ राग, २२ रेखता पद, ८ राग, १ कडरया, १३१ राग, २ पद रेखता कडरवा, सर्व ३१७, राग २४, ग्रंथ ४७ ।

(३) श्री स्वामीजी हरिरामदासजी की बाणी–दूहा–कुण्डलिया, छंद, चौपई, रेखता पद, अरिल्ल सर्व ८४६ । महमा का मनहर छंद १ ॥

(४) श्री स्वामीजी श्रीआत्माराम जी की कुंडलिया, ३३ चंद्रायणा, ७ रेखता, ४ शब्दी, २ पद, १४ मनहर, १ ईंदव, २ साखी, १३ चौपई, सर्व ७७१ ग्रंथ, अवंगसार का शब्द । ३८६३ । बिध्यंन ४१ ।

(५) कबीर साहिबजी की बाणी- ५१ अंग, ७० ग्रंथ, रैमणी १५, ६ फूलना, ६०२ पद, २४ राग ।

(६) नामदेवजी की साखी १०, पद १६१, १६ राग ।

(७) रैदासजी की साखी ७०, ८४ पद, १३ राग ।

(८) पींपाजी की साखी ११, पद २१, राग ७ ।

(९) गुसांई जी श्री तुलसीदास जी की कृत साखी, चौपई, सोरठा, ४२१४ परिकमे २०० ग्रंथ ४, पद ४६०, ३० राग, ३० श्लोक, १० शब्दी ।

(१०) जोगेश्वरा की शब्दी ३२७, २ ग्रंथ, ६ पद, योगेश्वरों के नाम १ मछिंद्रनाथजी, २ गोरखनाथजी, ३ दत्तजी, ४चर्पटजी, ५भरथरी, ६ गोपीचंद, ७ जलंध्रीपावजी, ८ पृथ्वीनाथजी, ९ चोरंगनाथजी, १० कणेरीपावजी, ११ हाली पावजी, १२ मींडकीपावजी, १३ जती हणवंतजी, १४ नाग अरजनजी, १५ सिध हरतालीजी, १६ सिध गरीबजी, १७ धूंधलीमलजी, १८ बालनाथजी, १९ बालगुसाईंजी, २० चुणकनाथजी, २१ चंद्रनाथजी, २२ चतुरनाथजी, २३ सोमनाथजी २४ देवलनाथजी, २५ सिध हंडियाईजी, २६ कुंभारीपावजी, २७ मुकुंदभारजी, २८ अजैपालजी, २९ महादेवजी, ३० पारवतीजी, ३१ सिधमालीपावजी, ३२ सुकलहंसजी, ३३ घोडाचौलीजी, ३४ ठीकरनाथजी, ३५ इति । ४५ ।
सिध का नांव-प्रेमदासजी कौ ग्रंथ-सिध वंदना । ४६ दत्तस्तोत्र, श्लोक १० । ४७ सुखा समाधि, ४८ महरदानजी, कल्याणदासजी का पद १०, राग ४, जगजीवणजी का ग्रन्थ २, चंद्रायणा १५, पद ५९, राग ६ । ५० । ध्यानदासजी का ग्रन्थ २ (५१), दादूजी का पद ३७, राग १६ (५२), बाजींदजी कौ ग्रन्थ १, साखी १७, जखडी ५ ।

पद संग्रह-रामानं (द) जी का पद २ । आसानंदजी को पद १, सुखानंदजी का पद २, कृष्णानंदजी का पद ३, अजानंदजी को पद १, नेणादास को पद १, कमालजी का पद २, रेखतो १, चत्रदासजी को पद १, अग्रदासजी का पद २, नंददासजी को पद १,

प्रेमानंदजी को पद १, माधोदासजी का पद १, बालश्रीकजी का पद २, पृथ्वीनाथजी का पद २, पूरणदासजी का पद २, बनवैकुंठजी को पद १, जनकचराजी को पद १, मुकुंदभारथीजी का पद २, व्यासजी को पद १, रंगीजी को पद १, अंगदजी का पद २, भवनाजी का पद ३, धनाजी का पद ३, कीताजी को पद १, सधनाजी का पद २, नरसीजी का पद २, सनजी का पद २, ग्रंथ १, प्रसजाकी साखी ५, किवत ४, पद ५, तिलोचनजी को पद १, ज्ञान निलोदकजी का पद १, बुधानंदजी का पद १, राणाजी का पद २, मीहाजी को पद १, पीथलजी को पद १, छीनाजी का पद २, नापाजी का पद ११, विद्यादासजी को पद १, सांवलियाजी को पद १, देमजी को पद १, मतिसुन्दरजी को पद १, सोमनाथजी को पद १, कान्हजी का पद १०, हरदासजी का पद ५, वखतांजी का पद २, सुंदरदासजी का पद ३, दासजीदास का पद ४, जैमलजी को पद १, केवलदासजी का पद २, जनगोपालजी का पद १३, गरीबदासजी का पद १, नेतजी का पद ३, परमानदजी का पद ६, सूरदासजी का पद १६, श्रीरंगजी का पद २, जनमनोहरदास का पद १, बिहारीदासजी को पद १, मोभाजी का पद ७, शेख फरीदजी का पद २, ईसनजी को पद १, साह हुसैनजी को पद १, बहलजी का पद ४, शेख बहावदीजी का पद ४, काजी महम्मदजी का पद १६, मनसूरजी का पद १, भूलणो १, सेवादासजी का सवैय्या ४, कुंडलिया २, पद ४५, प्रल्हादजी का पद ५, फुटकर पद २६, सर्व पद २६२, संत १२०, लघुतानाम ग्रंथ, टीकमजी का सवैया १०, अनाथ कृत विचारमाला का शब्द २०६, ग्रन्थ ६ (सं०१७२६ माधव)। हरिरामकृत दयालजी हरिप्रसजी की परची का शब्द ३६. गोपालकृत ग्रंथ प्रल्हाद चरित्र २५४, दोहा ३७, चौपाई २०१, छंद ६। जनगोपाल कृत ग्रन्थ जडभरथ चरित्र शब्द ६२, रामचरण कृत ग्रन्थ चिंतामणी शब्द १२७, दोहा २५, चौपई १००, सोरठा २, सतपुरसां का नाम १२७।

लेखनकाल-संवत् १८५६, वैसाखवदी · शनिवार लिखी परवतसर मध्ये स्वामीजी श्री बालकदासजी तच्छिष्य हरिराम शिष्य

आत्मारामजी शिष्य खानांप्राद् = रामसुखदास ।

प्रति- गुटकाकार-पत्र ६०६ । पंक्ति १७ से २० । अक्षर २६ से ४२ तक साइज ५॥ × ५

[स्थान- स्वामी नरोत्तमदासजी का संग्रह]

(१२) संतवाणी संग्रह-

आदि-

पहला पत्र नही है, २ से ५४ तक है, फिर ६२८ मे ६८५ तक के पन्ने हैं, अंत के ६७७, ६८०, ६८१, ६८३, ६८५ के नहीं हैं, अंत में सूची का पहला पत्र नहीं। पीछे २ पत्र हैं. अर्थात् गुटके के बीच का हिस्सा कहीं अलग रह गया है। प्राप्त प्रति से इन रचनाओं के नामादि का पता चलता है। उनकी सूची इस प्रकार है-

१ गुरुदेव को अंग पद्य १७० पत्रांक ४ अ

अंत-

जन सेवदास सतगुरु . इहा, गरवा गुण अछेह ।
सुरति करैं गुर पलक मैं अभै उमर पद देह ॥ १७० ॥

२ गुर (सिख) पारिख को अंग पद्य ६० जनसेवादास- पत्रांक ५ ब

३	सुमिरण के अंग पद्य ५०५	,, १५ ब
४	बिरह के अंग पद्य ५०	,, १६ ब
५	ज्ञानविरह अंग पद्य १०	,, १७ अ
६	परचा के अंग पद्य ७७	,, १८ ब
७	सजीवन के अंग पद्य ३०	,, १८ अ
८	वीनति को अंग ,, ६६	,, ६ अ
९	जरया को अंग ,, ८	,, २० ब
१०	साध को ,, ,, ३३०	,, २७ ब
११	साध महिमा को अंग पद्य १६	,, २७ ब
१२	साधु संगति ,, ,, ४६	,, २८ ब
१३	साध परिख ,, ,, ,, २५	,, २६ अ

१४ धीरज को अंग पद्य २८		,, ३० अ
१५ जीवित मृतक को अंग पद्य २५		,, ३० ब
१६ दया के	अंग पद्य ३४	,, ३१ अ
१७ सम किस्टी अंग	पद्य ८	
१८ भरोद्द	,, ,, ५	
१९ चाइनिक	,, ,, १३१	,, ३४ अ
२० चिंतावणि	,, ,, ३४०	,, ४१ ब
२१ मनको	,, ,, १२६	,, ४४ अ
२२ माया को अंग पद्य ७०		,, ४३ बी
२३ सूखिम माया अंग पद्य २६		,, ४४ अ
२४ कामीनर को	,, ,, १००	,, ४६ अ
२५ लोभी	,, ,, ४१	,, ५० अ
२६ किरपाण नर	,, ,, १८	,, ५० ब
२७ कासको	,, ,, ४२	,, ५२ ब
२८ सुरातन	,, ,,	कुल पद्यांक २४६४ पद्य १२१ के बाद त्रुटित

इसके पश्चात पत्रांक २८६ तक कौन २ से ग्रन्थ थे, पता नहीं चलता, पर सूची से पत्रांक २८७ से ६८५ तक में जो ग्रन्थ थे, उनकी नामावली नीचे दे दी जारही है। सूची के २ पत्रों के नीचे का कुछ अंश टूट जाने से कई ग्रन्थों के नाम प्राप्त नहीं हो सके।

	ग्रन्थनाम	पत्रांक	पद्यसंख्या
१	बारजोग ग्रन्थ	२८७	८
२	हंसपरमोध	२८७	४९
३	बडी तिथि जोग	२८९	१६
४	लहुडी तिथि	२९०	१६
५	चालीस पदी जोग	२९०	४१
६	चवदा पदी ,,	२९१	१४
७	तीस पदी ,,	२९२	३०
८	बारा पदी ,,	२९३	१२

पद भिन्न भिन्न रागों के पत्र २९९ से ३२० में है इसके पश्चात् पत्रांक ३२१ से कवित्त १६, कुंडलिया १११, चंद्राइण ६४, साखी ३१४, श्लोक स्तुति ४, फुटकर शब्द २-२

ध्यानदासजी का ग्रन्थ ३४३-२

स्वामी हरिदासजी की प्रति ३४५-३४८

(पत्र ३५३ तक)

इसके पश्चात् पत्रांक ३५४ से गोरखवाणी स्वामी गोरखनाथजी की वाणी-

कबीर अरु रैदास संवाद (सैनाकृत)	६४२	६६
सुख संवाद (खेम)	६४४	२०६
हरिचंद सत (ध्यानदास)	६५०	३१३
धूचिरत (जनगोपाल)	६५७	२२९
प्रह्लाद चिरत (जनगोपाल)	६६३	१८८
जरपरथ ,, ,,	६६७	१०४
विचारमाला (अनाथ १७२६)	६७०	२१२
नांवमाला	६७४	१६
दसअस्तोत्र (शंकराचार्य)	६७४	१०
ब्रह्म जग्यासा ,,	६७५	
फरीदजी का परितनाम	६७५	
खेमजी की चितावनी	६७७	४६
कबीरजी का ग्रन्थ	६७८	
(चितावणी, बत्तीसी)		
राममंत्र	६७६	२२
गुन श्रीभूलना	६७६	
उतपति नामा	६८०	
अस्तुति का पद सेवजी	६८१	
प्रिथीनाथजी का ग्रन्थ		
साध प्रच्छा भक्ति वें	६८२	
नामदेवजी की महमा	६८४	
गोरखनाथ का व्रत	६४	७
अस्तुति का सबद साखी	६८५	१५
किवत सवईया	६८५	६

इति बीजक सर्व बांण्या को संपूर्ण

प्रति परिचय पत्र ६८५ पं० ३५, अ०२४,

(कुल ग्रन्थ ३६०००)

[स्थान-मोतीचंदजी खजांनची संग्रह]

(१३) समनजी की परची

आदि-

साधू आये आगमतें पुहमी किया सोन ।
ठौर ठौर बूझत फिरत समन का घर कोन ॥ १ ॥

प्रति-पत्र २ अपूर्ण, पद्य ४७ तक

[स्थान-स्वामी नरोत्तमदासजी के संग्रह से]

(१४) साखी-

मध्य-

नाथ

ओर हमारी रक्षा कार सोभा भी पावेगा अर हमारी कीर्ति गायेगा जो ए हमारा बालिक है । अब उनका ए कैसे त्याग करेगा । जो इसमें किहो का कमान के उनका त्याग कर दिया. फिर निंद्रा तो इसको नहीं बणती, एक तो इम निंद्रा द्वारा सोभा न पाएगा, और लोक भी इसको भला न कहेंगे और पाव भी इसको भारी होवेगा ।

× × × ×

ब्रह्म तो आप सर्व जाण प्रवीन हैं, ऐसे खेद में संसार को रखके फिर प्रवेश क्यों किया, जिसे संसार किये जन्म मरण दुःख हैं और रोग, दोस शरीर की पीड़ा के दुख है और अनेक प्रकार के हुए है ।

× × ×

पत्र ३५ से ७३ त्रुटित, मध्यपत्र पंक्ति १२ अक्षर ३०

[विद्याभवन, रतन नगर]

(१५) ज्ञानबत्तीसी-रचयिता-कबीरजी

आदि-

अथ ज्ञान बत्तीसी लिख्यते ।

अवधू मेरा राम कबीरा उदभुत अजर पीयाला पीया ।

अहे निरा कथा गंभीरा । १ ।

अगन मोम सुं चालकर ओछा, मैं अवगति का ऐधी ।

अणमे तरक करू तलवाना बौहौरि नर राखौं बांधी ।

× ×

कहै कबीरा मसतफकीरा लीया सार फटकाई ।

निरमै भंडा जरि को भूषण संधै संध मिलाई ॥

प्रति-छोटीसी गुटका पत्र ६ से १६, पं० ६, अ० १६, साइज ४॥ × ३।

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(ङ) वेदान्त

(१) अवधू कीरति ।

आदि-

अथ अवधू कीरति लिख्यते-

दोहा

ध्रुव वसु निश्चल सदा, अधू भाव दर जाव ।
स्कंध रूप जो देखियह, पुदगल तपड विभाव ॥ १ ॥

छंद

जीव सुलच्छण हो मो प्रति भासियो आज परिगह परतणा हो,
तासों को नहीं काज कोई काज नांही परहु सेती सदा अइसौ जानियइ ।
चैतन्य रूप अनूप निज धन तास सौ सुख मानियइ ॥
पिय पुत्र बंधव सयल परियण पथिक संगी पेखणा ।
सम स्यउं चरित देरहइ जीव सुलक्षणा ॥ २ ॥
असण वस्तु जु परिणवन सरण सहाइ न कोय ।
अपनी अपनी सकति के, सबै विलासी जोय ॥ ३ ॥

लेखनकाल-१८ वीं शताब्दी

प्रति-पत्र १ । पंक्ति १८ । अक्षर ४८ से ५८। साइज १० × ४। ।

विशेष-केवल प्रथम पत्र प्राप्त है अतः ग्रंथ अधूरा रह गया व कर्त्ता का नाम भी अज्ञात है ।

[स्थान-अभय जैन ग्रंथालय]

(२) आत्म विचार—माणक बोध

आदि-

अथ माणक बोध लिख्यते

मंगला एने करुणायतन सर्व कल्याणगु धाम ।
मन मानस सरहंस वतरग ! म ! ण करहु सियाराम ॥

ध्यान पूर्वक इष्ट देवता की प्रार्थना करे है—

सवैया

स्याम शरीर पीताम्बर सोहत दामनी जनौघन मांहि सुहाई ।
सीस मुकट अति सोहत है घन उपर ज्यों रवि देत दिखाई ।
कंठि मांहि मणि मलवनो मानु नीलगिरि मांहि गंगजु आई ।
माणक मन मोहि बसो ऐसो नंद के नंदन फल कन्हाई ॥

टीका

श्याम शरीर के धन की उपमा, फुरकता पीताम्बर कूं दामनी की उपमा–सीस कूं धनकी उपमा, मणि जटत मुकुट कूं रवि की उपमा, कंठ रूप सिखर मूं लेकरि वक्षः स्थल ऊपर प्रपति भई जो मोतियन की माला तांकूं गंगाकी उपमा, वक्षः स्थल कूं नीलगिरी की उपमा।

अथ गद्य-

ज्ञानवान के बाहुल करिकें बहोत हो तो अहं तदि भ्रमको उदे नहिं होत है, क्योंकि उनके सदा ही स्वरूपानुसंधान को इष्ट उपाय है अरु बाह्य प्रवृत्ति के उपराम है। अतः भ्रम है, तानें भ्रम को घणो सो अवकाश नाहिं।

अन्त-

यमुना तट केलि करे विहरे संग बाल गोपाल बने बल भईया ।
गावत हैंक कबि वंसी बजावत धावत हैं कबहु संग गईया ॥
कोकिल मोर कीन नाइवे बोलत कूदत है कपि मृग की नईया ।
माणक के मन अहिन सो एसो नंद के नंद यशोदा के छईया ॥

इति आत्मविचार ग्रन्थ मोक्षहेतु संपूरण समाप्तम्।

वैसाख वदी ५ सुक्रवार लखतं गांव भादासरमध्ये वैष्णु श्री चत्रभुजदासजी, लिखावतं श्रीखुदाइजी श्रीपरमजी स्ववाचनार्थम् सं० १६०२ श्रीरस्तु कल्याणमस्तु-शुभं भूयात्

प्रति-पत्र ७५ । पं० १२ । अ० ३० । साइज ६।। × ५।।

[स्थान- अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(३) द्वादस महावाक्य । रचयिता-प्रज्ञानानंद । पद्य १२१ ।

आदि-

मीमांसा प्रतिपादक कर्म बिन करनी सर्व बातें भर्म ।
देह बीच सो करै सु पावै, मीमांसा असे ठहरावे ।
बिन बोये कैसे फलपावै, बिन खाये कोऊ न अघावै ।।१।।

× × ×

मध्य-

वेद वेद प्रति है पद तीन, तिनको अरथ सुनों प्रवीन ।
द्वादश महावाक्य सिंघात, सुनित ही आय बीजकी भांति ।।२१।।
अेह लैयो रघुवेद सुनायो, प्रज्ञानानंद ब्रह्म कहि गावै ।
तीन पद रघुवेद बखान्यो, प्रज्ञानानंद ब्रह्म सत्य करि मानौ ।।२६।।

अन्त-

सोहं रुपा सर्व प्रकासी, केवल अज सुक्रिय ।
अविनासी अेक साची पायो, अर्थ विवेकी जाने सही ।।१२१।।

इति द्वादस महावाक्य समाप्त ।। (उपरोक्त गुटके में पत्रांक ५१ से ५६७)

नोट-इस गुटके में अेक भगवांनदास निरंजनी रचित अमृतधारा, अनाथ-कृत विचारमाला, कबीर की साखी, जगजीवनदासजी की बाणी, चतुरदास कृत भागवत अेकादश स्कंध भाषा, तुलसीदास ग्रंथ संग्रह, लालदास कृत इतिहास भाषा, मनोहरदास निरंजनी रचित ज्ञान मंजरी (पद्य ४०४), वेदान्त महावाक्य, ज्ञान चूर्ण वचनिका, शत प्रश्नोत्तरी, ग्रंथ चतुष्टय, सुंदरदास कृत ज्ञान समुद्र के अतिरिक्त निम्नोक्त संतों के पद हैं—

पीपाजी के पद १७, गुसांई रामानंदजी के पद ७, आसानंदजी का पद १, कृष्णानंदजी के पद ४, धनाजी २, सैनजी १, फरीदजी का पदित नामा, भरथरी पद

लेखन काल-गुटका-संवत् १८२२ से १८२५ में लिखित पोकरणा व्यास मोहन, निरंजनी स्वामी मयाराम शिष्य भगतराम के पठनार्थ ।

[स्थान-स्वामी नरोत्तमदासजीका संग्रह]

(४) **ब्रह्म जिज्ञासा** । रचयिता-शंकराचार्य (?)

आदि-

ओम् ब्रह्म अेक सुभ चेतन । माया चेतन । जड़माया ब्रह्म को संजोग जैसे वृच्छ की छाया । वृच्छ सर जीव माया सरजीव नांही । वृच्छ विना छाया होय नांहि । माया की ओट ब्रह्म नांहि सूझै । ब्रह्म की ओट माया नांहि सूझै । ब्रह्म माया को अैसो संजोग ।

अन्त-

अरट घट का न्यांइ । कुलाल चक्र न्यांइ । । जम चक्र न्यांइ । कीटी भ्रंग न्यांइ । लोहा चंबक न्यांइ । गलफी ध्यान न्यांइ । । इसि ब्रह्म माया को निर्णय । पिंड ब्रह्मण्ड को विचार । परमहंस गिनान ।

इति शंकराचार्य विरचित ब्रह्म जिज्ञासा संपूर्ण ।

प्रति-(१) पूर्ण । पत्र ४ । पंक्ति ८ से १२ । अक्षर २२ । साइज ८॥ × ४। ।

(२) अपूर्ण-गुटकाकार ।

स्थान-प्रति (१) अनूप संस्कृत लायब्रेरी ।

,, (२) अभय जैन ग्रंथालय ।

(५) **ब्रह्म तरंग** । रचयिता— लछीराम । पद्य ६१ ।

आदि—

मोख लहन को मग यहै, सब तजि सेवो संत ।
जिनके वर प्रसादतें, हुजत अलख अनंत ॥ १ ॥

अन्त-

लक्षीराम यह कहिये काही ।
नानारूप सु पवनही आही ॥
त्यों सब जगत अकेलो आपू ।
आयु कहे जग लागे पापू ॥ ६१ ॥

लेखनकाल- संवत् १७८४ ।
प्रति- गुटकाकार ।

[स्थान- कविराज सुखदानजी चारण का संग्रह]

(६) योग वाशिष्ठ भाषा । रचयिता-छजू ।

आदि-

आदि के पत्र नहीं हैं ।

अन्त-

सहज सुने मन भावही, उपजे सहज विचार ।
भाषा जोग वाशिष्ठकी, मन दिखावै सार ॥ १ ॥
जन्म मरण ते छूटही,सब दुख कबहु न होइ ।
सहजि तत्व पिछानिये, हरि पद पावै सोइ ॥ २ ॥

इति श्री जोग वाशिष्ठ भाषा छजू किति दसमोध्याय: ॥
प्रति- पत्र २ से २५ । पंक्ति ७ । अक्षर २५ । साइज ७। × ३॥

[स्थान- अभय जैन ग्रंथालय]

(७) वेदान्त निर्णय । रचयिता-चिदात्मराम । गद्य ।

आदि-

प्रनम्य परमात्मानं सदगुरु चरण नमामिहं ।
त्रिधा पद निर्णयं च बुद्धया अनुसार रंच प्रोक्त ॥
प्रथम प्रम सुन्यं निरलंम वट बाजस्वयं महा
अद्वैत्या तां ब्रह्माश्रिता माया गुणस्यां ।

माया तें अति सूक्ष्म है गुणस्यांम माया का है ते कहिये जात्रिषैतांनि गुण

समान है। ते गुण कौन कौन-सतगुण, रजगुण, तमगुण, ता माया विसै समि है तीन गुण तातें स्याम माया कहिये।

अन्त-

अमरं अकरं अचलं अकल्पं अचलं आरोग्यं अगाहं अकाटं मनो वाचा अगोचरं। इति असी पद निर्णय। स्यामवेद वचन प्रमाणं। श्री गुरु सिख सौं कह्यौ। इति श्री चिदात्मराम विरचितायां त्रिपद वेदांत निर्णय संपूर्ण।

लेखनकाल-संवत् १८२५ भादवा सुदि १४ रविवारे लिखितं।

प्रति-गुटकाकार। पत्र ३३ से ५०।

[स्थान-स्वामी नरोत्तमदासजी का संग्रह]

(८) षट शास्त्र।

आदि-

परमातम को करौ प्रणाम। जाकी महिमा है सब ठाम।
च्यार वेद षट शास्त्र भये। अपनी महिमामें निर्मये॥

अन्त-

योम नहीं नर कोम वत, परम हंस सब ठौर।
अन्दर बाहर अस परे, बली नहीं कोइ और॥

लेखनकाल-संवत् १७८०

[स्थान-सुराणा लायब्रेरी चूरू (बीकानेर)]

(९) ज्ञान चौपई। पद्य-६७।

आदि-

गुरु गोविंद गौरीश कौं, गनपति गिरा मनाय।
करौं प्रनाम कर जोरि के, सबके लागौं पाय॥ १॥
चौपई कोविद नाम करि, रच्यौ खेल करि ज्ञान।
भर्मे मूढ़ परि खेल मैं, खेलै चतुर सुजान॥ २॥
मन बुद्धि चित अहंकार, पासे डारि विचारि के।
लखियु पंथ पग धार, खेल जीति घरकौं चलौं॥ ३॥

अन्त-

रज तम टारि प्रयास करि, तन पासौ दे डारि ।
चलो जीत घरकौ अबै, हरि सर्वत्र निहारि ॥ ६७ ॥
चोप उ (र १) घर ढेंझात की पापो, पूर्व पुन्य प्रकास समास ।

लेखनकाल-संवत् १८४१ कार्तिक कृष्णा ७ भौ' (म) वासरे शुभम् ।

प्रति-पत्र ६ । पंक्ति ६, १० । अक्षर २५ । साइज ७॥ × ४॥

विशेष-ग्रन्थ का नाम स्पष्ट नहीं है । पत्रों के हासिये पर 'ज्ञान' शब्द लिखा है और ग्रंथ के आरंभ में चौपई का उल्लेख है अतः इसका नाम ज्ञान चौपई उचित समझ के लिखा गया है ।

[स्थान-अभय जैन ग्रंथालय]

(१०) ज्ञानसार । रचयिता-रामकवि । सं० १७३४

आदि-

हंसवाहिनी सारदा, गनपति मति के धाम ।
बुद्धि करन वकसन उकति, सरन तुम कवि राम ॥ १ ॥
गुर गोवरधन नाथ पुनि, तारन तरन दयाल ।
उनहीं के परताप करि, लही बुद्धि यह माल ॥ २ ॥
करम कुल वरनौं सुनौ, कुल्लि(बुद्धि) कुली सिरमौर ।
सूरज के परताप मैं, ज्यौं दीपक कुल और ॥ ३ ॥
प्रथीराज भुवपाल कै, भीष भीव समि जानि ।
तिनके आहाकरन भया, धरम मूल गुन जानि ॥ ४ ॥
राजसिंघ तिनकै भए,पृथ्वीपाल भुवपाल ।
परिहरन करनी करनत्र, विप्रन कौ घनमाल ॥ ५ ॥
गउ विप्र कौ दास पुनि, रामदास वलि वंड ।
फतेसिंघ तिनिके भए, लए ऊडंडी डंड ॥ ६ ॥
अमरसिंघ तिनिके भए, सुहर धीर सरदार ।
नउ खंड महि मै प्रगट, पूरौ सार पहार ॥ ७ ॥
जगतसिंघ जगमें प्रगट, जगतसिंग वसि वंड ।

डिल्लीपुर सौं रोपि पग, करी खड्ग की मंड ॥ ८ ॥
तिनके आनंदसिंघ भए, सूर दानि गुन जानि ।
गउ विप्र के पास पुनि, गहे वेद की वानि ॥ ९ ॥
गोपाचल नल दुर्ग प्रति, सुतौं राइके थान ।
कुलदेवत जुटवाइ पुनि, रघुवंसी जग जान ॥ १० ॥
अब कविकुल वरनन सुनौ, ताको कहै विचार ।
जोधा जोसी प्रगट महि, वेद कम गहै सार ॥ ११ ॥
तिनके जोसीदास भय, धरमतनौ अवतार ।
चलै वेद विधि कौ गहै, आंक तिनि पुनिवार ॥ १२ ॥
तिनके सुत गोपाल भए, दांनि जानि जसवंत ।
रीति गहै सत जुगत नी, हरि चरननि मे संत ॥ १३ ॥
हरिजी पातीराम भइ, तिनके सुत मतिधीर ।
करनी कर'वतनी करै हरे और के पीर ॥ १४ ॥
हरिजी के सुत प्रगट महि तास नाम कविराम ।
देहि देहि लागी रहै, ताके आठौ जाम ॥ १५ ॥
ब्रह्मपुरी सम रयौपुरी तिहां विप्रको धाम ।
रूपवंत जसवंत पनि, नाम विप्र कविराम ॥ १६ ॥
तिनि अपनी बुद्धि बल प्रगट, ग्यानसार कियसार ।
क्यों द्रु करि नचियौभीया, चौरासी की धार ॥ १७ ॥
मावन की सुति समर्मा, वार बृहस्पतिवार ।
सत्रहमै चौतीस भय, ग्यानसार ततसार ॥ १८ ॥
पढ़त गुनत पुनि सुनत द्रु, मारग मुक्ति विचार ।
राम मिलन को राम कियौ, ग्यानसार निजसार ॥ १९ ॥

× × ×

अन्त–

ग्यानसार निजसार है, कठिन खड्ग की धार ।
रामकहै पगधार धरि, धार कहे जै पार ॥ २२ ॥
सुर–नर–नाग सुजस्नवर, सुनौ बात इकसार ।
राम पार पहुंचाइ है, सनि दह उडुपति पार ॥ २३ ॥

इति श्रीग्यानसार संपूर्ण ।

प्रति-गुटकाकार-पत्र ३०, पं० १७, अ० ११, कई पत्र एक तरफ लिखित-साइज ६ × ६

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

समैसार । रचयिता-रामकवि । संवत १७३५

आदि-

सारद गनपति मतिदियन, सिधि बुधि दियन सुपूर ।
कृपाकरहु कीनै सुनो, ग्रन्थ निवाचे कूर ॥ १ ॥
काल वंचनी कालिका, कुलदेव्या बलि बंड ।
गुरु गोरधननाथनें, करी बुद्धि की मंड ॥ २ ॥
अमरपुरी सी सित्रपुरी क्रम अमर नरेश ।
जगतसिंह हीरा भयौ, श्रीरंग कसियौ जेसु ॥ ३ ॥
जिनके आनंदसिंघ भए, धरममूल जसवंत ।
राम कहे अरि दल दलन, स्वर्गदानमै-संत ॥ ४ ॥
तिनि के विप्र गुपाल सुनि, ताकै द्वै सुत जानि ।
हरिजी पार्न।राम पुनि, गहै वेद की वानि ॥ ५ ॥
हरिजी के सुत प्रगट महि, विप्रराम मतिधाम ।
षट्ठो वरन पालन करन, चौसठि आठौ जाम ॥ ६ ॥
तिनि बुधि बल करिकै कह्यौ, समैसार निजसार ।
राम किसन अवतार के समए कहे अपार ॥ ७ ॥
अगहन की सुनि अष्टमी, कर वरननि रजनीस ।
सत्रहसे पैतीस भय समैसार निजसार ॥ ८ ॥
कविकोविद परवांन' सब, देखे करि सुविचार ।
राम कहै समझो मीया, समैसार निजसार ॥ ९ ॥
रामकिसन अवतार के, समए कहै विचारि ।
राम नाम यातै धर्यौ, समैसार निजसार ॥ १० ॥

अन्त-

जांनि जानि सब जांनि है, या कौ सुनौ विचार ।
समै समै के अंग सुनि, समैसार निजसार ॥ ३ ॥
राम दोष जिनि दीजियौ, सुगिन कह्यौ विचार ।
समये सगरे जानि है, समैसार सुनिसार ॥ ८४ ॥

इति समैसार संपूरन ।

प्रति-गुटकाकार। पत्र ३१ से ५६, पं० १२/१८, अक्षर १५/१६,

वि० राम कृष्ण, गंगाजी का वर्णन है। साइज ६×६ (पूर्व ३० पत्र में ज्ञानसार भी इसी कवि का है ।

(च) नीति

(१) चाणक्य नीति दोहे ।

आदि-

प्रथम पत्र नहीं मिलने से दूसरे प्रस्ताव का ५ वां पद्य यह है:—

धर्म मूल राजान्दे, तप के करि ब्राह्मण कोई ।
विप्र जहां पूंजे तहां, धर्म सनातन होई ॥ ५ ॥
धर्मिष्ट राजा होवे, अथवा पापी होई ।
तीह पीछे सब लोक ही, राजा प्रजा सब दोई ॥ ६ ॥

अन्त-

पूंगी फल अरु पत्र आदि राजा हंस हयराज ।
पंडित गज अरु सिंह, ए थान भ्रष्ट शुचि राज ॥ ११ ॥

इति चाणक्य नीति संपूर्ण ।

लेखन काल-लि० पं० धर्मचन्द्र संवत् १८०७ रा मिगसर सुदी ७ विक्रम पुर मध्ये ।

प्रति-पत्र-२१५, पंक्ति-६, अक्षर-२४, साइज-६ × ४ ।

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय]

(२) चाणक्य राजनीति भाषा । पद्य १२२, बारहट उमेदराम सं० १८७२

आदि-

श्रीगुरुदेव प्रताप तें सुकवि सुमत अनुसार ।
रचत नीत चाणक रुची, सब ग्रन्थन को सार ॥

स्वर तै नर भाषा कही, जो समझै सब कोय ।
ताके ज्ञान प्रताप तै, जड़ हू पंडित होय ॥

× × ×

अन्त-

कवी उमेद सुखपाय कै, दिन निस या सुख देत ।
राजनीत भाषा रची, विनयसिंघ नृप हेत ॥ १२१ ॥
संवत् दृग रिष वसु ससी, मास पोष मध्यान ।
सूरबार तिथ सप्तमी, पूरण ग्रन्थ प्रमाण ॥ १२२ ॥

इति श्री बारहट उमेदराम कृत भाषा चाणिक्य संपूर्णम् । पत्र ३॥, पं० १८, अ० ४३, ले० २० शताब्दी ।

[स्थान-गोविंद पुस्तकालय]

(३) **पंचाख्यान** । काल-सं० (१८) ८०, मा० सु० ६ गुरु । मेड़ता

आदि-

प्रथम चार पत्र न होने से प्रारम्भ त्रुटित है ।

अन्त-

परदेश में और सरब बात भली पै मन जाति देख सकै नहीं । जबलौं घर में पेट भरे, तब लौं बाहर निकरिये नही । परदेश को रहनो अति कठिन है । तेरी दुष्ट पत्नी तो गई और तू मकाम है । नयो व्याह करि जाते कह्यो है । कुवां को पानी । बड़ की छाया । तुरत बिलोवना हो घृत । खीर को भोजन । बाल स्त्री । ये प्राण के पोषक हैं । अवस्था परमाण कारज कीजे तामें दोष नाही । यह उपदेश सुनि मगर अपने घर चल्यो ग्रह मांड्यौ । मनोरथ भयो । इहां विसन शर्मा राज पुत्रिणि सूं कही । ऐसी विध नीति की है सो काहुको परपंच देखि ठगाइये नहीं । अरु तुम्हारो जै कल्याण होहु । निकंटक राज होहु । इति श्री हितोपदेश पंचाख्यान नाम्ने ग्रन्थे लब्ध प्रकाशन नाम पंचमो तंत्र ।

× × ×

समंत असीये माघ सुदि, तिथि नौमि गुरु होहि ।
मारुधर पुर मेड़ते, गच्छ खरतर हित जोहि ॥ ४ ॥
पंडित बहुत प्रवीण अति, लायक तपसी जानि ।

पाठक पद धारिक प्रसिध, श्री आनन्द निधानि ॥ ५ ॥
तसु पद अंबुज रज जिसो, विघा कुशल विनीत ।
लोक कहत जयचन्द मुनि, लिख्यौ ग्रंथ धरि प्रीत ॥ ६ ॥
चतुर गंभीर उदार चित, सुन्दर तनु सुकुमार ।
नाम भगौतीदास यह, कह्यौ लिख्यौ सु विचार ॥ ७ ॥
बेद गोत को आभरन, ओस वंस सिरदार ।
परगट सचियादास को, सुत जानत संसार ॥ ८ ॥
रवि ससि गिरि दधि गिरा, राम नाम अधिकार ।
तो लौं पोथी रसिक मिलि, चिरंजीव रहु सार ॥ ९ ॥

इति श्री पचाख्यान ग्रन्थस्य पीठिका ।

लेखन काल–वा। लिखितु । अमरदास गांव-धावड़ी मांहि संवत् १६३६ रा भाद्वा वदि १२ बुधवार, पुख नखत्रे पोथी मुहुंता टोडरमल वचनार्थं ।

प्रति–१, पत्र–६० । पंक्ति–१५ । अक्षर–२०, ६॥ × ५॥ ।

२ पत्र–४३ । पंक्ति–२६ । अक्षर–२८, साइज ६॥ × ६॥

अन्त–इति हितोपदेश ग्रन्थ ग्वालैरी भाषा लब्ध प्रकासन नाम पंचमां आख्यानं ।

[स्थान–अभय जैन ग्रन्थालय]

(४) पंचाख्यान भाषा (गद्य)

आदि–

अथ पंचाख्यानरी वार्ता रूप भाषा लिख्यते ।

श्री महादेव जिनके प्रसादते साधु पुरुष हैं तिनकौं सकल कारिज की सिध होय, कैसे हैं श्री महादेव जिनके माथै चंद्रमा की कला, गंगाजी के फेन की सी रेखा लागी है। अरू यह हितोपदेश सुनें ते पुरष सैसकिरत वचन मांहि प्रवीन होय। नीत विद्या जानैं।

अन्त–

इहां विसनु-सरमा राजपुत्रन सूं आसीस दीवी अरू कही तुमारो जय होय, मित्र को लाभ होय। ऐसो सुनि गुरु के पाय लागा। अपनै नीति मारग में सुख सूं राज कियौ।

इति श्री लब्ध प्रकासन पंचम तंत्र संपूर्णं। पंचाख्यान वारता संपूरणं।

लेखन काल-संवत् १८४३ वर्ष मिति पोह वदि १२ दिने लिखतुं श्री विक्रमपुर मध्ये कोचर मुहता श्री लिछमणदासजी लिखायितं। श्रीस्तु।

प्रति-गुटकाकार। पत्र-६०। पंक्ति-२४। अक्षर-१५, साइज ७×१०

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय]

(५) **पंचाख्यान वार्तिक।** रचयिता-यशोधीर।

आदि-

पंचाख्यानस्य शास्त्रस्य, भाषेयं क्रीयते शुभा। यशोधीरेय विदुषां, सर्व सर्व शास्त्र प्रकाशिका

यह हितोपदेश ग्रन्थ सुणे ते सर्व बातन में प्रवीण होई। सर्व बातन में विचित्र होई।

अन्त-

जो लौं श्री गोविन्दजी के वक्षस्थल में लिखमी रहे। जो लौं मेघ में विजुलता। जो लौं सुमेर दावानल मौं भूमंडल में विराजे। तो लौं श्री नारायण नामें करि कीर्ति कियो।

लेखनकाल-संवत १७५०

[स्थान-बृहद् ज्ञान भण्डार]

(६) **राजनीति।** पत्र १२०। श्री जसूराम कवि। १८१४ आसोज सुदी ६, शुक्रवार।

अक्षर अगम अपार गति, किनहूँ पार न पाइ।
सो मोतूं दीजे सकति, जै जै जै जगराय ॥ १ ॥

छप्पय

धरनी उज्जल बरन सरन जग असरन सरनी।
करनी करुना करन तरन सब तारन तारनी ॥
सिर पर धरनी छत्र भरन सुष संपत भरनी।
भरनी अमृत भरन हरन दुष दारिद हरनी ॥

धरनी त्रिसूल खप्पर धरन, मौ मौ हरनी सकल भय ।
जगदंब आदि बरनी जसू, जै जग धरनी मात जय ॥ २ ॥

दोहा

जय जग धरनी मात जय, दीजै बुद्धि अपार ।
करि प्रनाम प्रारम्भ करों, राजनीति विस्तार ॥ ३ ॥
जिन बखतन में पातसा, राजत आलमगीर ।
तिन बखतन पैदा कियो, गुन गुनीयन गंभीर ॥ ४ ॥
मौलंकी जगमाल सुत, उदयसिंघ अनेक ।
गुन दीनो तातें गुनां, बांध्यो ग्रंथ बिबेक ॥ ५ ॥
जैसे बेद बिरंचिको, अपरम कीये उपाय ।
राजनीति राजान कुं, ऐसें दई बनाय ॥ ६ ॥

छप्पय

प्रथम अंग भूपाल, राजरानी अंग दूजै ।
तीजै राजकुमार, मंत्रि चोथे गनि लीजै ॥
पंचम साहिब अंग, अंग षट राउत मानुं ।
सातुं रहित यत अंग, कवी अठ अंग बखानुं ॥
जग जीत रीत जानैं जगत विविध विवेक विचार कह ।
जे करत सदा समरन जसू आठ अंग बरनैं सु यह ॥ ७ ॥

अन्त–

दूहा

पढिबै तें मालिम परत, आठूं नीति अनीति ।
जसूराम चारन कही, राजनीत की रीत ॥ २९ ॥
संवत नाम अठारसे, बरष चऊदन मांह ।
आसौ सुदि नवमी सुं कर, गुन बरन्यौ चित चाहि ॥ ३० ॥

इति श्री जसूराम कवि विरचिता, राजनीति सम्पूर्ण

सम्वत् १८८१ ना वर्षे माधव मासे कृष्ण पक्षे त्रियोदशी तिथौ रविवासरे संपूर्ण। लिखितं सकल पंडित शिरोमणी पंडितोत्तम पं० श्री १०८ श्री पं० ज्ञानकुशलजी

गणी तत् शिष्य पं० ॥ श्री ॥ पं कीर्तिकुशलजी गणी तत् शिष्य मुनी गुलालकुराज स्व वांचनार्थं । श्री मांत कूश्रा ग्रामे श्री सु पार्श्वजिनः प्रशादात् ॥

प्रति परिचय-पत्र १६ साइज ६ × ४॥ प्रति पृष्ठ पं० १२· पंक्ति ३६

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर, जयपुर]

(७) नसियत नामा । रचयिता-अकबर पातसाह ।

आदि-

अथ नसीयत नामा अकबर पातसाहा की लीखते ।

अकबर पातसाह आपकि बातसाई भीतर दस्कर लग अमल लिखकै भिजवा दिया सो लिखी । अवल सहजादा के नाम, दूसरा वजीरां का नाम, तीसरा अमीरु का नाम, चौथा जगीरदारु का नाम, पाँचवां हाकम का नाम, छठा सायर का नाम, सातम कुटवालां के नाम, इस मुजब अवल सब कामसें सायब कुं याद रखणा । अपना पराया बराबर जानके नि (इत) साफ करणा ।

मध्य

पूछ्या जीनस मैं वृथा कौन ? कह्या-भलाई कर सकै अरु ना करै ६ । पूछ्या-बुरा मैं भला कौन ? कह्या-अंधे मे काणा, चुगलखोर से बहरा भला, लंपटी से नपुंसक, चोरी करणै से भीख माग खाना भला १० ।

× × ×

अन्त-

ऐसा काम कीजै उसमे खवारी न होय, लोक हंसै नहीं, पाँच आदमी कहै सो मानीजै, ईज्जत सब की राखीजै, सो अपनी रहै । किसका मान भंग करणा नहीं, भोजन आदर विना जिमना नहीं । आपणो द्रव्य बेटा कुं दिखावणौं नहीं । द्रव्य देखावै तो बेटा मस्त हुय जावै, अपनो हुनर सीखै नहीं, द्रव्य देख नजर ऊँची रखै, कुसंगत सीख जावै जिस वा...... .. ..

प्रति-पत्र-११ । पंक्ति-११ । अक्षर-१७ । साइज-६॥। × ४॥

विशेष १-अन्त का पत्र प्राप्त न होने से ग्रन्थ असमाप्त रह गया है । इसमें नीति एवं शिक्षा सम्बन्धी बड़े महत्व की बातें हैं ।

२-प्रति २० वीं शताब्दि लिखित है। अतः अकबर रचित होने में संदेह है। प्राचीन प्रति मिलने से निर्णय हो सकता है।

३-इसी (या अैसे ही) ग्रन्थ की एक अन्य प्रति भी हमारे संग्रह में है। उसका प्रथम पत्र नहीं है फिर भी बीच का हिस्सा मिलाने पर कहीं अेकसा पाठ है कहीं भिन्न, पर यह प्रति करीब २०० वर्ष पुरानी है। सम्भव है ऊपर वाली प्रति में लेखक ने भाषा आदि का परिवर्तन कर दिया हो। दूसरी प्रति का अन्त का भाग इस प्रकार है—

"और जीमतां भला ही बात करिये। आपणा दरब छिपाइयै, किसी ही कुं कहियै नहीं, बेटै ही सुं छिपाइये। छिपाइयै में दोइ बात, घटि होइ तौ अपनी हलकाई, और बहुत होइ तौ लोक लागू हुवै। और अे बात कही तिन माफक भलौ, दुनियां भला दीसै। इति संपूर्ण।

४-ग्रन्थ के मध्य में लुकमान हकीम का भी नाम आता है और उसको नसियत नाम का ग्रन्थ भी अन्यत्र उपलब्ध है। पता नहीं इसस यह कैसी भिन्नता रखता है या अभिन्न है। दोनों के मिलने पर ही निर्णय हो सकता है।

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय]

(८) ब्योहार निर्नय—रचयिता—जनार्दनभट्ट

आदि-

श्रीगनपति को ध्यान करि, पूज बहुत प्रकार।
कहित बालक बोध कुं, अब भाषा ब्योहार॥
नृप देखे ब्योहार सब, द्विज पंडित के संग।
धरमरीति गहि छोडि के, कोप लोभ पर संग॥

अंत-

सत्रहसे तीस वदि, कातिक अरु रविवार।
तिथ षष्ठी पूरन भयो, यह भाषा ब्योहार॥

इति श्रीगोस्वामि श्रीनिवास पौत्र गोस्वामि जगन्निवास पुत्र गोस्वामि जनार्दनभट्ट विरचित भाषा व्योहार निर्णय संपूर्ण।

पद्य संख्या ६५०, पत्र ३३,

[अनूप संस्कृत लाइब्रेरी]

(९) शिक्षा सागर। रचयिता–जान। रचना काल–संवत् १६९५ दोहा–२४३।

आदि–

अथ सिख्या सागर लिख्यते।

प्रथम करता सुमरिये, दूजै नबी रसूल।
पीछैं ग्रन्थ जु कीजियै, सो जग्र होइ कबूल ॥ १ ॥
ग्रन्थनि कै मति ज्ञान करि, देउ सबनि को सीख।
विष सम लागै अग्यान की, ग्यानी जैसी ईख ॥ २ ॥

अन्त–

कोउ ना ठहराइ है, लगैं काल की बाइ।
जग तैं केते चलि गये, राजे राया राइ ॥ २४२ ॥
सोलैसे पंचानुवैं, ग्रन्थ करयौ यह जांन।
"सिख्या सागर" नाम धरि, बहु विधि कियौ बखान ॥ २४३ ॥

इति श्री कवि जांन कृत सिख्या सागर संपूर्ण।

लेखनकाल–संवत् १७८६ वर्षे फाल्गुन मासे कृष्ण पक्षे १२ कर्मवाट्यां लिखितं पं० भवानी दासेन श्री रिणिपुरे।

प्रति–पत्र ४ पंक्ति–१७। अक्षर–४० साइज १०।×४

विशेष–प्रस्तुत ग्रंथ के कई दोहे बड़े शिक्षा प्रद हैं—

निरमल राखो मन मुकर, अचल ध्यान करतार।
पाप मैल ते मंजि है, दे लालच सुख सार ॥ २२ ॥
दान पुन्य जिस दिन करै, हित सों गहै पुरान।
नहिं छुए पर नार को, यहु सेवा है पान ॥ २३ ॥

[अभय जैन ग्रन्थालय]

(१०) सभा पर्वरी भाषा टीका । रचयिता-व्यास देवीदास । रचना काल-संवत १७२० । अनूपसिंह कारित ।

आदि-

बिघ्न राज पद बिमल, नमो चिमय धरि चित्त ।
करूं नीत भाषा अरथ, नारद कहै कवित्त ॥

× × ×

महाराज करणेस सुत, अनघ अनूप साधार ।
हुकम कीयो टीका रची, भाषा व्यास विचार ॥ ५ ॥
संमत् सतरै सै समै, बीसै कर्यो विवेक ।
रसिकराज कारण रची, टीका अर्थ अनेक ॥ ६ ॥

प्रति-गुटकाकार-

विशेष-टीका गद्य में है ।

[स्थान-कविराज सुखदानजी चारण के संग्रह में]

(छ) शतक साहित्य—मूल व टीकाएँ

(१) अमरु शतक भाषा । पद्य १२२ । रचयिता—पुरुषोत्तम । रचना-काल-संवत् १७२० पो० व० । कुमाऊं नरेश बाजचंद के लिए ।

आदि-

पूजै को सरवर गननि, पूजै जाहि महेसु ।
जाके दान गनै सु को, ऐसो देव गनेसु ॥ १ ॥
तारा बलु तौ चंद्र बलु, चंदु भलें भलौ भानु ।
जो सु भवानी होइ सुभ, तौ सुभवानी भानु ॥ २ ॥
सकल पुहमि परसिद्ध है, नगर कंपिला नांउ ।
बडे बडे कविता (कविजन) तहां, कविताई को ठांउ ॥ ३ ॥
सहसकृतु पढिकै कछु भाषा करै कवितु ।
पुरुषोत्तम कवि नाम है, सकल कविनि को मितु ॥ ४ ॥
पुरुषोत्तम कवि चाकरी, करी कुमाऊं आइ ।
बाज बाहदुरचन्द नृप, कीनी कृपा बनाइ ॥ ५ ॥
चंदवंस अवतंस जे, कीरति अंस वि-साल ।
कूरम पावत सोभए, बडे भडे भुवपाल ॥ ६ ॥
ताही कुल में है लयौ, बाजचन्द अवतारु ।
तेग त्याग अरु भाग कौ, भाषतु हौ व्यवहारु ॥ ७ ॥

पाउत ही राज्य पाउ तहाँ गेपि धंग दलौ, उमराव दखिनी उठाइ दयो आहियो ।
बहुरि कीनार है पहार जीतेपुरव के, मिलो हो पठानसाहि सूरो जो सिपाहियो ।
मिहनी को मारिके उजारि ज्यौं नीपादौ बान, लुद बादू मारि तेरु कहां लौं सराहियौ ।

नंद नीलचंद के कमाऊ पति बाजचंद, सबरे बसंत की सपथकियौ चाहिये ।

× × ×

बरनतु करि सब बरन कौ, बरधु सकल समुझाई ।
अमरु शत सम रूप कै, भाषा मन्थु बनाइ ॥ १५ ॥
भाइसु जब ऐसो भयो, भाइसु बैठी चित्त ।
तब अमरु शत के करे, भाषा प्रगट कवित्त ॥ १६ ॥
संबत् सत्रहसै बरस, बीती है अहं बीस ।
द्वैज पोष वदि वारु रवि, पुष्य नक्षत्र को ईस ॥ २१ ॥

अन्त–

पुरुषोत्तम भाषा करयौ, लखि सुरबानी ग्रंथ ।
इति श्री सिंगरयो है भयौ, अमरु शतक यह ग्रन्थ ॥ १४२ ॥

लेखन काल–संवत् १७२६, वर्षे फागुण वदि १०, दिने शनिवारे, महाराजाधिराज महाराज श्री अनूपसिंहजी विजय राज्ये, मथेन राखेचा लिखतं ।

प्रति–पत्र १८ पं० — अ० — साइज–

[स्थान– संस्कृत लाइब्रेरी]

(२) (प्रेम) शतक । दो । १०४ ।

आदि–

ॐ नमो त्रैलोक्यमै, प्रानाकर करतार ।
प्रेमरूप उद्धरन जग, दयासिंधु अवतार ॥ १ ॥
इश्क लहे पति लोक बिस, सचेत वहि निसि जगि ।
आडंबर रुचि प्रेम को, रच्यौ महम्मद लगि ॥ २ ॥

अन्त–

उर समुद मथि ज्ञान वर, काढे सात रतन्न ।
पेम हेम कुंदन करत, झुरे जतन जतन्न ॥ ४ ॥
इति शुभम् ॥

लेखनकाल–१७ वीं शताब्दी ।

प्रति-प्रति परिचय विरह शतक के विवरण में दिया गया है।

[स्थान-अभय जैन ग्रन्थालय]

(३) भर्तृहरि शतक त्रय भाषा (आनंदप्रबोध) रचयिता-नैनचंद-सं० १७८६ विजयदशमी—

आदि-

अगनित सुख सम्पति सदन, सेवित नर सुर वृंद ।
वंदे नित कर जोर करि, सरस्वति पद अरविंद ॥
कहत करन आपद हरन, गनपति अरु गुरुदेव ।
करि प्रणाम रचना रचै, भाषामय बहुभेव ॥
कमधवंश आदित सम, लायनि पुन्न सुखकंद ।
श्री अनूप भूपेस सुत, यु श्रीपति ज्यु इंद ॥
करि आदर कविसुं कह्यौ, यौं श्री आणंद भूप ।
भाषा भर्तृहरि शतक की, करौ सवैया रुप ॥
रचना अब या ग्रन्थ की, सुनीयो चतुर सुजान ।
प्रगट होत या भनतही, अमित चातुरी ग्यान ॥

वार्ता

उज्जैणी नगरी के विषै राजा भर्तृहरिजी राज करतु है, ताहि एक समै एक महापुरुष योगीश्वरै एक महा गुणवंत फल-भेंट कीनी ।—

फल की महिमा कही जो यह खाय । सो अजर अमर होई । तब राजा यें स्वकीय राणी पिंगला कुं भेज्यो । तब राणी अत्यंत कामातुर अन्य पर पुरुष तें रक्त है, ताहि पुरुष को, फल दे भेजो अरु महिमा कही वह जन वेश्या तें आसक्त है, तिन वाको फल दीनो, तिहि समै वैश्यातें फल लेके अद्भुत गुन सुनि के विचार्यो जो यह फल खाये हुं बहुत जीवी तो कहा, तातै प्रजापालक, दुष्ट ग्राहक, शिष्ट सत्कार कारक, षट दर्शन रक्षक, ऐसो राज भर्तृहरजी राज बहुत करै अजर अमर ह्वै तो भलै । यौ विचारि राजा सुं फल की भेंट करिनी । राजायैं पूर्व दृष्ट फल देखित पाउस करिकै राजा संसार तें विरक्त भयौ, तब यह श्लोक पढ़ि कै जोग अंगीकार कीनौ ।

आदि-

सुख सुं है रिझावत नाहि असाधि सु, अरु सबै गुन भेद गहे हैं ।
अति ही सुखसे ब रिझावन जोग, विशेष सुनग सुभेद लहे है ।

पुनि जो कछु पंडित ज्ञान के लेखिते, पंडित है अभिमान बहै है ।
नर नाहि रिझे तऊ सो विधि जू विधि, सो जु हजार विचार कहै है ।

× × ×

अंत—

पर के घर बहु धन निरखि, पर त्रिय सुंदर जोई ।
यातैं सुकृत सो रहित मन, चित आकुल होई ॥ १०९ ॥
संत सहज अरु नीति मग, दाता ज्ञाता ज्ञान ।
मूरख निरदय सदय के, बरने गुन इह वानि ॥ ११० ॥

प्रशस्ति—

विक्रमनगर सु विराजहि, अलकापुर अनुहार ।
सुथिर वास सुंदर सरस, रिद्धि सिद्धि भंडार ॥
कमधवंश राठौरपति, श्री अनूप महाराज ।
जो जीते अरियल सकल, ज्यों हरि असुर समाज ॥
ता को नंदन सुखसदन, गजति ज्यों करनेस ।
प्रबल तेज साहस प्रबल, आनंदसिंघ नरेस ॥
सकल सभा जाकी चतुर, सकल सुर सामंत ।
सकल लोक दातार पुनि, साहसीक मतिमंत ॥
जाकी स्तुति मति गति उकति, वरन सकै कवि कौन ।
स्याग त्याग निकलंक नृप, सुजस भरे त्रिहुंभौन ॥
कवि कवि सुं अति ही अरघ, बहु आदर धरि देत ।
ग्रन्थ रचायो अतिन सुगम, सकल लोक सुख देत ॥
नीतिस्तक संस्कृतमय, चतुराई को ठाम ।
करि भाषा रचना धर्यो, आनंद भूषण नाम ॥

६ ८ ७ १
संवत रस वसु रिषि ससी, उज्जल आसु मास ।
विजयदसमी वर वार रवि, कीनो ग्रन्थ परकास ॥
खरतर गछ पाठक महा, श्रीक्षमालाभ गुरु राज ।
तासु शिष्य वाचक विदुर, ज्ञानसागर सु समाज ॥

तासु शिष्य पंडितप्रवर, पाठक श्रीजससील ।
ताकौ अंतेवासि है, नैनसिंह सुखलील ॥
नैनसिंह खरतर जती, सती सदा सुखदाय ।
ग्रन्थ बनायो सित सुगम, श्रीमहाराज सहाय ॥

इति आनंदसिंह महाराज विरचिते नीतिशतक संपूर्णम् । सं०१७६६ ज्ये० सु० १,

[अनूप संस्कृत लाइब्रेरी]

द्वि० शृंगारशतक-

गनपतिय बहु गजबदन, एक रदन गुन खानि ।
विघन बिनासन सुखसदन, हरनंदन हित हानि ॥
× × ×
तासु अनुग्रह पाईकें, करि कविसर ग्रन्थ ।
दतीय शतक सिंगार भया, सुगम रसिक को पंथ ॥ ६ ॥

अंत-

सुबधि दूसरै सतक की, रचना अति सुखदाइ ।
नेनचंद खरतर जती, भाषा लिखी बनाई ॥

तृतीय वैराग्य शतक-

चिदानंद आनंद मय, भासति है तिहु काल ।
अति विभुति अनभुति मय, जय जय भव प्रतिपाल ।

अंत-

जगत प्रसिद्ध धरनीस वर, आनंदसिंघ अपार ।
नयन जती यौं प्रीति कर, दई असीस मधार ॥ ७ ॥

(४) भर्तृहरि वैराग्य शतक सटीक (चौथा प्रकाश)

रचयिता- जिनसमुद्रसूरि सं० १७४० ।

आदि-

प्रणम्यच श्रीजिनचन्द्रसूरीन् गुरून् गिरः सर्व्व गणाधिनाथान् वच्येहमाश्रित्य श्रतोद्भवंच मा प्रकाशोथ चतुर्थ संज्ञ १,

अब श्रीवैराग्य शतक कै विषै तृतीय प्रकाश बखान्यौ सो अब अनंतरि चौथा प्रकाश गुवालेरी भाषा करि बखानता हूं। प्रथम शास्त्रीक षट्भाषा छोडि करि या अपभ्रंश भाखा बीचि ऐसा ग्रन्थ की टीका करणी परी सु कौन बासता ताका भेद बतावता है जु उर भाखा षट् है ताका नाम कहता है-संस्कृतं प्राकृतं चैव मागधं शौरिसैनकं, पैशाचिकं चापभ्रंशं च षट सु भाषं प्रकीर्तितं १ यहु षट देश की षट भाषा है सु शास्त्र निबद्ध है सु तौ व्याकरणादि काव्य कोष पढे हौवै ताकौं प्रबोधज्ञान होवइ परं अल्प परिचयं नूतन वेषधारी तिसकौ वे भाषा षट कठिन हौवै तार्थं भगति लोक रामजन मुंडित बैरागी तिन्हूं कैं प्रबोध कै वास्ते उन्हीं यह ग्रंथ बंधायौ तार्थं उन्हीं कै उपगार कै वास्तै यह श्री भर्तृहरि नामा शास्त्र दूजा शतक वैराग्यनामा तिमकी टीका सर्वार्थ सिद्धि मणिमाला तिसकौ चौथौ प्रकाश बखाणता हुं तत्रादिमं काव्यं ॥ छः ॥ प्राणाघातेत्यादि अब कविजन कहता है श्रेयसामेवपंथा श्रेय कहावैं मोक्ष कल्याण तिणकौ यौही पंथ है-यौही कौण सौई बतावता है-

अन्त-

वैराग्य शतकं नाम ग्रंथं विश्वेमहोत्सवं सटीकं सार्थकं पूर्णकृतं जैनाशिवना शुभं ५ इति श्री वैराग्य शतकं शास्त्रं ॥ महावैराग्य कारणं सुभाषं सुगमं चक्रे श्री समुद्राद्यंतसूरिणा ॥ ६ ॥ श्री मत्सर्वार्थसिध्याः मणि स्रजि मतिनारत्नकानिधृ-तानि। नाना शास्त्रागरेभ्यः श्रुत श्रुत विधिना। मध्यतानि स्थितानि। प्रोद्यत्श्री वेगडाख्यगगन दिनमणिना गणीनां मु शिष्यैः शिष्यानामर्थ सिध्यै। जिन हृषि रविभिः। शोधनीयानिविद्भिः ॥ ७ ॥

शीघ्र गत्या यथा पत्री लिख्यतं भाष्य मौमया लिखिता शतक टीकाच शौध्याविद्भिः मतां गुणैः ॥ ८ ॥

वैराग्य शतकाख्यस्य टीकायां श्रीसमुद्रभिः सर्वार्थ सिद्धे मालायां प्रकाश सूरीयो मतः ॥ ६ ॥

इति श्री श्वेतांबरसूरि शिरोमणिनां परमार्ध्यहच्छासन गगनां दिनमणिनां भट्टारक श्रीजिनेश्वरसूरि सूरीणां पट्टे युग प्रधान पूज्य परम पूज्य परमदेव श्री जिनचन्द्रसूरीश्वराणां शिष्येण भट्टारक श्री जिनसमुद्रसूरिणा विरचितायां

श्री भर्तृहरि नाम वैराग्य शतक टीकायां सर्वार्थ सिद्धि मणिमालायां चतुर्थ प्रकाशोयं समाप्तः। श्रेयसेस्तात् कल्याणं भूयात् सौ धर्म्म गच्छे गगनांगणेस्मिन् श्री वज्रसूरिप्रबन्धसूरिः युग प्रधानाचार्यके प्रभाकृदुद्योतनोद्योतकरोगणींद्रः१ श्री वर्द्धमानाभिध वर्द्धमानः सूरीश्वरो भूच्चरमा प्रधानः तत्पट्टधारी भुवनैकवीरो जिनेश्वरंसूरिगुणैः मधीरो २ जिनाद्यचंद्राभयदेवसूरिः क्रमेण सूरिर्जिनवल्लभाख्यः तत्पट्टधारी कृत विश्वभूरियुगप्रधानो जिनदत्तसूरिः ३ पत्तिर्जिनाद्यस्तत्पट्टचंद्रः श्रीचंद्रपट्टे प्रवरो गणींद्रजिनेश्वरः श्रीकुशलादिसूरिः क्रमेणतु श्रीजिनचंद्रसूरिः ४ श्रीवेगडेत्याख्य गणस्य कर्त्ता संपूर्ण वृद्धाख्य खरस्यधर्त्तातरांत्य शब्दाभिध गच्छ नेता जिनेश्वरसूरिरभूज्जानेता ५ श्री शेखराख्यो जिन धर्म्मसूरिः ततः परं श्री जिनचन्द्रसूरिः श्री मेरुपट्टे सुगुणावतारो गुणप्रभः सूरि गुणैरुदारो ६ जिनेश्वरस्तस्य विनेय एव तत्पट्टधारी जिनचन्द्रदेवः युग प्रधानः सुगुणैः प्रधानः तत्पट्टधारी सुविराजमानः ७ सूरेः जिनचंद्रा...गुरोः शिष्येणाचाग्रहात् टीका शत प्रबंधस्य कृता भाषा मयी शुभा ८ शिष्याणां सेवकाणांच सूर्यांतः श्रीजिना शिवनान सर्व्वार्थसिध्याश्चाख्यायाः मणिमाला मनोहरा ॥ ९ ॥ युग्मं पूर्ण चन्द्राश्वि पक्षाख्य २२१० प्रमिते वीर वत्सरे पूर्ण वेद समुद्रेंदु वत्सरे विक्रमाद्वये १७४० ११ कार्त्तिक्यां शुक्ल पूर्णायां दिने जोवेसु योगकेउरंगा कस्य साहस्यवादे कर्णपुरे तथा १२ तत्राधीशेह्य नृपेस्मिन् बलवंशेजयेदुके तीर्थे श्री वीरनाथस्य पार्श्वेदेवगिरे स्तथा १३ आरब्धातुमयातत्र संपूर्णा पितृता तथा चतुषष्टि दिनैरेषा सर्व्व सिद्धार्थ दायिनी १४ नीति सिंगार वैराग्याधिकारैस्त्रि शतैः शुभैः त्रिवर्ग्गी चित त्रिस्कंधा रचितैषामय १५ धर्म्मार्थ काम संसिद्धा नियद्धावत्रकैस्त्रिकैः धारयंतिहि कंठे तेषां सर्व्वार्थ साधिनी १६'१५ संस्कृता प्राकृता देशी क्वचिदन्यापिकीर्त्तिता ग्वालेर देशजा जाता सर्व्वतोस्यां धृता स्रजि १६, पुनः पाठांतरं क्वचित्संस्कृता प्राकृता चान्यदेशी परं सर्व्वतो देश ग्वालेर जाता बुधै रेवज्ञात्वामयाग्रथिताभिःगले धार्य्यतां सत्र भूपार्थ सिध्यै १७ यावद्धराभ्रचन्द्रार्क ध्रुव सागर पर्व्वताः ताव भद्रंतुग्रन्थोयं सर्व्वार्थ मणिमालिकं १८। श्री सौधर्म्मेग णे पट्टधारी श्री वीरशासने युग प्रधान श्रेयान्तु सूरिः श्री जिनवल्लभः १९। गच्छस्तु युग प्रधानानां श्री सौधर्म्मिक संज्ञिकं पूर्ण मन्यत्रांकंच वेगडासुख शोधनं २०। वेदाधिक द्विकसाहस्त्री संख्या तेषां प्रवर्त्तसे युगे स्मिन् युग प्रधानानां श्री जिनागम संग्रहे २१। शासने वीर

नाथस्य प्रमिते पंचमारके स्य स्व चंद्राश्वि वार्षिक्यां, भविष्यंति कलौयुगे ॥ २२ ॥ प्रसिद्धोयं ममाख्यातः, समाचार्य्यत्रवर्तते । स्वयं सर्व्वेषु गच्छेषु, ज्ञातव्यो ज्ञान संग्रहात् । २३ । पट्टे श्री जिनचंद्रस्य, सूरेः श्री विजयीगुरुः । तत्प्रसादात् कृता पूर्णा, श्री जिनाख्यादि सूरिणा ॥२४॥ वाच्यमाना पठ्यमाना, श्रूयमाणाश्चहर्न्निशं क्षेमारोग्यायु कल्याण, प्रदा भवतु सर्व्वदा ॥ २ ॥ श्री सर्व्वार्थ सिध्याख्या मणिमाला महोत्समाया-वच्च शासनं जैनं, तावच्चनंद्रताकिचरं ॥२६॥ सर्व्वागमेष्वोधिष्ठाता, श्रुतज्ञाश्रदेवता । न्यूनाधिकमिह्या स्यात् तृक्षमस्व महेश्वरि ॥ २७ ॥ सर्व्वमंगलमंगल्यं० ॥२८॥ मंगलं सर्व्व भूतानां, संघानां मंगलं सदा मिंगलं सर्व्व लोकानां, भूयात्सर्वत्र मंगल । १ सर्व्व मं० २ मंगलं म० ३ शिवम ॥ ४ ॥ मंगलं लेखक स्यापि, पाठक स्यापि मगलं मंगलं शुभंभवतुकल्याण, कल्याण लेखक मालका । भव्य प्राणिनां पाठकानांच, श्री जिनेश प्रभावतः । ६ ।

(५) भर्तृहरि शतक त्रय पद्यानुवाद । रचयिता-विनयलाभ ।

१ नीति शतक पद्यानुवाद-पत्र १०२

आदि-

> जाहि कुं राखत हौं मन मे नित, सो तिय मोसौं रहै विरची ।
> वा जिन को नित ध्यान धरै, तिन तौ पुनि और सो रास रची ।
> हमसौं नित चाह धरै कोई और, सु तौ विरहानल में ज्ञु नची ।
> धिग ताहि कुं, ताकुं, मदन्नकुं, मोकुं, इते पर बात कछु न बची ॥ १ ॥

अन्त-

> प्रथम शतक यह नीति के, विनय लाभ सुभ वैन ।
> भाषा करि गुन वरणियौ, सुर वानी नै श्रैन ॥ २ ॥
> नीति पंथ अरु सत मग, दाना ध्यानी और ।
> परम दयाल कृपाल के, गुन बरणे इहि ठौर ॥ ३ ॥

२ श्रृंगार शतक भाषा । पत्र १०३ ।—

आदि-

> संभु के शीश मे चंद्र कला, कलिका किधौं दीपहु की द्युति निर्मल ।
> लोल पतंग दह्यौ किधौं काम, लस सुदसा सुमकी व्हु महाबल ।

दूरि करै चितको अज्ञान, सोइ बन्यौ दीपक तम मंडल ।
तैसेही योगिन के मन मौन में, सोभित है हरदीप तिरनबल ॥

अन्त-

यह सिंगार की बरनना, सतक दूसरै माहि ।
विनयलाभ शुभ बैन सौं, बरन्यौं विविध बनाहि ॥ १०२ ॥
शुभ मति कविता चित्त मे, हरख धरे यहु देखि ।
कुमति दुरजन तिन्नको, हरख हरे यह पेखि ॥ १०३ ॥

२ वैराग्य शतक—

आदि-

ज्ञानी नर मत्सर भरे, प्रभु दूषित अहंकार ।
और अज्ञान भरे बहुत, कौन सुभाषित सार ॥ १ ॥

है कछु नांहि असार संसार मैं, जो हित हेत भलौ मन ही को ।
सुभ कर्म किये ......ल अद्भुत, ताके विपाक भये दुखही कौं ।
पुन्य के जोर थैं पावतु है सुभ, भोग संजोग विषय रस ही कौं ।
यो दिख यार सहैं विष तुल्य, विचार करो यह बात सही की ॥ २ ॥

अन्त-

पत्र ६१ के बाद का अन्तिम पत्र खो जाने से प्रति अपूर्ण रह गई है ।
लेखन काल-१८ वीं शताब्दी ।
प्रति-पत्र ६। पंक्ति २६ से ३० । अक्षर ८२ से १०० ।

[स्थान-अभय जैन ग्रंथालय]

(६) **भर्तृहरि वैराग्य शतक वैराग्य वृन्द** । रचियता-भगवानदास निरंजनी ।

गणनायक गनेश कौ, वंदौ सीस नमाइ ।
बुद्धि सुध प्रकाश होइ, विघन नाश सब जाइ ॥ १ ॥
पुनि प्रनाम गुरु कौ करौ, नासै विघन अपार ।
गुरु ईश्वर सम तुल्य है, से पुनि आपु विचार ॥ २ ॥

सोरठा

ग्रन्थ नाम प्रमान, "वैराग्य वृन्द" सो जानिये ।

माखौं बुद्धि उनमान, मूल भृत्यहरि माखतें ॥

इति भृत्यहरि भणित वैराग सत मूल तत भसित वैराग्य "वृन्द" नाम भाषकोम खंडनो भगवानदास निरंजनी कथ्यते प्रथमो परिकरन। पद्य हि० ६२६ सं०२४। ग्रन्थ में ५ प्रकाश है पत्र ३०, पं० ११ अ० ४४)

अन्त-

मूल भर्तृहरि शत यहै, ताको धरि मन आश।
ता परिभाषा नाम यह, "वैराग्य वृन्द" परकाश ॥

× × ×

मूल हानि कीन्हीं नहीं, करि सुभाक विकास।
बाल बुद्धि भाषा लहै, पंडित सुधी प्रकास ॥

[स्वामी नरोत्तमदासजी संग्रह, गुटका अनूप संस्कृत लाइब्रेरी]

(७) भाव शतक। रचयिता-सारंगधर दोहा १२६।

आदि-

नायक आतुर काम बस, बसन उघारत बाम।
मुग्धा मग्य नम्रित कियौं, कहि सुजान किहि काम ॥ १ ॥

अर्थ-

सुरत समर कारण इहां, आयो आतुर कंत।
मन मुगधा सूझत कुचनि, जुझन काज बलवन्त ॥ २ ॥

अन्त-

होइ अजान सुजान सुनि, रीझे राज समाज।
सारंगधर सुनि भावशत, मनहि बिलावत काज ॥ १२४ ॥

अर्थ-

जाकउ मनरथ तें विरस, सरस करण की भास।
सारंगधर ता तोष कौ, विरचित विविध विलास ॥ १२५ ॥
दुख गंच (ज) न रंजन हृदय, भंजन नित चित ताप।
सारंगधर सुनि भावशत, विधि विचारतु आप ॥ १२६ ॥

इति भावशतक दूहा समाप्त।

लेखनकाल-संवत १६७२ श्रावण वदि १०। पं० मोहन लिखितं।
स्थान-मानमलजी कोठारी संग्रह। प्रतिलिपि अभय जैन ग्रंथालय।

(८) विरह शतं । दोहा - ११

आदि-

जो उच्चरिय सु, नाम तुव, बस बुद्धियै सु परत्थ ।
सोइ करता अचर सरिस, भंजन गढ़न समत्थ ॥ १ ॥
सम कहुं कहन ही कहां तहहि, रे पवित्र कहि मोहि ।
माया मुद्रित नगन मम, क्यूं करि देखूं तोहि ॥ २ ॥
इन नैनन देखूं नहीं, इहि विधि ढूंढ्यौ जग्ग ।
सोइ उपदेसौ ज्ञान महि, जिहि पावौं तुव मग्ग ॥ ३ ॥
विरह उपावन विरहमैं, विरह हरन सावंत ।
विरह तेज तन नहिं सकत, व्याकुल महि जावंत ॥ ४ ॥

अन्त-

अहि मुख सुधा कि पाइयें, मीत तनु मन लेहि ।
दुर्जन याहि भतप्पनउ, सुचि श्वानह का केह ॥ ११८ ॥

इति विरह शतं ।

प्रति-प्रति में प्रेम शतक साथ में लिखा हुआ है। पत्र ३। पंक्ति २३। अक्षर ८०। साइज-१०॥×५, १७ वीं स०

[स्थान-अभय जैन ग्रंथालय]

(९) शृंगार शतक। रचयिता-महाराज देवीसिंह। रचनाकाल-सं० १७२१ जेठ बदि ९।

मध्य

वैनी भुजंग लसै कटि सिंह सु, पच्छ पयोधर दोऊ बनै ।
तीछन उज्जल वज्र समान तै, पांतिन सोहतु दंत घनै ।
कंजुल चाल कहा गह पाउत, मनहि देखि गए हैं बनै ।
तीर से तेरे ये नैन बली, इते पगए सब मोहै मनै ।

अन्त-

महाराजधिराज साहित्यार्णकर्णधार श्री महाराज श्री देवीसिंह देव विरचिते शृंगार शतकं ।

१चंद २नैन ७हय १भूमियुत, जेठ नवै बदि जान ।
देवीसिंह महीप किय, सत सिंगार निरमान ॥

प्रति- विकीर्ण पत्र। पत्रांक एवं पद्यांक नहीं लिखे हैं।

(स्थान- अनूप संस्कृत पुस्तकालय।)

(१०) **समता शतक** । पद्य–१०५ । रचयिता–यशोविजय ।

आदि–

समता गंगा मगनता, उदासीनता जात ।
चिदानंद जयवंत हो, केवल भानु प्रभात ॥ १ ॥

× × ×

अन्त–

बहुत ग्रन्थ नय देखि के, महा पुरुष कृत सार ।
विजयसिंह सूरि कियौ, समताशत को हार ॥१०३॥
भावन जाकूँ तत्व मन, हो समता रस लीन ।
ज्युं प्रगटे तुझ सहज सुख, अनुभव गम्य अहीन ॥१०४॥
कवि यशविजय सु सीखए, आप आपकूं देत ।
साम्य शतक उद्धार करि, हेमविजय मुनि हेत ॥१०५॥

प्रति–प्रति लिपि

[अभय जैन ग्रंथालय]

(ज) बावनी बारखडी व अक्षर बत्तीसी साहित्य

(१) अन्योक्ति-बावनी । पद्य-६२ । रचयिता-विनय यति ।

आदि-

ऊँकार वर्णभेद, पायौ तिन पायौ सब,
याकूं जो न पायौ, तोलुं कहां और पायौ है ।
अंग षट वेद चार, विद्या पार वारही मैं,
जहां तहां पंडितन, याकौ जस गायौ है ॥
नहीं जाकी आदि याते, भयौ सब ओंग आदि,
जे हैं बुद्धिमान याकुं, अति ही सुहायौ है ।
मुक्तको करण हार, विश्व विश्व वशीकार,
सबहीने ओंग ओंग, याही कूं बतायौ है ॥ १ ॥

अन्त-

खरतरै गच्छ भूप, भाग्य जिनभद्र सूरि,
भये गच्छराज वाकी, साखा विस्तार मै ॥
पाठक प्रवीन नयसुन्दर, सुगुरुजू के,
प्रति पत्र २ से ६५ पं० १२ अ० १४ साइज ६॥×८

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

च. निति

चाणक्य भाखा टीका ।

अथ चाणक्य भाखा टीका लिख्यते ॥

आदि-

दोहा

सुमति बढ़ावन सरब जन, पावन नीति प्रकास ।
भाखा लघु चानक भलैं, भनत भावनादास ॥ १ ॥
संकर देव प्रनाम करि, विधिपद वंदन ठानि ।
विष्णु चरन जुन सीस धरि, कहुं सुचि शास्त्र बखानि ॥ २ ॥
कह्यौ प्रथम चाणक्यमुनि, शास्त्र सुनीति समाज ।
सोइ अब मैं वरनूं नरन, बुद्धि बढ़ावन काज ॥ ३ ॥

अन्त-

कहियत चानक संस्कृत, निरमल नीति निवास ।
भाखा करि दोहा भनै, साधु भावनादास ॥ २० ॥
षोडश चानक के कहियै, दोहा द्वै सततीस ।
सुभग स्वरग सोपान सम, अतिमुद मद अवनीस ॥ २१ ॥

अंक अयन ग्रह इन्दु कहि, संवत माधव मास ।

पक्ष उज्जल रवि पंचमी, पूरन ग्रन्थ प्रकाश ॥ २२ ॥

इति श्री वैष्णव भावनादास विरचिते भाखा टीका वृद्ध चाणक्ये अष्टमोऽध्याय ॥ ८ ॥

प्रति–गुटकाकार । पत्र ४४ पंक्ति ६ अक्षर २४

गुटके में पहले इन्हीं टीकाकार का भर्तृहरि शतकत्रय और फिर चाणक्य मूल श्लोक और प्रत्येक श्लोक के साथ पद्यानुवाद ।

छ शतक

(१) भरतरी शतक श्लोक भाखा टीका नीति मंजरी । टीकाकार–भावनादास ।

श्रीगणेशायनम ॥ अथ भरतरी शत श्लोक भाखा टीका नीति मंजरी लिख्यते ॥

आदि–

सोरठा

अमल प्रीति उर आनि, दामोदर पद कमल प्रति ।

भावना मनहिं सुवानि, नीति सतक भाखा सु भनि ॥ १ ॥

सवैया

जिनकौं हम प्रानप्रिया कहि चिंतत,

भिन्न सदा तिनकौ चित है ।

जन औरन तैं वह प्रीति करै,

जन सो पुनि और हुतै रतहै ।

अनुराग न ता तियके नितसौं,

हमकौं प्रिय आनि चहै बितहै ।

धिक है तिय कौं जनकौं कुमनोज कौं,

याहि कौं मोहिकौं सो नित है ॥ १ ॥

दोहा

सुख सौं समुझत मूढ मन, अति सुख बिदुख रिझाइ ॥

अरध दग्धि मति मन्द कौं, बिधिन सकै समुझाइ ॥ २ ॥

अन्त–

दोहा

ग्यान अनल कौं अरनि सम, मुनिजन जीवन मूरि ।
बरनी सतक विराग की, भावन भाखा भूरि ॥१०६॥
मरुधर नगर सु जोधपुर, बसिबौ सदा बखान ।
राम सनेही साधु हम, खेरावा गुरु थान ॥११०॥

कवित्त–

स्वच्छ रमनीय हीय अक्षर अनूप जाके
नीति राग विमल विराग त्याग तैं भरी ।
जरी गुन दानक कैं बानक विसेख बनी
सिंधु भव भूरि ताके तरिबे कौं हैतरी ।
रसिक रिझाविनी विवेक की बढ़ावनी है
जेते बुद्धिवंत ताके जीवन की हैजरी ।
अंक नैन अंक इंदु मास सुचि राका कवि
भाखा मैं बखांनी टीका भावन भरतरी ॥ १११ ॥

इति श्री भरतरी सत भाखा वैष्णव भावना दासेन विरचिता वैराग्य मंजरी समाप्ता ॥ ३ ॥

वि०–भर्तृहरि शतक के तीनों शतकों के मूल श्लोक और उनके नीचे उनका पद्यानुवाद दिया हुआ है ।

प्रति–गुटकाकार । पत्र १६० ॥ पं. ६ अक्षर २२ । इसके बाद चाणक्य मूल और पद्यानुवाद इन्हीं टीकाकार का है ।

(२) भर्तृहर शतं, भाषा टीका

आदि–

॥ ६० ॥ श्री गुरुभ्योनमः ॥ अथ भर्तृहर शतं लिख्यते ॥

भर्तृहर नाम ग्रंथ कर्त्ता । ग्रंथ की निर्विघ्न समाप्ति कौं । ग्रंथ के आरंभ समय श्री महादेव कौं प्रणाम रूप मंगल करत है ॥ कैसे हैं श्री महादेव । ज्ञान दीप रूप सबतैं अधिक ह्वै वर्त्तत हैं ॥ कौन ठौरि विषै वर्त्तत हैं ॥ जोगीश्वरन्ह कौ जेवंत सोई भयो भरु तामैंप्रवर्त्तत हैं ॥ पुनः कैसे हैं श्री महादेव । माथै उपरी धरि है

जो चंद्रमा की कला ताकी चंचल देदीप्यमान जु शिखा ताकरि भासुर देदीप्यमान है ॥ पुनः कैसे हैं श्री महादेव । लीला अपुनी करि जारयौ है काम रूप पतंगु जिनि ॥ पुनः कैसौ है ॥ मोक्ष दसा के आगे प्रकासमान है ॥ पुनः कैसे हैं श्रीमहादेव । अंतःकरण विषै बाढ्यो जु मोह अज्ञान रूप अंधकार ताकौं नाश करणहार । असौ श्री महादेव जयवंत बर्त्तैं ॥ १ ॥ राजा भर्तृहर । या संसार की दसा । जैसी आपुनकूं भई । तैसी साधुन कौं जनाइ करि । वैराग्य उपराजिवै कहुं : ग्रंथ करत हैं ॥ तहां जो असाधु निंदा करैं ओ करौ । निंदा असाधु हीं कौ कर्त्तव्य है ॥ असाधु सुं कछु तातपरज नाहीं । असाधु कौ निर्णय करत है । आगिलेश्लोकन्ह विषै ॥ × × ×

अंत–

अहो महां तनके वचन चित विषै अवस्यमेव राखिजै । यह आयु जु है सु कल्लोल मई । लोल चंचल है । जैसे जल को तरंग । अरु जोबनु की जु श्री सोभा तें थोरे ही दिवस है । परंतु बिनसि जातु है । अरु अर्थ जु है अनेक प्रकार की लक्ष्मी ते स्मर तुहीं जात हैं । अरु भोग को समूह सु जैसें मघ वितानमौ विजुरी चंचल तैंसो क्षण एक चंचल है । उपजै अरु नष्ट जाइ । अरु प्रिया जुस्त्री तिन्ह जुआलिंगनु विलास सो चितवत ही जात है । तातें हौं कहत हौं यह समस्त अनित्य जाणिकरि परब्रह्म जिहैं श्री नारायण तिन्ह विषै अंतहकरण निरंतर ह्वै लगावहु । अब संसार को त्रास निवारी करि वैकुंठ विषै चलो ॥ ७८ ॥

(अपूर्ण लिखा हुआ)

प्रति–पुस्तकाकार गुटका । पत्र ८५ पंक्ति १७ अक्षर २० प्रत्येक मूलश्लोक के नीचे टी का लिखि है । मूल श्लोक यहां नहीं दिये हैं ।

[वृहत ज्ञानभंडार–बीकानेर]

(१) अमर सार नाम माला– रचयिता–कृष्णदास–दो ३६०

आदि–

आदि पुरुष जगदीश हरि, जागुन नाम अनेका ।
सबद रूप रचि जान ही, आदि अंत जो एक ॥ १

देषहु एक अनेक मैं, ग्यान दिठ नर संत।
ज्यौं दिपक सब गेह प्रति, त्यौं घर सकलंद नंत॥ २

× × ×

क्रिष्णदास कवि तुछमति, सबदमहोदधि मांहि।
बाग समत्थ उताही, सार हत्थ गही बांह॥ १०
भीमसेन नृपराजहित, करुं नाम नग दाम।
कविकुल बिगनि मानही, **अमरसार** अभिराम॥

× × ×

सबत षट रसात परिषद् धरिमावत मास।
बदि तेरसि गुरु पुस्यदिन निबो प्रबंध घट-कास॥ १२
नायरतन की मालिचंद शोभा दिपति समेत।
कोविद कुल कंठहिलसैं बितु भूपन छबि देत॥ १३
• **अमरकोष** मुन केस किय **अमरसिंह** मति राज।
किस्नदास मतिसर सिय कर सुबुद्धि हित राज॥ १४

× × ×

अरथ तरंग अनेक छबि, गुन दोस नगलाल।
भीमसेन नृपराज के, अग्र धरि गहिमाल॥ ५८
सुमन रूप सब देह धर, मान प्रमोद सुगंध।
कृष्णदास अलिबास लिय, रचि किय ग्रन्थ प्रबध॥ ५६
साठि तीनसै दोहरा, **अमरसार** अभिराम।
विप्र सन सुत किय, जे प्रसिद्ध हित नाम॥ ६०

इति श्री **अमरसार** नाममाला दोधक संपूर्ण।

ले० संवत -१८६५ वर्षे मंगलवारे वैसाख सुदी सातम दिने ७ ताल मध्ये लिखी सामिजी बाल बाचक बाचनार्थे लीखी छे।

पत्र ८ पं० २१ अ० ४२

[स्थान–गोविंद पुस्तकालय]

(२) एकाक्षरी नाम माला—रा रतनू वीरमाला पद्य ३४

श्री गणेशायनमः॥ अथ एकाक्षरी नाम माला लिख्यते

दोहा

कहत अकारउ विष्णु कुं, पुनि महेश महेश मतमान ।
आ ब्रह्म कुं कहत है, ई कुमार या जान ॥ १ ॥
लघु उकार संकर कह्यौ, दीरघ विष्णु सदेख ।
देव मात लघुरी कहै, दीरघ दनुज विशेष ॥ २ ॥

अंत-

विद्वुषन मुख सुनि तरक घर, अष्टादसहि पुरान ।
नाम माला एकाक्षरी, भाषी रतनू मांन ॥३४॥

इति श्री घड़ोई रा रतनू श्रीमाल कृत एकाक्षरी नाममाला संपूर्णः ॥ लेखन प्रशस्ति स० १८५६ ना वर्षे श्रावण वदि ३ रवौ लिखिता श्री गोड़ीजी प्रसादात् ॥

प्रति पत्र २ पं० १४ अ० ४८ साइज़ १०×४॥ (दोनों पत्र एक ओर लिखे)

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर, जयपुर]

(३) नामरत्नाकर कोष– रचयिता–केसरकीर्ति सं० १७८६

आदि–

परमज्योति परमातमा, परम अक्षय पद दाय ।
परमभक्ति धरि प्रणमीह, परम धरम गुरु पाय ॥
वंदु मंभ जतिहि दियाल, भाषा मंद बनाय ।
रसिक पुरुष रीझत सुनत, करता कवित कविराय ॥
संस्कृत हा कहित सरस, पंडित पढ़त प्रवीन ।
कविजन चारण भारकइ, लघु मति इनतैं लीन ॥
ता करस्या कविमत सुरत, पढ़त होत बलवान ।
सरसमंद आखै समझि, म चलत अक्षर मान ॥
आदिदेव अरिहंत के, रचना ये अभिराम ।
सिद्धि बुद्धि दीजै सरसती, पद युग करू प्रणाम ॥
नमो जगनायक ईस जिनें
सदाशिव शंभु स्वयंभु स्वरेश
सुतीरथ कार त्रिकाल के जान
प्रभु परमेश्वर सर्व सुगपाना ॥

अन्त—

मेदपाट महाराष्ट्र में, वेडाणी बडमुम ।
वास बहौं हरिभक्त जहां, सबस बुद्धि को धाम ॥
परगट पंडित देश में, तास तनय शिवदास
विस्वा विनय विवेक बुद्धि, पर नबि खेडत पाम ॥
वसतबली तिय मतर विच, परद रति विश्नाम ।
पचोली पृथवी प्रगट, निरुपम नाथूराम ॥
फकीरदास अति फाबतो, तए अंगज अति नेज्र ।
गुण गाहक अति मति सुरगुरु, हरषण तजित हेज ॥
एषिहुं तिजो शिष्य निज, चातुर लख्मीचंद ।
मिलि चारु मिज लए करि, कीयो ग्रन्थ सुखकंद ॥

कवित्त—

रसवसु मुनि विधु वर्ष मास त पसितपथ मुणोथ ।
तिथि पंचम चिति प्रणीमार तिय दिन कोमिणी यह ॥
तपगंछमें सिरताज मगसि (क ?) रमगय दुखभंजन ।
तहां पद पंकज भृंग सकल सजन मनरंजन ॥
केसरि कीरति जोड करी, कर्यो ग्रन्थ सुखरासि ।
पढ़ै गुणै खै मुणौ पावन चित…………

इति नाम रत्नाकर

अधिक— ४ देवाधिकार पद्य २२८ मनुष्याधिकार पद्य २७३ स्त्री पद्य १६२ चतुर्थ पद्य ११७

प्रत्येक अधिकार के पद्य अन्तके सत्र व केसवदासकवि का नाम है प्रथम- धिकार की लेखनसमाप्ति में केसर की कृति विजयते लिखा है ।

पद्य ३२८ पं० १५ अ० ४३

[मोतीचंद खजानची संग्रह]

(४) नांमसार रचयिता राठौड़ फतहसिंह महेशदासोत

आदि—

श्रीगणेशायनमः अथ राठौड़ फतैसिंघ महेसदासोत कत नांमसार लिखते ॥

दोहा-

अरुन बदन आनन सुज, प्रसन बदन रद स्वेत ।
गननायक दायक सुमति, सुत संकर बरदेत ॥ १ ॥
नामसार के पढ़यतैं, प्रगटै धूब सुभाय ।
धरम अरथ कामक मुकत, च्यार पदारथ पाय ॥ २ ॥
नामसार के नामजो, ढूंढ़ि स्मृति सब लीन्ह ।
फतैसिंघ राठोड़ यह, तापर भाषा कीन्ह ॥ ३ ॥

प्रथम येक संख्या:

ब्रम्ह येक कुमरल अनत, येक दन्त गनराज ।
सुक दृष्ट सिस भुमियक, रवि रथ चक्र बिराज ।

अपूर्ण। पत्र २०। प्रति पत्र पंक्ति १८, प्रति पंक्ति अक्षर ११, गुटका-
आंत-

[सीतारामजी लालस संग्रह गुटका]

(५) पारसी पारसात नाम माला । पत्र ३५३, भ० कुअर कुशल

अथ-व्रज भाखा कृत पारसी पार सात नाम माला लिख्यते ॥

दोहा-

परम तेज जाकौ प्रगट, रचत जगत आराम ।
बंदत सविता चरन बिब, कुँअर सु कविता काम ॥ १ ॥
सूरज की साँची भगति, हित सौं जो हिय होय ।
कविता तौ बाढ़ै कुँअर, सुनब सु कबि जस सोय ॥ २ ॥
सविता की सेवा किये, पसरै कविता पूर ।
छबि जाकी जग मैं छती निधि वाकै मुषनूर ॥ ३ ॥

अथ गनेश की स्तुति ।

कवित्त छप्पय ।

उदर सुथिर गिरि अतुल, हार पैंनग हिय हरषित ।
दंत येकु भुष दिपत बैन, अमृत सम बरषित ॥

माल बाल ससि सुभग, प्रगट छबि मुगट सु पाई ।
शिव सपूत गुन सदन गोरि, हित सुत गुर ताई ॥
बरदैत सही बंछित करन, धरा कछु रिधि सिधि धरहु ।
कवि कुँअर राउ लषधीर के, गनपति निति मंगल करहु ॥ ४ ॥

अथ श्री भुज नगर वर्ननं ॥

दोहा

सहर सुथिर भुज है सदा, कछ धराउँ अरेस ।
पातिस्याह तिनिको प्रगट, निरषहु लखा नरेस ॥ ५ ॥
दानि माँनी देसपति, ग्यानी गुन गंभीर ।
बानी बर पाँनी प्रबल, लषि आदौ लषधीर ॥ ६ ॥
दीपै देमल नंदये, रग जस अप्रत रूप ।
मघवा ज्यों मोजै करत, भुज मह लषपति भूप ॥ ७ ॥
अवनी सकल उधारकों, है हिय में हम गीर ।
रच्यो विधाता आप रूचि, बिय बिधि लषपति बीर ॥ ८ ॥
किय लषपति कुंअरेस कों हित करि हुकमहजूर ।
पारसात है पारसी, प्रगट सु भाषा पूर ॥ ९ ॥

अथ सूरज सों बीनती ॥

दोहा

वंछित बर दाता बिमल, सूरज होहु सहाय ।
पारसात है पारसी, व्रज भाषा सु बनाय ॥१०॥

अन्त-

सूरज शशि सायर सुथिर, धुअजोलौं निरधार ।
तौ लौं श्री लषपत्ति कौ, पारसात सैं प्यार ॥५३॥

इति श्री पारसात नाममाला भट्टारक श्री कुँअर कुशल सूरि कृत सम्पूर्णा ।
सम्वत १८५७ ॥ ना आसूविद १० सोमे संपूर्णा कृता ॥
सकल पंडित शिरोमणी पं० कल्याणकुशलजी तत्शिष्य पंडितोत्तम पं० विनीत कुशलजी तत्शिष्य पं० ग्यान कुशलजी तत्शिष्य पं० किर्सि कुशलजी लिपितार्थ अर्थे श्री रस्तु ।

प्रति परिचय:- पत्र ३५, साइज १० × ४॥, प्रतिपृष्ठ पं० ६ प्रति पंक्तिअ० २८

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर-जयपुर]

(६) लषपति मंजरी । पद्य १४६ । संवत् १७८४माघ वदी११ बुधवार ।

आदि-

श्री गणेशायनमः

सुखकर वरदायक सरस, नायक नित नवरंग ।
लायक गुन गन सौं लसित, जय शिव गिरिजा संग ॥ १ ॥
भली रत्ती तिहुँ भौन में, बढ़त चढ़त बिख्यात ।
पातक न रहत पारती, भजन भारती मात ॥ २ ॥
चिंतित सुफल चितौनि मैं, दीननि कौं जिहिं दीन ।
वा गुरुके पद कमल जुग, मन मधुकर करि पीन ॥ ३ ॥

दोहा

संवत सतरैसै बरष पूंग ने ऊपरि च्यार ।
माघ मास एकादशी किसन पक्षिकबिवार ॥ ७ ॥
नरपति कुल बरन्यौ प्रथम राज कुलीको रूप ।
पुनि कवि की पट्टावली उचरत सुनत अनूप ॥ ८ ॥

अन्त-

माने जिन्हैं महाबली, महाराज अजमाल ।
अग सूबे अजमेर के, मानेके महिपाल ॥ ४१ ॥
करि लषपति तासौं कृपा, कह्यौ सरस यह काम ।
मंजुल लषपति मंजरी, करहु नाम की दाम ॥४८॥
तब सविता को ध्यान धरि, उदित करयौ आरंभ ।
बाल बुद्धि की वृद्धि कौं, यह उपकार अदंभ ॥ ४६ ॥

अंत लिखते छोड़ा हुआ सा प्रतीत होता है । नाममाला का प्रारंभ मात्र होता है

विशेष विवरण-

पद्यांक ६ से १२१ तक में नृप वंश वर्णन है जिसमें नारायण से कुँअर लषपत तक की वंशावली दी है । पद्यांक १२२ से कवि वंश वर्णन प्रारम्भ होता है ।

यह एक ऐतिहासिक ग्रन्थ है। प्रारम्भ के आठ पत्रों में पद्यों के ऊपर गद्य में टिप्पणी लिखी है।

प्रति परिचय-पत्र १२, साइज १०॥ × ४॥, प्रति पृ० पं० ६, प्रति पं० अ० ३०

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर-जयपुर]

(७) (लखपत मंजरी नाम माला) र० ४६ कनक कुशल, पत्र २०२ सं०।

भट्टारक-श्री कनककुशलजी कृत लखपति मंजरी नाम माला लिख्यते ॥

दोहा

विबुध वृंद वंदित चरन, निरुपम रूप निधान।
अतुल तेज आनंद मय, वंदहु हरि भगवान ॥ १ ॥

कवित्त छप्पय

परम जोति परमेस दरस सुख करन हरन दुख।
चरचित सुर नर चरन राह निरि सरस राजसिरुख ॥
अमल गंग उतमंग गवरि अरधग धरत गुरु।
रुंडमाल रचि ब्याल माल बनि चंद भाल मरु ॥
कवि कनक जगति हित जग भगत, अकल रूप असरन सरन।
देवाधि देव शिव दिव्य दुति जदुपति लखपति जय करन ॥ २ ॥

दोहा

ज्यो गिरि कुल में कनक गिरि, मनि भूषन अवतंस।
वृच्छनि में सुर वृच्छ त्यों, बंसनि मैं हरिबंश ॥ ३ ॥
कनक कान्ह अवतार कौं, जानत सकल जिहान।
पाट भये तिनकें नृपति, अनुक्रम पृथु अनुमान ॥ ४ ॥
भये जु भूप हमीर के, सब भूपति सिंगार।
साहि पच्छिम दिसि को, सबल लल खंडन खगार ॥ ५ ॥
तरनि तेज तिनि के भये, भुजपति मारा भूप।
पाई जिहि पति साहि तैं, पदवी राउ अनूप ॥ ६ ॥
भोज राउ तिनि के भये, गनि तिन के खंगार।
राउ तमाची राम सम, सुत तिन के सिरदार ॥ ७ ॥

तिनके पटधर अधिक तप, भयौ रायधन राउ।
शील सत्य साहस सुगुन, रन मय रुद्र सुभाउ ॥ ८ ॥
पावन तिनि कै पाट पति, पति साहस जस पूर।
राउ प्रयाग प्रयाग सैं, प्रकटे पुण्य अंकूर ॥ ९ ॥
तिनिके उपजे तप बली, गाजी गुन निधि गौड़।
सूर शिरोमनि सहसकर, मरद महीपति मौड ॥ १० ॥
लखपति जस सुमनस ललित इक बरनी अभिराम।
सुकवि कनक कीन्ही सरस नाम दाम गुन धाम ॥ १ ॥
सुनत जासु हैं सरस फल कल्मष रहै न कोय।
मन जपि लखपति मंजरी हरि दरसन ज्यौं होय ॥ २ ॥

अंत-

इति श्री भट्टारक कनककुशलजी कृत ॥ लखपति मंजरी नाम माला संपूर्णः॥ श्री भुजनगर मध्ये जोसी कल्याणजी ॥ संवत् १८३३ वर्षे पौप मासे शुक्ल पक्षे ४ तिथौ ४ सोमवासरे लिखि ॥ पठनार्थम ॥ बारोट रामजी ॥ श्री रस्तु ॥ कल्याण-मस्तु ॥ शुभंमस्तु ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥

प्रति-गुटकाकार साइज ६×५, पत्र १३, पं० १३, अ-२० से २४

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर-जयपुर]

वि०पद्यांक १०२ तक भुजनगर उनके राजादि का वर्णन फिर नाममाला प्रारंभ

(८) **सुबोध चन्द्रिका** । पद्य १०२१ । फकीरचन्द । सं. १८०० चै. सु. ३,

आदि-

आद पुरुष को ध्यान करि कहौ नाम की दाम।
एक बरन के अर्थ बहु सुकल करै सब ग्यान ॥ १ ॥
सो भरि नाम आचार्य कृत दुती नामकी माल।
ताहि के परमान कछु बरनौ सुगति रसाल ॥ २ ॥
अधिक और कवि मुखनतें सुनि के कियो प्रमान।
सो प्रमान इा लाय कैं कहैं महा बुधवान ॥ ३ ॥
सब्द सिंधु सब मध्य कैं रच्यौ सुभाषा आनि।
अर्थ अनत इक बरन कै द्वादश अनुक्रम बानि ॥ ४ ॥

संवत ठार से रवि वरष चेत तीज सित पक्ष ।
भइ सुबोध चन्द्रका सरस देत ग्यान परतछ ॥ ५ ॥

अथ प्रथम ॐ के नाम—

ॐ परमेस्वर मुक्ति मनि ग्यान पूर्न पहिचानि ।
सबरिष बाचक अव्यय केवल रूप बषानि ॥ ६ ॥

अन्त—

अचल प्रीति प्रभु दीजियें तुम्ह गुनगन की मोहि ।
इहि मांगै अति चौंप करि मालम मन की तोहि ॥ १०१६ ॥ इति श्रीनाम ।

दोहरा—

कहु न पायें अर्थ जब आद बर्नतें भाषि ।
कवि कुल के परबंध इह सही जानि हिय राषि ॥ १०२० ॥

इति श्री चहूआण मयाराम सुत फकीरचन्द विरचितायां सुबोध चन्द्रकायां ।
प्रति—गुटकाकार ।

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर, जयपुर]

(१) छंदमाला । रचयिता— केसवराई (केसवदास)

आदि— अथ छंदमाला लिख्यते ।

अनंगारि है पेल में संग नारी ।
दियें मुण्डमाला कहै गंगधारी ॥
मावै कालकूटै लसै सीस चन्दै ।
कहा एक हो ताहि त्रैलोक्य वंदे ॥
महादेव जाके न जानें प्रभावै ।
महादेव के देव को चित्त मावै ॥
महानाग सो है सदा देहमाला ।
महा मावयंती करौ 'छंदमाला' ॥

दोहा—

भाषा कवि समुझै सबै सिगरे छंद सुमइ ।
छंदन की माला करी, सोमन केसवराइ ॥

एक वर्ण को पद प्रगट छबि सलौ मतिमंत ।
तदुपरि केसवराइ कहि दंडक छंद अनंत ॥
दीर्घ एक हीं वरन को दीजै पद सुखकंद ।
मंगल सकल निधान जग नाम सुनहु श्रीछंद ॥

इसके पश्चात् ७७ पद्यों में ८४ छंदों का विवरण देकर "वर्णवृत्तिसमासा" लिखा है। तदनंतर विविध प्रकार के छंद, गनागन दोष, दोहों के उपभेद आदि है।

अन्त–

पुरजन सुखपावत रघुपति आवत करतति दौर ।
आरती उतारै सर्वं सुवारैं, अपनी अपनी पौर ॥
पढि मंत्र असेषनि करि अभिषेकनि दैं आशिष सब शेष ।
कुंकुम कर्पूरनि मृगमदपूरनि बरषनि बरणा वेष ॥ ७२ ॥

इति श्री समस्त पंडित मंडली मंडित केसोदास विरचिता छंदमाला समाप्तम् ।

ले०–सम्वत १८३६, वैशाख सुदी ६, शुक्रवार लिखत जती ऋषि...जगता ऋषि पठनार्थम् ।

शुभमस्तु–वागप्रस्थपुरे लिपीकृता ।

प्रति– पत्र १७, पं.- १२, अ. ३८। ४०।

[विनयसागरजी संग्रह]

(२) छन्द रत्नावली–रचयिता–जुगत राइ। सं० १७३० का० सु०

आदि-

आगरा हिम्मतखांन कथन से ।

श्री बानीकरना पुरुस, कर्यो नु प्रथम उचार ।
आगम निगम पुरान सब, तामें ताहि उद्दार ॥ १ ॥
पिंगल आगै गरुड कैं, रच्यो कला प्रस्तार ।
पहुंचो आप समुद्र करि, छंद समुद्र अपार ॥ २ ॥
जुगतराइ सों यों कह्यो, हिम्मति खांनबुलाइ ।
पिंगल प्राकृत कठिन है, भाषा ताहि बनाई ॥ ३ ॥
छंदों ग्रन्थ जिते कहे, करि इक ठौर आनि ।
समुझि सबन को सार ले, रतनावली बखानि ॥ ४ ॥

नाम छन्द रतनावली, याहि कहैं सब लोग ।
लाइक है प्रभु श्र(स्त)वन को,कवि हिय राखन जोग ॥ ५ ॥
सप्ताध्याय रतनावली, कर्यौ ग्रन्थ मन सूर ।
प्रथमाध्याय कर्म कू (क्रि) या गुरु लघु गन क्रम पूर ॥ ६ ॥
असम मात्र छंद दुतिय है, समकल छंद त्रिय जान ।
चोथी सम वर्नक कही, असम वर्न पंच मान ॥ ७ ॥
छठी ध्याय छंद पारसी, सप्तम तुक के भेद ।
करै पंडित या ग्रन्थ मैं, मनवचन कमसौं खेद ॥ ८ ॥
अथ गुरु लघु लछन—
संजोगादि सबिंद सुनि, कहूँ होई चरनंत ।
दीरघ ए गुरु जानियौं, औ लघु नाम लहंत ॥ ६ ॥

× × ×

हिम्मखान सौं अरि कपत, भाजत लैबल जिय ।
अरि रे हमैं हूँ संग लै बोलत, तिनकी तीय ॥

× × ×

पत्रांक ८७ से ६३ में पारसी छंद लच्छण के अंत में इति श्री जुगतराइ विरचिते छंदरतनावल्यां पारसीवृत्त षष्टमोध्याय: ॥ ६ ॥ अथ तुकपदे सप्तमोध्याय: ॥ ७ ॥

अन्त–

इति श्रि जुगतराइ बिरचिते छंदरतनावल्यां तुकभेद सप्तमोध्याय: ॥ ७ ॥ संवत् सहस्त्र सात सत तीस कातिक मास शुक्ल पच्छ दीस भयो ग्रन्थ पूरन सुभ स्थान, नगर आगरो महाप्रधान

दान मान गुनवान सुजान, दिन दिन बाढो हिम्मतखान ।
जुगतराइ कवि यह जस गायो, पढत सुनत सबही मन भायो ॥
जो कुछ चूक मोहितैं होई, सो अपराध छमो सब कोई ।
बिनती सबसौं करौं अपार, पंडत गुन जन लेहु सुधार ॥
इति छंद रतनावली पिंगल भाषा श्री जुगतराइ कृत सम्पूर्ण ।

प्रति- पुस्ताकाकार पत्र १००, पं. १६, अ. १८।१६।

[नया मंदिर, दि. सरस्वती मंदिर धर्मपुरा, दिल्ली]
प्रतिलिपिः अभय जैन ग्रन्थालय।

विशेष- प्रस्तुत ग्रन्थ में विशेष उल्लेख योग्य पारसी वृत्तों के वर्णन हैं— अतः उसके आदि अन्त के पत्र दिये जाते हैं —

आदि-

अथ पारसी छंद भेद षष्टमोध्याय प्रारम्यते।
सबै पारसी छंदनि में, लघु गुरु को ब्यौहार।
पुनि लघु गुरु मन नेम है, तिनके कहों प्रकार॥

× × ×

फिर मक्तूबी, गन प्रस्तार, प्रस्तार, छंद गन भेद, छंद नाम, सालिम बहर, मुतकारिब, मुतकारिब हजज, रमल, रजजू, काफिर, कामिल, मनसरह, खफीफ मुजारअ, मुजतिम तबील मुक्तजिब, मदीद बसीत, सरीअ, ठारीब, मशाकिल, गैरसाल मक्तया, स.लिम अरोचक, गैर सालिम अज्जहाफ, के नौस नाम, यंत्र, अथ भेद आदि का वर्णन है।

अन्त-

गजल रुबाई मसनवी, बैतत अथवा चर्न।
एक द्वै गन तुक सहत धर, मुस्तजाद सो बन॥
एक चर्न सों मिस एक है, बर्न मुसल्लिस तीनै लहै।
चर्न मुखंमस पाचै मान, विषम चर्न छंद इतिय जान॥

इति श्री जुगतराइ बिरचिते छंद रत्नावल्या पारसी वृत्त षष्टमोध्यायः।
अथ तुकभेद सप्तमोध्याय—

चर्न अन्त जे बर्न सुर, पून चरन है गुन।
ते सुर बर्न जु सकल मिल, तुक कहिए प्रिय जान॥
संसकृत प्राकृत बहु, बिन तुक हूँ छंद होई।
भाषा छंद तुक बिनु नहीं, कहो ग्रन्थ मत जोइ॥

(३) छंद श्रंगार । पद्य २२८ । सेवग महासिंघ । सं. १८५१ नभ. सु. ५ नष्टे नगर ।

आदि–

छप्पय–

असन बरन गज वदन सदन, बुद्धि वर सुख दायक ।
अष्ट सिद्धि नव निद्धि वृद्ध, नित प्रति गण नायक ॥
विमल ग्यांन बरदान तिमर, अज्ञान निकन्दन ।
सर्व कार्य सिद्धि लहे, प्रण्णु जासो जग वन्दन ॥
गवरि सुनंद आनन्द मय, विघन व्यापि भव भय हरन ।
निज नाय सीस कवि सिंघ, मजय गनेश मंगल करन ॥१॥

दूहा–

गणपति देव प्रताप तें, मति अति निर्मल होत ।
ज्यूं तम मन्दिर के विषे, दीपक करत उद्योत ॥२॥
श्री गुरुदेव प्रतापतें, भयो सुग्यांन अमन्द ।
जाके पद सिर नायक हुं, भाषा पिंगल छंद ॥३॥
छंद बोध यातें लहें, रसिकन को रस सार ।
नाम धर्यो इन ग्रन्थ को, तातें छंद श्रंगार ॥४॥

छंद पधड़ी–

अब कहुँ प्रथम अष्ट हिं प्रकार । दुतीय प्रभाव गन कें विचार ॥
मन तृतीय छंद मता सुचाल । सुन वर्ण छंद चोथे रसाल ॥५॥

अन्त–

नाम छंद सिंगार है, पढ़त हिं प्रगट प्रमोद ।
छंद भेद अरु नायका, जाको लहत प्रबोध ॥ २६ ॥

चोपई छंद

भारद्वाज गोत्र पोहकरनो, सेवग ग्यात कहावे ।
महासंघ नगर मेरते, बसे परम सुख पावे ॥
जो कविता जन भये अगाउ, जांके वंदत पाया ।
छंद श्रंगार ग्रंथ यह कीनों, सामधि हरि गुन गाया ॥ २७ ॥

कवित्त:

संमतलोक[३] पांडव[५] नाग[८] चंदन[१] नभ मास धवल पष्य पंचमिकुजवार ठांनियौ ।
स्वांत नष्यत्र सुंदर चंद तुल रास आये मध्य रवि समें इंद्र जोग रमांनियौ ॥
छंद श्रंगार नांम यह ग्रन्थ समापत भयो, नवेनगर सहर निज मन मांनियो ।
कहे कवि महासिंघ जोइ पढे बांचे सोइ मेरो नित प्रनें अइसी कृष्ण जांनियौं ॥२८॥

इति श्री सेवग महासिंघ विरचितं छन्द श्रंगार पिंगल संपूर्णं)

संवत् १८७६ ना पोस शुद ३ दिनें लिषितं जामीमकनजी तथा डोशा ।

प्रति परिचय-पत्र २० साइज १०।×४॥ प्रतिपृष्ठ पं० ११ प्रति पं० अ० ३५

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर-जयपुर]

(४) पिंगल अकबरी- चतुर्भुज दसवधि कृत्य

मूल दोहा

लक्षण धर लम आदि दे । अष्टौ अक्षराधि निविधा ।
गुणिगण गणपति चिति चित, अवगति अकह अपार ।
देहि बुधि प्रभु जगद्गुरु, करुह छंद विस्तार ॥ १ ॥

चौपई

अगबरशाह जगत्र गुरु मायोहु, इहि बात भया महि अगुमायाहु ।
सरद सुधाकर कीरत मायाहु, निसिदिन लिया ताहि सणमायाहु ॥ २ ॥

अकबर विरजि १ दल विबुध सजि २ गजमद गरजि ३ वजणति बजि ४ नृपगण तरजि ५ कण सकवि रजि ६ अरि सकल भजि ७ निज भुवण तजि ८ वण गई तिलजि ६ तण रहिस धजि १० वण फिरति स्वजि ११ मुख छविण छजि १२ मनु दुख उपजि १३ जलनिधि निमजि १४ मवहण लिवजि १५ जुगपति गजि १६॥

रण चढत मीर १ तेज विविध वीर २ अति समर धीर ३ बुधि बल गभीर ४ जहां तहां हि भीर ५··· ६ अरि भय अधीर ७ उदलागति नीर ८ हिय बढति पीर ६ मुख थकित गीर १० नैणण तनीर ११ दुरबल शरीर १२ वण घण करीर १३ भ्रम भटक वीर १४ नहीं जुरत नीर १५ भोजन समीर १६॥

अरि जिय विचारि १ भुय भय परारि २ गढ-मढ विदारि ३ अपहथ उद्धारि ४ पुर किय उजारि ५ निज भुवण जारि ६ मण गण बिथारि ७ धन विविध

निहारि १२ नहीं उदधिश्चारि १३ बुडेहि लिवारि १४ तिह्निगति निनारि १५ जगदेति धारि १६॥३॥

बजति निसाण १ धुन घण समान २ अरि सुणत कांन ३ अति ही सकाण ४ दस दिस पराण ५ गृह मग भुलाण ६ तज्जति गुमाण ७ सभ गई हिसाण ८ गिरवण परवाण ६ ताह फरत थांण १० जब जुर ने पांण ११ निरखत बेदांग १२ तव तजति प्राण १३ अरि कोउ रहाण १४ लंकउ अहाण १५ अकबर की आण १६॥४॥

दोहा

अकबर साहि प्रवीण सुय, कह्यो कहुह सब छंद ।
सुगम होहि मति मंडले, पढत बढति आणंद ॥ ३ ॥
चतुर चतुरभुज सुगत ए, कह्यो बुद्धि अणुमांण ।
सुणहु साधु सम सुचित हुई, करहु ग्रन्थ सणमाण ॥ ४ ॥
सुम [1]भरथ [2]गौतम [3]गरुड़, [4]कश्यप [5]सेष [6]बिचार ।
पट पिंगलु ए विदुत मुइ, कहूं अब तिहुअ निहारि ॥ ५ ॥
पिछिमिति तर कहु मत विगु ए त्रिगहु लघु जाणि ।
प्रगट ताहि बुधि जन कहत, अपर सौ गुरु मांण ॥ ६ ॥
बिंद सहित संजुत पर, अरु विकलप चरणंतु ।
कबहु लघ संजुत पर, दीह सबै बरणंति ॥ ७ ॥
कबहु अक्खर त्रिणहुइ, मिलति पढति एक सथ ।
उहै एक लघु जाणिए, बुधजण कहत समथ ॥ ८ ॥
मगण तगण समण पर,..........................

× × × × × ×

द्विविध छंद फणपति रचित, वरण वरण मत परमाण ।
करुह प्रगट सब जगत्रहि, जथा बुध अणुमाण ॥१५॥

सासी जीगो श्रीछंद, तिणछंद, सेसाराजी छंद, विद्युतमाला छंद, हुअमाल, राइमाला छंद, मालती माला छंद, बिजूहारा छंद, विश्वदेवा छंद, सारंग छंद, बंमरूवी छंद ।

१६ के बाद— अथ लघु छंद, मधु छंद, दमरा छंद आदि। १६ के बाद फिर—यही छंद लगाखिया छै।

पत्रांक ६५ और ६६ खाली हैं। पत्रांक ६७ पद्यांक २३ के बाद ग्रंथ लिखते हुए छोड़ दिया है। फिर फुटकर कवित्त और दोहे हैं, जिनके कर्त्ता सारंग, कालीदास, पातसाह आदि हैं। व जिनका विषय अकबर पातसाह के कवित्त, नाजर रा सारजादेरो, खानखानारा भूलणा, फिर कवित्त रायदासजी को।

रायदासजीरो गुण अमृतराजरो कियो, पत्रांक ७६ तक है।

पत्र ७७-में श्रृंगार अनूप चतुरभुज दसवधि कृत्य। ग्रन्थ प्रारंभ किया है।

पत्र ७८-साहिबाजखान रो, पतिसाहजीरा ढढणिपद चतुर्भुज कृत्य। पत्र ७६ पद्य ६६ फिर कवित्त।

> एक विद्या देत साउ, बित चाहत, बित दे विद्या तूहि पढावतु।
> कल्पद्रुम कलिकाल चतुर अति, कविता करण कहत जिय भावतु॥
> आ देखे सुख सपति उपजति, दुरति दूरि नासत तहा जावतु।
> अहरिदास सुतन सुखदाता, चतुर्भुज गुणी जनराइ कहावतु॥

प्रति गुटकाकार (ग्रन्थ अपूर्ण)

[अनूपसंस्कृत लाइब्रेरी]

(५) **पिंगलादर्श**—रचयिता—कवि हीराचंद र० सं० १६०१ मोरवी।

आदि—

छप्पय

> सच्चित आनंद रूप, क्वचित माया तें गुनमय।
> कुचित तासों नाहि, खचित ज्योति सों अक्षय॥
> अर्चित ब्रह्मादितें रचित, जातें जनि स्थितिलय।
> किंचित नाहीं द्वैत, उचित अच्युत सुख अतिशय॥
> सो चितवत हों इक आप प्रभु, अचित रहित ओंकार जय।
> वंचित नास्तिक नाश हितहो, संचित सों बांधे समय॥१॥

उपोद्घात-

दोहरा-

संस्कृत प्राकृत पिंगलन, है अनेक सो देखि ।
तातें रचना अधिक नहि, या में धरी विशेखि ॥ १ ॥

कुंडलिया-

तातें मित अच्छर अती, अर्थ बुद्धि को धाम ।
छंद नाम यति भेद अरु, सूत्र चिह्न गन नाम ॥
सूत्र चिह्न गन नाम, एक पाद हि में आवै ।
एसो करो विवेक जाइते ओर न भावै ॥
आगें पिंगलकेइ भये न्यूनाधिक यातें ।
लेइ सबन को सार, बनाये सुन्दर तातें ॥ २ ॥

अंत-

दोहा

तातें याके नामजू, धर्यो पिंगलादर्श ।
कीजो सब बुध जन छमा, जो आवै अपकर्ष ॥ ४ ॥
दिखे गलादर्श में, दर्शन पांच प्रकार ।
प्रथम गनादिक दुतियें है, वरन छंद उपचार ॥ ५ ॥
मता छंद तृतीय हैं, तुर्य विशेष विचार ।
पंचम प्रस्तारादि है, उदाहरन सविकार ॥ ६ ॥

ग्रंथ कारण-दोहा-

संवत उन्निश शत अधिक, एकेश ऋतु बसंत ।
फागुन शितयुत अष्टमी दिन दिनकर बिलसंत ॥ १ ॥
भो अतुमो सम पिंगला-दर्शसटीक समाप्त ।
बुधजन शुध कर लीजियो, दोष होइ जो प्राप्त ॥ २ ॥
सम पुरिन में यह पुरी, तासों सिंतर कोश ।
पूर्व दिशा में मोरवी, जहां नृप निति ज्यों ओस ॥ ३ ॥
ताको श्रीमाली वनिक कानजि सुत श्रीमंत ।
हरीचंद मनस्वि सो, जा पति कमला कंत ॥ ५ ॥

फिर्यो अठाइस वर्ष लौं, दच्छिन ब्रज गुजरात ।
तानें कीनो ग्रन्थ यह, सब पिंगल सरसात ॥ ५ ॥

शार्दूल वक्रीडित छंद-

हीरा खाने यही मही महिं रही कोई कहाँ की कहीं ।
तामें नग बड़ो जु कोउ एत हेमें नीका अही ॥
तोऊ रत्न की जाति बज्रमयता जौहेरी सो जानहीं ।
का जाने अहिरा चरावत बछरा जो घास में सोवहीं ॥ ६ ॥

ग्रंथ प्रशंसा, दोहा-

बहुतेरे पिंगलनको, करके मनमें स्पर्श ।
बुधजन पाछे देखियो, यही पिंगलादर्श ॥ १ ॥
जदपि अमूल्य बमन रतन, भूषन पहिरो कोइ ।
तदपि आरसी में दिखे, बिन संतोष न होइ ॥ २ ॥
पिंगल बहुत पढो बढो, बुद्धि सौं बुध कोइ ।
तदपि पिंगलादर्शबिन, अतुल तृप्ति ना होइ ॥ ३ ॥
भावे तो यह एक हीं, पढो पिंगलादर्श ।
देखो पिंगल और सब, होइ न यह उत्कर्ष ॥ ४ ॥
मिस्त्री की अति मिष्टता, शुनिकें जानि न जाइ ॥ ५ ॥
खायें तें जानी परे, फिर पूछिबे कि नाइ ॥ ५ ॥
निर्जुर ब्रजबासी अब, गुजराती यह तीन ।
बोल सो भाषा मिलित, ग्रंथ चंदनें कीन ॥ ६ ॥

इति कवि हीराचंद कृते पिंगलादर्शे ॥ प्रस्तारादि वर्णनं नाम पंचमं दर्शनं ॥ ५॥ समाप्तोयं पिंगलदर्शः ॥ संमत् १६२६ का ॥ मिति फागणवदि ७ लिषतं गुलाब सहल ब्राह्मण ॥ लिषायतं महतावजी गाडण ॥ गांव गुदाड़वास का ठाकर बेटा आईदानजी का ॥ लिषतं बिसाहु मध्ये ॥

पत्र सं० ७१, प्रति पत्र पंक्ति १८ प्रति पंक्ति अक्षर १४, यंत्र कोष्टक आदि संयुक्त। गुटका साइज ८×६

[सीतारामजी लालस संग्रह]

३ अलंकार (नायिका भेद-रीति)

(१) ज्ञान शृंगार पद्य ३१२ र० सं० १८५१ वै० शु० २ गु०

आदि-

अथ ग्यान सिंगार लिख्यते ।

दुहा

शिव सुत आदि गनेश जय, सरावत हृदय सु धार ।
ग्यान बधै सिंगार रस, कर्यो सुग्यान सिंगार ॥
शिवजू सदा अद्भुत रस, ता सुत ग्यांन निधान ।
तिन स्वरूप को ध्यान धर, दोहा रचे सुजान ॥
अद्भुत रूप अपार छबि, गनपत गहरो गांन ।
ताइ दया ते तास मैं, नवरस गुन जु बखान ॥
प्रथम नायका जात ए, च्यार मांत की मांन ।
पद्मन चित्रन संखनी, आर हस्तनी मान ॥

× × ×

(पद्यांक १८४ तक नायिका फिर नायक लछन, मान भेद व ऋतु वर्णन है)

अन्त

अथ शिशिर वर्णन—

जगत कियो भयभीत अत, इहै ससिर के सीत ।
दंपत मिले बिहरत सखी, लियै जु राफा रीत ॥
संवत ससि सिववदन मन, सिध आतमा जांन ।
सुध वैसाख गुर दूज दिन, भये ग्रन्थ परमान ॥

इति श्री । ··· ············

प्रति- गुटकाकार (नं० छ० ६, पत्र ३५ पं० १४) चित्र के लिये स्थान २ पर जगह छोड़ने के कारण पंक्ति का ठिकाना नहीं,) प्रति पंक्ति अक्षर २४ साइज ६×७ ।

[स्थान कु० मोती चन्द जी खजानची संग्रह]

(२) मधुकर कलानिधि-

आदि-

सवैया-

बानी जू हो अगरानी महीपद पंकज रावरे जे नर ध्यावैं ।
से नर ऊषम हूष पियूष सनी मृदुका ला बरसावैं ॥
मान मरें गुन ग्यान मरे पुहमी मध दानन को ते रिझावें ।
कीरति चंद्रिका चंद्र समान सभा नैम ते ईक विद्र कहावैं ॥

कवित्त-

अरथ अमोल मनि सुबर अलंकार ग्रन्थनि कौ राजही के गुननि गर्यौं करें ।
मानि हान मानि दान दुज निस दाम वियरुघ भक्ति लछि लखि सदा उलर्यौ करै ।
सरस सिंगार कलकहड मकनि बनि राजे छबि छाजै छत्र ओर निलर्यौ करै ॥
साधु बंधु कृपासिंधु सत्य सिंधु माधवजू रावरे को सुरसुति से दवें चर्यौ करें ॥

× × ×

गुन रतनाकर नृप मुकुट, विलसत मधुकर भूप ।
निज मति उज्जवल करन मैं, कियो ग्रन्थ रसरूप ॥

अंत-

ये कीने हैं रस कवित, अपनी बुधि अनुसार ।
सोधि लीजियौ छमा करि माधवेस अवतार ॥

इति सारस्वतसारे मधुकर कलानिधि संपूर्ण ।
सं० १८४७ आ० ब० ७-सोमवार
पत्र १३ पं० १७ अ-१८ पुस्तकाकार साइज ७॥ × १०॥

[स्थान-अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

वि० इसी प्रतिके प्रारंभ में प्रेमप्रकाश व्रजनिधि रचित है ।

(३) रसमोह श्रृंगार-कर्त्ता-दामोदर सं० १७५६ बुरहानपुर

आदि-

अथ रसमोह श्रृंगार लिख्यते

दूहरा

पहेलें गनपति नमनकरि। नमुं मजपति तास ।
दोहरि सरस्वति नमनकरि, मागु बुद्धि प्रकास ॥ १ ॥

छप्पे

गणपति गुण निधिमार भार सिर कष्ट ही भज्जें ।
गणपति समरित रिद्ध सिद्ध, सुख संपति पुज्जे ।
गणपति स्थत दुषम बिषम, बल बुद्धि उपज्जे ।
गणपति चिंतित चित्त चित्त, वंछित फल हुज्जें ॥
गवरिनंद जयवंत सुकृत, सब काम दहन सुत शुभकरण ।
एक दंतवंत गजवदन सकल गुण, दास चित्त गणपति सरण ॥२॥

दोहरा

दक्षणदेश सुदेश हैं और सब देशन को सार ।
अनधन मणि माणिक हीरा, हुमुगता को नही पार ॥ ३ ॥
तिहां पातसाहि करें, महाबली मति धीर ।
चारु दिशा जिन वश करी, सु साहिब आलमगीर ॥ ४ ॥
तिहांनगर बुरानपुर वसतहिं, अरु अरु खांण देश को थान
दास वरण सबको बसें, पुन्य पवित्र सुग्यान ॥ ५ ॥

सोरठा

तिहां तापी तीरथ तीर, दास सुमरितहीं सबे ।
पावन रहे सरीर, वेद पुराण यु उचरें ॥

दोहरा

दास दमोदर नाम हैं मूढ मती अग्यान ।
गुरु प्रसाद उपदेशतें, दीयो रंचिक ग्यान ॥ ७ ॥
जिन गुरु अक्षर ही दीयो । सु पंडित परमानंद ।
अंचल गछमों सोभिजें, जो पुनिम को चंद ॥ ८ ॥
दास दमोदर चतुरकों, कीयो ग्रन्थ सो सात ।
पदुआ परम प्रसीद्ध हीं वीर वंस हे जाति ॥ ९ ॥
तिन इह ग्रन्थ विस्तारियों, सुभग सरल सुरंग ।
भूल्यो चूको कवीजनो, जिन आणो चित भंग ॥१०॥
संवत १७ सय बरष छप्पन्नवा सुभसार ।
श्रावण सुदि तिथि पंचमी, बार भलो गुरु वार ॥

नाम धर्यो इह ग्रन्थ को, रसग्रोह सिंगार ।
दास दमोदर रसिक कुं, कीयो प्रेम को हार ॥१२॥
नौं ही रस सबकौं कहें, तामें सुभ शृंगार ।
दास ताके रस बहूं, एक एक में सार ॥१३॥

अथनवरस नाम वर्णन–

प्रथम शृंगार[१] जो जानीये, दूजो करुणा[२] मान ।
तीजो अद्‌भुत[३] कहत हैं चउथो हास[४] बखाण ।
पांचो रुद्र[५] बहु वीर[६] सस भय[७] चित्त आनि ।
अष्ट विभिछ बखाणि हे नोहों शांति[९] सुजाण ॥१५॥

अथशृंगार रस वर्णनं ॥ दो०

रस शृंगार के रस बहू वरण २ हें जोग ।
दास ताके रसनकुं, जाणे चातुर लोग ॥१६॥

अंत–

अथ राजसी नांयका को अभिसार वर्णनं

गति गजराज लीयें, तरंग के तुरंग कीये, बिजुरी चिराग बिचिराग कीयें केंदरी ।
कुचतो निसान चीनें, पल्लव निसान लीयें, जल धार फोज मार अंग संग हे भली ।
मन के मनोरथ हें, पाय दल पूरें सूरें, सुरति संग्राम कुतो बाम साच कें चली ।
निसकु दमामो घनघोरन को दीये दास, लीयें साज राजन ब्रजराजन जा मीली ॥ ६ ॥

दूहरा ॥ अथ भाई काको अभिसारिका ॥

दाउ परें पर भावतु, मिलें हित्त करि आय ।
भाई काको अभिसारिका, बरण दास बनाय ॥ २८ ॥
दाउ परें पर दास चली अली संग लीयें ।
निकसी ब्रज प्यारी पीत पीतांबर काठ कछे– ।

आगे लिखते छोड़ा हुआ है। आगे मदन संवाद है। विहरीसतसइ सं० १७६४ लिखित है।

प्रति–गुटकाकार साइज ८।।। × ५।।। पत्र ८ पं० १५ अ. ४६

[अभय जैन ग्रन्थालय]

वि० प्रथम खंड-कृष्णराधा संयोग वियोग वर्णन पद्य २३
द्वितीय ,, के मग्न उपाव ,, पद्य ७०
तृतीय ,, अष्ट नाइका ,, पद्य २८ अपूर्ण

(४) रसविनोद—रचयिता-प्रवीनदास सं० १८५३

आदि-

अंश अप्राप्य—

× × ×

अन्त-

मिलन मनोरथ-विकल, सो कहिय उनमाद ।
इसी अवस्था सरन है, तामें कछु नकसाद ॥ ७६ ॥
यह संबर शृंगार को करनि रनायो रूप ।
थोरे में सब समझिये, बुद्धिवंत तुम भूप ॥
मह इने हात आनी, संवत्सर त्रेपन अधिक ।
विक्रम ते पहचानि, जेट असित भृगु द्वादसी ॥

इति श्री महाराजाधिराज महाराज राजराजेन्द्र सवाई मानसिंघ हितार्थं प्रविनदासेन विरचितं रसविनोद संपूर्णम् ।

लिपीकृतं गढ गोपाचल मध्ये श्री·············

प्रति—गुटकाकार छोटी साईज, पत्र २० मे २४ पं० ६ अ० १०

[अभय जैन ग्रन्थालय]

(५) सुखसार—रचयिता-कवि गुलाब (सं०१८२२ पौष. शु० १५अवंतिका)

आदि-

श्री गनेसायनमः अथ ग्रन्थ सुखसार लिख्यते ॥

दोहा मंगलाचरन ॥

गुरु गन पति विध सारदा, श्री हरि मंगल हेत ।
कवि गुलाब बंदत चरन, सिवजू सिवा समेत ॥

"कबित्त मनहरन गनेसजू का"

नंदन श्री सिवजूके सिवाके सुखद अति ।
प्यारे प्रान हूँ ते मारे मौन हैं गुनन के ॥
अेक दंत राजै भाल सिंदुर बिराजै चारु ।
चंद छबि छाजै काज साजै सुभ मन के ॥
भाए बरु आस नहैं नासन बिगन भूर ।
सासन जगत मानैं पूरन हैं पन के ॥
बंदौं गननायक सकल सुषदायक ।
(क) हैं सुकबि गुलाब कौ सहायक सुजान के ॥

दोहा–

संवत जुग जुन गजससी, पौष पुन्यौ बुधवार ।
सुभदिन सौधि गुलाब'कबि, कियो ग्रन्थ सुखसार ॥

अन्त–

गुन कम अपने बंसको, कैसें कहौं प्रमान ।
नाम रहत है ग्रन्थ मैं, याते करौं बषान ॥ १ ॥
दिल्लीपत अकबर बली, राष्यौ जिनको मान ।
अैसे कुलदीपक भअे, कुलमैं यकमनखांन ॥ २ ॥
यकमनपां के सुत भअे, लाडूषांन सुजांन ।
सुत सुजांन जू के भअे, लायक भाईखांन ॥ ३ ॥
लाडपांन के सुत प्रकट; चार चारु गुन मौन ।
चांदपांन जुनेदषां, रादू वाजिदषांन ॥ ४ ॥
चांदषांन के सुत उभै, जांनी कुंदनषांन ।
जिनके गुन अरु लायकी, जांनत सकल जहांन ॥ ५ ॥
कुंदनपां के तीन सुत, जेठे कालेषांन ।
तिनकी राजा रंकसौं, रही अकेसी बांन ॥ ६ ॥
लघु बंधो तिनके सुमति, मगनषांन गुनगेह ।
बंस भागीरथ मर्थ सौं, सदा रष्यौ है नेह ॥ ७ ॥

कवि गुलाब सबते लघू, कवि कुलही कौ दास ।
किरपा सीतारामतै, भरत अवंती बास ॥ ८ ॥
श्री राधा बाधा हरन, मोहन मदन मुरार ।
प्रगट करयौ निज प्रीत सुं, कवि गुलाब सुषसार ॥ ६ ॥
बिनती सुनौ गुलाब की, कविता दीन दयाल ।
जहां जहां जो भूल है, लीजै आप सम्हाल ॥ ६ ॥

इति सुषसार ग्रंथे चित्रालंकार बर्ननं नाम चतुर्दस उल्लास ॥ १४ ॥
संपूरनं ॥ मास सांवन बदी १२ ॥ वार बुध आस्थांन अवंतिका ॥
पत्र सं० ७८, प्रतिष्ठ. पंक्ति १७ । १८ प्रति पंक्ति अक्षर १८
गुटकाकार नं० छ. ५६ । साइज ८ × ६॥

[मोतीचंदजी खजांनची संग्रह]

(४) वैद्यक

(१) दउलति विनोद सार संग्रह—(वैद्यक) दौलतखांन

आदि—

श्रीमंतं सच्चिदानंदं चिद्रूपं परमेश्वरम् ।
निरंजनं निराकारं तं कंचित्प्रणमाम्यहम् ॥
दोधकाधिक सद्वृत्तैः पाठैः पाठानुगैर्वरैः ।
शास्त्रं विरच्यते स्वच्यं दृष्ट्वा शास्त्राण्यनेकशः ॥
दउलति विनोद सारसंग्रह नाम प्रगट पामाथी पत्र ।
से परोपकृत्यै सन्मने सुमते कवीन्द्राणाम् ॥
श्रीमद्रागडमंडलाखिल शिरः प्रोद्यत्प्रभामंडनाः ।
श्रीमंतो दिपखान भूपतिवरा नन्धाः सुरानन्ददाः ॥
तत्पट्टोदयसानुम नकरै भस्वित्प्रभाभास्करैः ।
श्रीमद्दउलतिखान नाम वसुधाधीशैः सुधीशाश्रिमैः॥

(त्रिभिः कुलकम्)

तद्यथा दोहा—

धन्वन्तरि मुख वैध बहु सुद्ध चिकित्साकार ।
तनसुद्धिइ सुणि योग पथ लहइ संसारह पार ॥

तावइ त्रिकलक योगविद पटइ चिकित्सा सत्थ ।
मुक्ति होइ पर भावि निपुण इहां चाहइ तउ श्रत्थ ॥
धर्म अर्थ अरु काम कऊ साधन एह शरीर ।
तसु निसेगत कारणइ उद्यम करइ सुधीर ॥

२४ दोहे के बाद-

इति श्रीदऊलति विनोद सार संग्रहे दऊलति-
खांन नृपति विरचि निर्मितं वैद्यगुणाधिकारः ।

दोहा - १०१

ज्ञान परम कछु जोगी श्रंनइ कइ कुछु परम वैद्य बखानइ ।
ग्रन्थ विसंषि जिहां किछु पाया भूपति दऊलतिखान दिखाया ॥

इति श्री अलपखां नृपति सुत भूपाल कृपाल श्री दऊलति खान विनिर्म्मिते दऊलतिसार संग्रहे ।

चरम ज्ञानाधिकार सारः । फिर काल ज्ञान, मूत्र परीक्षा, नाड़ी परीक्षण-एवंच —

षोडशज्वर लक्षणसहित श्रोषध क्राथ बखान ।
कह्या बागडदेशाधिपति नृप श्रीदऊलतिखान ॥

इति श्री वागड देशाधिपति श्री अलिपखाननंदन श्री दऊलतिखान विरचितं श्री दऊलति विनोदसार संग्रहे षोडशज्वराधिकार सारः ।

फिर अतिसार ६५ रोगों के ४१वें में कुल विंशति, ४२वें में शीतपित्ता-धिकार, ४३वें में अम्लपित्ताधिकार, ४४ विसर्पि, ४५ भूता-अपूर्ण ।

इति श्रीदऊलतिविनोद सार संग्रहे विसर्पिनिदानाधिकारसारः ।

बड़ा गुटका पत्र ३६७ से ३६७ पं. २४-२५अ. ४०१४८ (१७ वी शताब्दी व १८ वी प्रारम्भ) ।

[अनूप संस्कृत लाइब्रेरी]

(२) वैद्य चिंतामणि (समुद्र प्रकास सिद्धान्त) जिन समुद्र सूरि

आदि-

प्रथम पत्र नहीं ।

अन्त-

इति श्री समुद्र प्रकास सिद्धान्ते विद्या विलास चतुष्य दिकायां वर्षा रि० समाप्त मिति ।। कुल पत्र ५.

पत्र ६ में, ग्रंथ अपूर्ण। अंतिम पंक्ति इस प्रकार-

"तालू रोग पिण नव सर्वथा नव बिध वली कपाल नी वृथा होत रोग भेदे छै आठ कंठरोग अष्टादश पाठ ५ ।।

आदि-

दूहा आसावरी =

।। ६ ।। श्री गुरुभ्यौनमः श्री भारत्यैनमः ।।

सकल स सुक्खदायक सकल, जीव जंतु प्रतिपाल ।
नाम ग्रहण वांछित फलत, टलत सकल दुख जाल ।। १ ।।
श्रीगोडी फलवद्धिपुर, आदिक तीरथ जास ।
पार्श्व प्रभू पृथिवी प्रसिद्ध, पूरण वांछित आस ।। २ ।।
पंच वरण दे नाग कुं, कीयो धरण को इंद ।
जादव सैन्य जरा हरण, प्रणमुं जगदानंद ।। ३ ।।
तास वदन ते उपनी, सरसति सरस सुवांण ।
ताको ध्यान धरों रिदै, जिम कारज चढै प्रमांण ।। ४ ।।
सगुरु जिनेश्वरसूरि पद नायक जिणचंदसूरि ।
ताके चरण कमल नमुं, धर चित आणंद पूरि ।। ५ ।।
गनि उपकार नगी रिदै, धरी आण चित चूंप ।
रचौं वैद्य के काज कों, वैद्यक ग्रन्थ अनूप ।। ६ ।।
वैद्य ग्रन्थ पहिली बहुत, हैं पिण संस्कृत वाणि ।
तातैं मुगध प्रबोधउं, भाषा ग्रंथ बखांणि ।। ७ ।।
वाग्भट सुश्रुत चरक, फुनि सारंधर आत्रेय ।
योग शतक यादिक वली, वैद्यक ग्रन्थ अमेय ।। ८ ।।
तिन सबिहुंन को मथन करि, दधि तें ज्युं घृतसार ।
त्यों रचिहुँ सब शास्त्र तें, वैद्यक सारोद्धार ।। ६ ।।
परिपाटी सवि वैद्यकी, आमनाय सशुद्धि ।
वैद्य चिंतामणि चोपई, रचहूं शास्त्र की बुद्धि ।। १० ।।

रोग निदान चिकित्सका, पथ क्रियादिक तंत ।
नाम धरयो इन ग्रन्थ को, श्री समुद्र सिद्धंत ॥ ११ ॥

प्रथम देश व्यवस्था कहता हौं–

चोपई–

प्रथम देश त्रिहि भांति वखाण, जांगुल अनूप साधारण जाण ।
पित्त वाय अनुक्रम सही, त्रिणि देसा की प्रकृति कही ॥ १ ॥
जांगुल देश पित × × × × ×

अपूर्ण

प्रति–प्रथम पत्र ही प्राप्त

[जैसलमेर बड़ा भंडार]

(५) संगीत

(१) रागमाला । गिरधर मिश्र ।

आदि–

करि प्रणाम हरि चरण कुं दुख नासन सुख नित्त ।
होति सुमति जाकइ पढत, रागमाल सुनि मित्त ॥ १ ॥
या प्रमदा जिन राग की, तासूँ तासि सयोग ।
अवर राग संगतइ, गावत पढत बियोग ॥ २ ॥
समय बिना हरि दरसतइ, उपजत रोष प्रत्यंग ।
तहंसइ राग समय बिना, करत होत मति भंग ॥ ३ ॥
प्रात समइ भइरु करो, मालव सूर उद्योत ।
प्रथम याम हिंडोल कउ, याम दीप द्वै होत ॥ ४ ॥
निसा आदि श्रीराग को, समयो कहइ प्रवीण ।
मेघराग मध्य राति निश, गावइ सो मति हीण ॥ ५ ॥
× × × ×

अन्त–

पूरव कविकृत देखि कइ, गिरधर मिश्र विचार ।
रागमाल रूपक रचे, सत कवि लेहु सुधार ॥ ५८ ॥

इति संगीत सारोद्धार मिश्र गिरधर विरचित रागमालायां दीपक राग-रागिणी निर्णय सप्तमांक ॥ ७ ॥ इति रागमाला ॥

वि. १. रागरागिणी निरूपणो प्रथमांक ।

,, २. भइरव रागरागिणी निर्णयो द्वितीयांक ।

,, ३. मालव कौशिक रागरागिणी निर्णये तृ० ।

,, ४. हिंडोल रागरागिणी रूप निर्णये चतुर्थांक ।

,, ५. श्रीराग रागरागिणी रूप निर्णये पंचमांक ।

,, ६. मेघ रागरागिणी रूप निर्णये षष्टांक ।

पत्र १ यति बालचन्दजी, चित्तौड़। लेखन- १८वीं शती ।

(६) नाटक

(१) कुरीति तिमिर मार्तण्ड नाटक । र. रामसरन

दूसरी प्रति पत्र १२१-७२-१२६-४१३=७३२ ।

आदि- अथ कुरीति तिमर मार्तण्ड नाटक ।

दोहा-

नमो नाभि के नंद को, विघन हरन के हेत ।

सकलन सिद्ध दाता रहैं, मन वांछित सुख देत ॥१॥

परमात्मा स्तुति - गजल बखानजी,

\+ × +

सूत्रधार (आकाश की ओर देखकर) ।

ओह हो, देखो, क्या घोर कलिकाल प्रगट हो रहा है । प्राणी अन्याय मार्ग में कैसे लीन होरहे हैं। खोटे कार्य करते भी चित्त में लज्जा नहीं आती है । ये सम्पूर्ण अविद्या का प्रभाव है । धन्य, विधाता तेरी शक्ति, तेरा चरित्र अगाध है। इसमें चुप रहने का ही काम है ।

× × ×

अंत-

फरुखाबाद निवास जिन, धपन धर्म लवलीन ।

निवसत मनसुख राग तहां, आयुर्वेद प्रवीन ॥

रामसरन तिनका तनुज, जिन चरणाम्बुजदास ।
ताने ये नाटक रच्यो, करत कुरीति विनास ॥
शब्द अरथ की चूक को, बुधजन कीजै गह ।
कटुक वचन लख या विषय, कीजे रेचन शुद्ध ॥
कोई जीव अनिष्ट को, इक मन हरषात ।
तिनसे है कछु भय नहीं, करै अणुगतो बात ॥
चैत्र गुण पाही दिना, पूर्ण हुआ ए लेख ।
काय वाच ग्रह रवि मिले, सम्वतसर को देख ॥

इति कुरीति तिमिर मार्तण्ड नाटक सम्पूर्णम् ।

यह नाटक लिखाया पण्डितजी मांगीलालजी (..........................) ।

क. ३ क. सं. १६ से ४५ तक । पत्र ३६ पुस्तकाकार पं. १८ अ. १८ ।

[मोतीचन्दजी खजानची संग्रह]

अथ ज्ञानानंद नाटक लिख्यते-लछीराम

देव निरंजन प्रथम बखानो, गहि व्योहारु गनेसहि मानो ॥ १ ॥
बहुरि सरसुति विष्णुउ संभु, सुमिरि कर्यो नाटक आरंभ ।
लछीराम कवि रसविधि कही, अरथ प्रसंग मिथो तिनि लही ॥
नाटक ज्ञानानंदु बखान्यो, ज्यौं जाकी मति त्यौं तिनि जानौं ।
देसु भदावर अति सुखु बासु तहां जोइसी ईसुर दासु ।
राम कृष्ण ताके सुत भयौ, धर्म समुद्र कविता यसु छयौ ।
तिनके मित्र सिरोमणि जानि, माथुर जाति चतुरई खानि ।
मोहनु मिष सुभग ताको सुतु, वसै गंभीर सकल कला युतु ।
पुनि अवधानी परम विचित्र, दोऊ लछीरामसो मित्र ।
तीनों मित्र सने सुखु रहें, धनि प्रीति सब जगके कहें ।

अथ लछीराम वृत्तान्त कहियतु है—

जमुना तीर मई इक गाऊं राइ कल्यान बसै तिहि ठांऊ ।
लछीराम कवि ताकै नंदु, जो कविता सुनि नासै दंदु ।

गाइ पुरंदर करे लंबु भाई तासों मित्रनि बात चलाई ॥
नाटक ज्ञानानंद सुनाऊं, देहु सुखनि अरु तुम सुख पाओ ॥

× × ×

अंत-

सब मै अपु मै सबै, सुनो भेद कछु नाहि ।
ज्यों स्यो तनु मनुधर रहैं धरस्यौं तत मन मांहि ।
या अंत के दाके अर्थ को जानु होई सोई जानियो ॥

इति ज्ञानानंद नाटक, लछीराम कृतं समाप्तम् ।
संवत १७७७ वर्ष वैसाख, पत्र १४ पं० ८ अ० ४१

[अनूप संस्कृत लाइब्रेरी]

(३) प्रबोध चन्द्रोदय नाटक । घासीराम । सं. १८३६ ।

आदि-

अथ पबोध चन्द्रोदय नाटक लिख्यते—

लंबि कपोलनी कला हरन कर कदंब गेलंब ।
नमत चरण तेरंब प्रभु (श्वश्रु) कजे प्यारे जगदंबा ॥
हरिहर सरसुति करैं नमन सदानन्द गुनपूर ।
भौ सार ताप हारक महत विघन निवारक भूर ॥
जिनकी कृपा कटाक्ष तें, होत ग्यान परकास ।
तो ता ध्यावे गुरुचरण, सकल गुननि की रास ॥
बीनती घासीराम की, सुनौ व्यास भगवान ।
उद्‌घाटक फाटक हृदय, दीजै नाटक ज्ञान ॥

+ × +

कवित्त महाराव वर्णन-

बोलनि के समै देवगुरुसे विराजमान दान देवै काज राजतने अंशुमंत है ।
जुद्ध न के समथ महाधीर गम्भीर मन जीतवार जंग के अनंत कौ हनंत है ॥
धीरवंत सोभत है महावीर घासीराम भागवंत मांह सोभैं महाभागवंत है ।
धर्म एसे नीतवंत चिरंजीव राज राज, तिनके समान महाराव जसवंत है ॥

दोहा-

एक विलंबि सत्रह शतक १७०० यक सुदिवस बसंत ।
संवतसर शुभ अष्टम् १८३५ रच्यो ग्रन्थ श्रीमंत ॥

वार्ता-

जे मानवी शास्त्र में प्रवीन अध्यात्मज्ञानमैं निपुण परंत प्रबोध ते विमुख तिनके निमित्त कृष्णदत्त मिश्र या ग्रन्थ के बहाने अनुभव का प्रकास प्रकट करते हैं—

(इनके प्रत्येक श्लोक देकर उसका हिन्दी में पद्यानुवाद है-)

× × ×

अन्त-

निकसे स्वांगी सब बहिर पूरे ग्रन्थ बनाय ।
·········· आशिष दये राजा कौ सुखेपाय ॥६५॥
घासीराम सुत जुगतमणि भाखा रच्यौ बनाय ।
चूको होय कहूँ कछु देहु सुधर समुझाय ॥६६॥
जान राव राजा सरस गुनि जन के शिरताज ।
देग तेग ते बरन कर्यौ निष्कटंक बलराज ॥६७॥
महाराव जसवन्त अब तिनसुत करता राज ।
दिसि २ बरयो सुजस जिन बड़े गरीब निवाज ॥६८॥
महाराव जसवन्त की पहिले हुती निदेस ।
रचौ तिवारी नाटके रचौ न तामैं लेस ॥६९॥
सम्वत् अठारासै छत्तीस सुक सत्रह स ताग्क ।
कातिक वदि रवि पंचमी अब्द दिवारी लेख ॥१००॥
पूरण कीन्हों ग्रन्थ यह जानै उत्तिम ज्ञान ।
बांचै नासै मूढ़पन अन्त होय निर्वान ॥
मांगत घासीराम दछिना महाराव प्रभु पास ।
सुख सो चाहत हैं बसो विट्ठल प्रभु के पास ॥

समस्त गाथा ६४८ ।

इति श्री श्रीमंत महाराव जसवन्त विरचिते समश्लोकी भाषायां प्रबोध चन्द्रोदय नाटके उपनिबध देवा पर शास्त्र-संवाद वर्णनं नाम षष्टम अंक समाप्तः ॥

सं. १८३७ शाके १७८२ शर्वरी नाम सवत्सर प्रति पत्र ६०, पं. १२ अ. ३२ ।

[स्थान बृहद् ज्ञान भण्डार]

(६) कथा

(१) गणेशजी की कथा । हुलास

आदि-

संकट मरदन करौ गौरी सुत गणेश ।
विघ्न हरन अरु सुभ करन काटन सकल कलेश ॥
सुमति देह दुर्मति हरन काटन कठिन कलेश ।
सुरनर मुनि सुमिरत रहै प्रथम नाम गणेश ॥ १ ॥

दोहा

सुमिरन करि गणेस कौं हरि चरनन चित्त लाई ।
संकट चौथि महिमा सुनी, कथा कहौं समुझाई ॥

अंत-

दोहा

गण नायक की कथा यह संमे कीर्ती मद्धि बिलास ।
जथा बुद्धि भाषा रची जडमति दास हुलास ॥ ४२ ॥

इति श्री गणेशजी की.कथा संकट चौथि व्रत संपूर्ण ।

संवत १८८७ ना वर्षे महा मासे शुकल पखे द्वितीया तिथौ २ सनौ वासरे लि० मु० रंगजी ।

प्रति परिचय-पत्र१२ साइज ८॥ × ४॥ प्रति पृ० पं० प्रति पं० अ०

[राजस्थान पुरातत्व मंदिर, जयपुर]

(२) चित्रमुकट कहानी ।

चित्रमुकट की बात लिख्यते ।

चौपई-

नख गणपति के कहि जइये, प्रथम बीनती वनकी करिये ।
अलख निरंजन को है पारा, वा साहिब गुरु जानि हमारा ॥
वा कारन विधना संसारा, बहुत जन करि आप सवारा ।

दोहा-

दिन नहीं भारो दूजिये, गनपति गहिये बाह ।
अन्त आनन ही दीजिये, रखिये हिवरा मांह ॥

\+ × +

देखो प्रेम प्रीति की बानी, "चत्रमुकुट" की सुनु कहानी ।

\+ × +

अन्त-

देखो प्रेम प्रीति की बानी, चत्रमुकुट की सुन कहानी ।

दोहा-

प्रीति रीति बरनी कथा, तुके पुछै सोहि ।
प्रेम कहानी नांव धरि, प्रगट कीनी तोहि ॥२४०॥

चौपाई-

चत्रमुकट था राजकवारा, नग्र उजीनि में सब कुं प्यारा ।
अनुप नग्र की सोभा भारी, चन्द्र कन हे राजदुलारी ॥
जिनके बीचि बाह भव सही, जिनकी बानी लागै मीठी ।
विधना ऐसा जोड़ा बनाया, दोऊ मिल पन्छी जस आया ॥

दोहा-

साच-झूठ की गम नहीं, सुनी कर कियान ।
भूल-चूक कु सुध करो, ग्यानी चत्र सुजान ॥
दुख दिखाई फिर सुख दीया, ऐसा है करतार ।
नहंया निरमल चाहिये, साईं बुझै सार ॥

इति श्री प्रेम कहानी समाप्ता ।

सम्वत् १८७१ मिति श्रावण शु. ८ बुधवासरे । लिखतं चौथमलजी आत-मार्थम् । लिपिकृतं महात्मा फतेचन्द जैपुर मध्ये ।

प्रति-गुटकाकार पत्र ३०, पं. १७ अ. १६ साइज ८॥ × ६॥

[अनूप संस्कृत पुस्तकालय]

(३) छीताइवार्ता—रचयिता-नारायणदास ।

आदि-

प्रारंभ के ५ पत्र नहीं होने से त्रुटित है, छठे का प्रारंभ—

मध्य-

देहस्ति तुरंग, चलै हि जनि सुरतखान कै संग ।
नगर दुर्गपुर पाटण नगर रहिन सकै तुरकन के बघर ।
बहुत बात का कहौ बढाई, उतरे मीर देव गिर जाइ ।
धावइ तुरक देह महिधार, उबरै राउ दीह वरनारि ॥
सुवस कहौ जे गावौं गांव, तिनके खाज मिटाए ठाउ ।
हाकिन मिलाइ भीड ए आइ, कांधो टेकि तिह देहि कवाई ॥ ६३ ॥
प्रजा भागि साथ द्रिढ गई, देवगिर सुधि रामदेवलही ।
चित चिंता जब अपनी राइ, सब विसयाने लिए बुलाइ ॥ ६४ ॥

अन्त-

जिह दिन मिली कुअरि सुंदरी, ढोल समुदगढ पहुनी तीरी ।
चढि चकडाल छिताइ राइ, बावनि खबति करी तिहा आइ ।
साहु सुसरा आगइ जाइ, जानु वसंत रित फूली भाइ ।
छाजे छत्र नवतने कराई अनूप, अतिह आनंद भयौ सबभूप ॥
आगइ होइ राइ भगवानो, आगइ सुरसी कुंवर सुजानो ।
कौतिक लोग आए जहान, जो कुछु दस विदेस सुजान ॥
ठाई २ मंगल गावइ नारि, रहइ चतुर सुनि बात विचारी ।
ठाई २ तरुणी नाचई काल, ठाई २ निरत करइ भूआल ॥

देखत सुरनर मोहै हीइ, अइसी भांति दान बहु दीई ॥
धरि २ आयो सुंरसी राइ, नराइणदास कहै उछाहि ॥

इति छिताइवार्ता समाप्ता ।

ले-संवत १६४७ वर्षे माधवदि ६ दिने लिखतं चेला करमसी साहरामजी पठनार्थं ।

प्रति-गुटकाकार साइज १०॥ × ६॥ पत्र ६ से ३६,

पं० १७, अ० ४०, स्थान-बृहद् ज्ञान भंडार बीकानेर वि० पत्रांक ६४ के बाद अंक नहीं दिये । बीच में पत्रांक नहीं दिये पत्रांक १३,१६, १७, नहीं पत्रांक २६ एक तरफ ही लिखित ।

(४) नंद बहुतरी (दोहा ७३), रचयिता-जसराज (जिनहर्ष) सं० १७१४ कार्ती... वील्हावास'

आदि-

सबे नयर सिरि सेहरो, पुर पाडली प्रसिद्ध ।
गढ मढ मंदिर सपत भुंइ, सुसर भरी समृद्ध ॥
सूर बीर मारण अटल, अरियण कंद निकंद ।
राजत है राजा तहां, नंदराइ आनंद ॥
तासु प्रधान प्रधान गुण, बीरोचन बरीयाम ।
एक दिवस राजा चल्यौ, ख्याल करण आराम ॥ ३ ॥
कटक सुभट परिवार स्यौं, चल्यौ राइ सर पाल ।
वस्त्र देखि तहां सूकतै, ऊभौ रह्यो भंझाल ॥ ४ ॥
इक सारी तिहि वीचि धरी, भमर करत गुंजार ।
नृप चिंतैया पहिरि है, साइ पदमणि नारि ॥ ५ ॥
× × × × × ×

अंत-

खुसी भयो नृप सुणत ही, बहुत बधारूं तुज्झ ।
सामि धरमी तुं खरो, साचो सेवक मुज्झ ॥ ७० ॥
ताहि दीयो परधान पद, बाजी रही सुठाइ ।
अरि मरदन मान्यो बहुत, प्राक्रम अंग उछाह ॥ ७१ ॥

पुन्य पसाये सुख लह्यौ, सीधा वंछित काज ।
कीनी नंद बहुरी, संपूरण जसराज ॥ ७२ ॥
सतरैसै चवदोतरै, काती मास उदार ।
की जसराज बहुतरी, बील्हावास मझार ॥ ७३ ॥

इति श्री नंद बहुतरी दूहा बंध वारता समापता ।

पत्र २, पं० १६, अक्षर ५०,

[अभय जैन ग्रंथालय]

(५) माधव चरित्र । र. जगन्नाथ । सं. १७४४ । जेसलमेर ।

आदि-

॥६॥ श्रीगोपालजी सत्य छैजी ॥ श्रीगुणेशायनमः ॥
अथ माधव चरित्र री वात लिखते ॥

कवित्त-

मुगट शीश जगमगत, चपल कुंडल दग चंचल ।
वेणुनाद मुखवाद, माल वधि आइ निरम्मल ॥
कटि काछिन तन खोर, दोर पग नूपुर रुमझुम ।
गुन्जहार बनमार, पीत दामिनी जानौं तन घन ॥
सिंगार विविध शोभित शुभग, राधा हास विलासवर ।
गिरिराज धरन तारण सुजन, जगन्नाथ नित ध्यान धरि ॥ १ ॥

अन्त-

दूहा-

इहि माधव कामा चरित, विविध भेद रस हेर ।
हुइ हरखत जगन्नाथ कवि, कीनो जेसलमेर ॥ ५०६ ॥
जेसलमेर उतंग गढ़, पुर सुरपुर हि समान ।
तिनिमैं सब जग सुख बसै, ताकौं करौं बखांन ॥ ५१० ॥

कवित्त-

कन्चन बरन उतंग, वंक जानौं लंक विराजित ।
सुरज उरज अति भ्राज, भवन त्रय महिमा गाजत ॥

मधि कोठार भण्डार, विविध महिलाइत मंदिर ।
अति उतंग आवास, अजब चित्राम सु इंदिर ॥
ओपमा अमल राजित सरद, जांनौं सुरपुर लाजिहैं ।
जगन्नाथ कहै जेसांणगढ़, तहां अमरेस विराजि हैं ॥ ५११ ॥

दूहा—

तहां राजै रावल अमर, वंस रूप छटत्रीस ।
करन जिसो दाता सुकृत, तेज जिसो दिन ईस ॥ ५१२ ॥
स्याग त्याग वडभाग जस, ओपम नृमल सुरेस ।
सब गुन कौं चाहक सरस, कहीयत अमर नरेस ॥ ५१३ ॥
पाट कुंअर अमरेस के, जसवन्तसंघ सुजाव ।
गुनी बहुत आदर लहै, चातुर मौज सुभाव ॥ ५१४ ॥
रावलजी के राज मौं, सब जन सुखी उलास ।
ग्यांन चातुरी भेद रस, सदा रहत चित हास ॥ ५१५ ॥
तिनकी छाया वसत है, जोसी कवि जगन्नाथ ।
लिखत पढत नित हरख नित, गहति गुनन की गाथ ॥ ५१६ ॥
देत अमर आदर सदा, रीझ मौज दातार ।
ताहि मया तें चित हरख, कीनौं ग्रन्थ विचारि ॥ ५१७ ॥
सरस छंद भाखा सुगम, कांयौ बहुत गुनगाथ ।
द्विज माधव कांमा चरित, रच्यौ सुकवि जगन्नाथ ॥ ५१८ ॥
सम्वत् सतरै से बरस, बीते चउतारीस ।
जेठ शुकल पूनिमि दिवसी, रच्यौ वारि दिन ईस ॥ ५१९ ॥
ता दिन यह पूरन करयौ, माधव चरित अनूप ।
रच्यौ ज भाखा सरस रस, सुनि सुनि रीझत भूप ॥ ५२० ॥
यह माधव कामा चरित, सीखै सुनै ज कोई ।
ताहि कौं हरिहर अमर, मदन प्रसन नित होइ ॥ ५२१ ॥

इति श्री माधव चरित कथा जोसी जगन्नाथ कृत सम्पूर्णं ॥ सम्वत् १८१६ भाद्रवा सुदी १३ दिने लिखितं ।

स्वेताम्बरी पं. भगवान सागरेण, माहेसरी वशे बीसांणी सा ।
जसकरण पुत्र सुखराम वाचनार्थे: ॥ श्री जैशलमेर मध्ये ॥
रावलजी श्री अखैसिंघजी कुंअर श्री मूलराजजी राज्यात् ।
शुभं भवतु: कल्याण मस्तु लेखक पाठकयो चिरंजीयात् ॥ श्री ॥

मूल प्रति जैसलमेर डुंगरसी भण्डार भंडार ।

[प्रतिलिपि सादूंल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट]

(७) शिव व्याह । पद्य ३७३ । कर्ता भुजनरेश महाराउ लषपति सं० १८१७ सावण सुदी ५

आदि-

एक रदन आनंदघर, दुखहर शिवसुत देव ।
प्रांजलि लषपति पैं कृपा, निजरि करहु नितमेव ॥ १ ॥
शिवरानी जानीं जगत, बरनत हौं तुव व्याह ।
सेवक लषपति के सदा, अविचल करि उछाह ॥ २ ॥
महिमानी माता तुम्हीं, बखानो बरबीर ।
भवा भवानी भारती, रक्षा कर लषधीर ॥ ३ ॥
भुव धरिनी करनी भई, शिव धरिनी सुषदाय ।
हरिनी दुषकी हौ सदा, पूजित सुरनर पाय ॥ ४ ॥
मेरे मन मांही सदा, बसौ ईसुरी बास ।
लषपति सेवक सुदिग लषी अषिल सफल करि आस ॥ ५ ॥

अंत-

इह प्रकार जग ईस जोग तजि भोग सुभीनौ ।
नेम छांडि छांडि वन मांझि नौंच नारी पैं कीन्हौ ।
चंचल द्रिगकरि चित्त चतुर सबरीकौं चाही ।
ब्रह्म आदि सुर संग आय उमया कौं व्याही ।
आनन्द भयौ अंग अंग अति, भुवन तीन संतिति भरन ।
किरतार सदा लष धीर के सफल मनोरथ सुषकरन ॥७१॥

सुनैं पढ़ैं सुग्यानवर, सुभ यह शिवको ब्याह ।
सकल मनोरथ सिद्धि कर, प्रबल होहिं उछाहु ॥७२॥
संवत ठारह सैं उपरि सत्रह वर्ष सुजान ।
सावन सित पाँचैं सु कर पूरन ग्रन्थ प्रमान ॥७३॥

इति श्री मन्महाराउ लषपति विरचित सदा शिव ब्याह संपूर्णं ॥

संवत् १८५७ ना वर्षे शाके १७२२ प्रवर्त्तमाने श्री माघ मासे कृष्ण पक्षे ११ एकादशी तीथौ चन्द्र वासरे लिषितं पं०। श्री १०८ श्री विनित कुशलगणि तत् शिष्य श्री श्रीज्ञानकुशलगणि लिपीतं तत् शिष्य पं०। कुअरजी वाचनार्थं लीषित श्री भुज नगरे लीषितं ॥

पत्र संख्या ३३ । प्रति-साइज ११ × ५। पंक्ति ११ । अक्षर ३० ।

[राजस्थान पुरातत्त्व मंदिर जयपुर]

(७) ऐतिहासिक काम

(१) **कामोद्दीनपन– पद्य १७७** । रचयिता–ज्ञानसार । रचनाकाल–सम्वत् १८५६ वैशाख सुदी ३ जयपुर ।

आदि–

तारिन में चन्द जैसे ग्रहगन दिनन्द तैसे, मणिनि में मणिंद त्यों गिरिन गिरिन्द यू ।
सुर में सुरिंद महाराज राज वृन्दहू में, माधवेश नन्द सुख सुरतरु सुकन्द यू ॥
अरि करि करिंद भूम भार को फणिंद मनो जगत को, वंद सूर तेज तें मंद यू ।
आशय समन्द इन्दु सो मुन्द ज्याको मदन कर गोविन्द प्रतपै प्रताप नर इन्द यू ॥

अन्त–

ग्रन्थ करो षट रस भरो, बरनन मदन अखण्ड ।
